सुप्रभात
रांची, बुधवार
22.05.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024 — सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net वैशाख, शुक्ल पक्ष, चर्तुदशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 307

12 बंगाल में मिथुन चक्रवती के रोड शो पर हमला, बोतलें फेंकी

## न्यूज डायरी

### आलमगीर आलम की आज कोर्ट में होगी पेशी

**रांची।** ठेकों में कमीशनखोरी की राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में गिरफ्तार सूबे के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से ईडी की पूछताछ जारी है। ईडी छह दिनों की पुलिस रिमांड पर लेकर 17 मई से पूछताछ कर रही है, जो 22 मई को पूरी हो रही है। कोर्ट के आदेश के तहत उनको बुधवार को कोर्ट में पेश किया जायेगा।

### ट्रैक्टर से दब कर मालिक की मौत

**लोहरदगा।** कैरो थाना क्षेत्र के सढ़ाबे निवासी अवध साहू की मंगलवार को ट्रैक्टर से दबकर मौत हो गयी। वह खुद ट्रॅक्टर से अपने गांव सढ़ाबे लौट रहे। महुवरी गांव के आगे महुवरी पहाड़ी से पहले ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खेत में जाकर पलट गयी।

### करंट लगने से आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चे की मौत

**कोडरमा।** पूरनानगर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में करंट लगने से एक बच्चे की मौत हो गयी। मृतक की पहचान गोलू कुमार (8 ) के रूप में हुई है। केंद्र में गेट के पास लाइन का तार गया हुआ है, तार कटा रहने के कारण गेट में करंट आ गया। इसी दौरान गेट से बच्चे को करंट लग जाने से उसकी मौत हो गयी। शव को आंगनबाड़ी केंद्र के पास रखकर ग्रामीण लापरवाही को लेकर हंगामा करने लगे। सहायिका, सेविका पर लापरवाही का आरोप लगाया।

### आज असम के सीएम की बोकारो व सारठ में सभा

**रांची।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व सरमा 22 को धनबाद और दुमका लोकसभा क्षेत्रों में तीन जनसभाओं को संबोधित करेंगे। वे 11:30 बजे धनबाद के बोकारो के चंदनक्यारी मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा वे देवघर जिले के सारठ स्थित कुकराहा प्लस टू उच्च विद्यालय मैदान में जनसभा करेंगे।

गहना आभूषण
सोना (बिक्री) : 70100 रु./10 ग्राम
चांदी : 95000 रु./प्रति किलो




## जमशेदपुर में चंपई, कल्पना भाजपा पर बरसे, केजरीवाल बोले- 4 के बाद मोदी नहीं रहेंगे पीएम

# आदिवासियों से नफरत, पार्टी चोर हैं मोदी

**दिल्ली सीएम ने कहा**

**25 मई, देश से भाजपा गयी**
**हेमंत जेल से बाहर आयेंगे**
**कल्पना को बताया झांसी की रानी**

विशेष संवाददाता



**जमशेदपुर।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने पीएम मोदी पर यहां जोरदार हमला किया। उन्होंने साफ कहा कि 4 जून का रिजल्ट जब आयेगा तब मोदी पीएम नहीं होंगे। गठबंधन से कोई नेता प्रधानमंत्री बनेगा, यह बात तय है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी एक पार्टी चोर नेता हैं, उन्हें गरीबों और आदिवासियों से बहुत ही नफरत है। वे लोकतांत्रिक तरीके से चुने गये विपक्ष से आने वाले सीएम को बिना किसी अदालत आदेश की जेल में डाल रहे हैं। उनकी बात नहीं मानने पर यह कदम उठाते हैं। झारखंड के युवा सीएम हेमंत का उदाहरण आपके सामने है। मोदी का मकसद विरोधी पार्टियों के विधायकों को खरीदना और वहां पर भाजपा सरकार बनाना होता है। श्री केजरीवाल मंगलवार को जमशेदपुर में इंडिया गठबंधन समर्थित झामुमो प्रत्याशी समीर महंती के पक्ष में गोपाल मैदान में जन सभा को संबोधित कर रे थे। सभा को सीएम चंपई समेत कल्पना और कई अन्य नेताओं ने संबोधित किया। (शेष पेज 11 पर)

### मोदी ने आदिवासियों का किया अपमान : सीएम

सीएम चंपाई सोरेन ने भाजपा और पीएम मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने झारखंड के विकास के लिए कोई काम नहीं किया। पीएम ने झारखंड के आदिवासियों और मजदूरों का अपमान किया है। सीएम ने कहा कि मोदी ने जो भी वादे किये थे, सब जुमला निकला। हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद भाजपा निजीकरण, ठेकेदारी प्रथा और आउटसोर्सिंग को बढ़ावा दे रही है। यदि भाजपा की जीत हुई तो किसी को अस्थायी नौकरी नहीं मिलेगी। सीएम ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र खत्म कर पूरे देश में तानाशाही राज चलाना चाहती है। लोकतंत्र को बचाने के लिए पूर्वजों ने लड़ाई लड़ी है। केजरीवाल जैसे ईमानदार नेता को बेवजह गिरफ्तार कर लिया गया। केंद्रीय एजेंसियां इनके इशारे पर काम कर रही हैं।

### हेमंत झुकनेवाले नहीं हैं : कल्पना

जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि देश, देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाना है तो हमें हर हाल में इंडिया गठबंधन को जीतना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा और मोदी ने हेमंत जी को इसलिए जेल में डाल दिया है कि वो चुनाव प्रचार नहीं कर सकें और दबाव में झुक जायें। झारखंड न तो झुका है, और इंडिया रुकेगा। हम दिल ली आ रहे हैं। जनसभा को आप सांसद संजय सिंह ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश संविधान से चलेगा न कि मोदी के फरमान से। मोदी बोल रहे हैं कि अबकी बार 400 पार जब कि जनता बोल रही है, अबकी बार तड़ी पार।

# 20 लाख करोड़ के घोटालेबाज गठबंधन में एक साथ : मोदी

## देश-राज्य को लूटनेवाले भारत को आगे नहीं ले जा सकते

खबर मन्त्र ब्यूरो



**पटना।** पीएम मोदी ने यहां इंडी गठबंधन पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार का पता है यह गठबंधन। इनके नेताओं में तीन बातें एक जैसी हैं। सांप्रदायिक, जातिवाद और परिवारवाद। उन्होंने कहा कि गठबंधन में 20 लाख करोड़ के घोटालेबाज एक साथ हैं। ये लोग अपने बेटे बेटी के सिवा किसी के लिए कुछ करना ही नहीं जानते हैं। ये वे लोग हैं जिनकी सरकारों में देश सांप्रदायिकता की आग में जला, ये लोग हैं जिन्होंने सालों तक देश को जातिवाद में पिछड़ों का हक मारा है। ये लोग अपने फायदे के लिए देश भी बांट सकते हैं ।ये देश का खजाना लूटते हैं। ऐसे लोग देश को आगे नहीं ले जा सकते। पीएम मोदी मंगलवार को बिहार के मोतिहारी और महाराजगंज लोकसभा क्षेत्रों में भाजपा उम्मीदवारों राधामोहन सिंह और जनार्दन सिंह सिग्रीवाल के पक्ष में चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी का भारत, इंडी गठबंधन के पापों के साथ नही बढ़ सकता। मोदी ने कहा कि चुनाव के पहले चरण में ही गठबंधन पस्त हो गया था। बाद के तीन चरणों में तो पूरी तरह परास्त हो गया। (शेष पेज 11 पर)

### राज्य में दो दिनों तक वर्षा- वज्रपात संभव

**रांची।** दो दिनों तक झारखंड के मौसम का मिजाज बदला सा रहेगा। कई जिले में बारिश और वज्रपात हो सकती है, जिससे तापमान में कमी आयेगी। इसे देखते हुए मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। उत्तर पश्चिम यूपी से लेकर दक्षिण बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल तक विस्तारित साइक्लोनिक सकुर्लेशन टर्फ लाइन और बंगाल की खाड़ी में बनने वाले निम्न दवाब क्षेत्र की वजह से मौसम पर असर पड़ रहा है। 22 मई को राज्य के 20 जिलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा के झोंके चलने, हल्के से मध्यम दर्जे के मेघगर्जन के साथ वज्रपात की आशंका है। वहीं 23 मई को हवा के झोंके की रफ्तार थोड़ी कम 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे हो सकती है। चार जिलों पलामू, गढ़वा, चतरा और लातेहार जिले में मौसम सामान्य रहेगा।

## बोकारो में झामुमो-कांग्रेस पर बरसे राजनाथ, कहा

# भ्रष्टाचार व परिवार से ऊपर उठें देश-राज्य हित में भी कुछ करें

खबर मन्त्र टीम



**बोकारो, धनबाद।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त कांग्रेस और झामुमो सिर्फ सिर्फ अपने और अपने परिवार के लिए राजनीति करती है। उन्होंने पूछा ऐसे दलों के नेताओं देश चल सकता है क्या। उन्होंने इंडी गठबंधन के नेताओं से अपील की कि वे देश के लिए भी कुछ करें, सिर्फ अपने और परिवार की राजनीति से उपर उठें।

श्री सिंह ने झामुमो सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार पर करारा वार करते हुए उन्होंने बताया की इडी और सीबीआइ ने पीएम मोदी के कार्यकाल में अवैध कमाई का एक लाख करोड़ जब्त किया है। भाजपा सरकार भ्रष्टाचार की प्रबल विरोधी है, किसी को लूट की छूट मोदी सरकार देनेवाली नहीं है। रक्षा मंत्री मंगलवार को बोकारो में भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के समर्थन में चुनावी सभा में बोल रहे थे। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, धनबाद भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू समेत कई नेता मौजूद थे।

**ढुल्लू से खफा हैं, तो मोदी को वोट करें :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रत्याशी ढुल्लू महतो बहुत मंझे खिलाड़ी हैं। मैं इतने दिन से राजनीति करता हूं कि पूरी कुंडली खोल देंगे। (शेष पेज 11 पर)

# हेमंत की अंतरिम जमानत पर अब आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**नयी दिल्ली।** लैंड स्कैम के जरिये मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की अंतरिम जमानत याचिका पर बुधवार फिर सुनवाई होगी। मंगलवार को करीब एक घंटे से ज्यादा चली बहस के बाद शीर्ष अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 22 की तारीख मुकर्रर कर दी। बहस के दौरान हेमंत सोरेन की ओर से वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने अंतरिम जमानत दिये जाने के पक्ष में कई दलीलें पेश की। इडी के अधिवक्ता ने इसका पुरजोर विरोध किया। हेमंत सोरेन की एसएलपी (स्पेशल लीव पिटीशन) पर सुप्रीम कोर्ट की वेकेशन बेंच में सुनवाई हुई। पिछली सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने इडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था।

**हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती :** दरअसल हेमंत ने झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटायाहै। हेमंत सोरेन ने शीर्ष अदालत में एसएलपी दाखिल कर झारखंड हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दी थी। (शेष पेज 11 पर)

# जीएसटी कंप्सेसन में केंद्र ने झारखंड को फिर ठगा

## सिर्फ 165.63 करोड़ दिये, गत वर्ष से 1900 करोड़ कम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जीएसटी कंप्नसेसन में केंद्र ने झारखंड सरकार को एक बार फिर छला है। पिछले साल की तुलना में इस साल झारखंड को केंद्र से जीएसटी कंप्सेसन के रूप में सिर्फ 165.63 करोड़ रुपये ही दिये। 2023 में झारखंड सरकार को जीएसटी कंप्सेसन के रूप में 2064.63 करोड़ मिले थे। इस हिसाब से पिछले साल की तुलना में झारखंड सरकार को लगभग 1900 करोड़ रुपए कम मिले।



**वैट से मिलने वाले राजस्व वसूली में भी पीछे :** झारखंड सरकार वैट से मिलने वाले राजस्व वसूली में भी पीछे रहा। झारखंड सरकार ने वैट से 8700 करोड़ रुपए राजस्व वसूली का लक्ष्य रखा था। इसके एवज में राज्य सरकार को वैट से 6938.20 करोड़ रुपए ही राजस्व मिल पाया, जबकि 2023 में झारखंड सरकार को वैट से 6285.80 करोड़ रुपए राजस्व की प्राप्ति हुई थी। इस हिसाब से वैट में राजस्व वसूली का ग्रोथ 10.38 फीसदी रहा।

**जीएसटी कलेक्शन में सिर्फ 12.28 फीसदी का ग्रोथ :** राज्य सरकार का जीएसटी कलेक्शन में सिर्फ 12.28 फीसदी का ही ग्रोथ रहा। 2023 में राज्य सरकार को जीएसटी से 7506.07 करोड़ रुपए मिले थे। वहीं वर्ष 2024 में जीएसटी से 8427.97 करोड़ रुपए राजस्व की प्राप्ति हुई, जबकि 10 हजार करोड़ रुपए जीएसटी से राजस्व वसूली का लक्ष्य रखा गया था।

चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024
सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड का कार्यालय,
निर्वाचन सदन, सेक्टर-2, धुर्वा, राँची-834004
E-mail : ceocomputercell1@gmail.com
आम सूचना
कोई मतदाता न छूटे
लोकसभा आम निर्वाचन - 2024
छठा चरण
मतदान की तिथि - 25 मई, 2024
Making Elections Accessible

लोकसभा आम निर्वाचन - 2024 के अवसर पर निर्वाचन प्रक्रिया पर निगरानी रखने एवं पर्यवेक्षण कार्य हेतु 06 - गिरिडीह, 07 - धनबाद, 08 - राँची, 09 - जमशेदपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के स्तर से नियुक्त सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक की विवरणी निम्न प्रकार से है :-

| क्रम सं0 | संसदीय निर्वाचन क्षेत्र | सामान्य प्रेक्षक का नाम एवं मोबाइल नम्बर | पुलिस प्रेक्षक का नाम एवं मोबाइल नम्बर | व्यय प्रेक्षक क नाम एवं मोबाइल नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 06 - गिरिडीह | Arun Mahesh Babu Mob.: 9031832024 | Mohit Chawla Mob.: 9031082024 | Arjun Lal Jat Mob.: 9031632024 |
| 2. | 07 - धनबाद | K. Thavaseelam Mob.: 9229627347 | Mohit Chawla Mob.: 9031082024 | Anand Kumar - 9229601717 36-Bokaro, 37-Chandankiyari (SC) AC<br>Nikhil Goyal -9229582515 38-Sindari, 39-Nirsa, 40-Dhanbad, 41-Jharia AC |
| 3. | 08 - राँची | D. S. Ramesh Mob.: 9304079071 | Dr. Jalindar D. Supekar Mob.: 9304670762 | Virendra Kumar Singh Mob.: 9304657362 |
| 4. | 09 - जमशेदपुर | Killu Siva Kumar Naidu Mob.: 9431748099 | Dr. Jalindar D. Supekar Mob.: 9304670762 | S.P.G Mudaliar - 9431903880 44-Baharagora, 45-Ghatshila (ST), 46-Potka (ST) AC<br>Ish Gupta - 9431910441 47-Jugsalai (SC), 48-Jamshedpur East, 49-Jamshedpur West AC |

06 - गिरिडीह, 07 - धनबाद, 08 - राँची, 09 - जमशेदपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के सभी मतदाता, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं प्रत्याशी लोकसभा आम निर्वाचन - 2024 के दौरान चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी किसी भी प्रकार की शिकायत/सुझाव के संबंध में आवश्यकतानुसार संबंधित प्रेक्षकों से संपर्क कर सकते हैं।

वोटर्स हेल्पलाईन (टॉलफ्री) - 1950 / 1800-331-1950

बेहतर सुविधा और अधिक जानकारी के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मोबाइल एप्प को डाउनलोड करें
Voter Helpline | cVIGIL | Saksham-ECI | KYC-ECI

(के0 रवि कुमार)
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड
PRNO 325021 (Election) 24-25
इस बार दिन भर मतदान सुबह 07 से 05 बजे शाम।

## भाजपा ने इंडी गठबंधन पर बोला बड़ा हमला

# इंडी गठबंधन कर रहा संविधान बचाने का नाटक : प्रतुल शाहदेव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि कैबिनेट से पारित अध्यादेश को सार्वजनिक रूप से फाड़ने वाले राहुल गांधी अब संविधान बचाने का नाटक कर रहे हैं। श्री शाहदेव मंगलवार को पार्टी के मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 2013-14 में कांग्रेस की यूपीए सरकार के आउटकम बजट में स्पष्ट रूप से 15 प्रतिशत राशि अल्पसंख्यकों के लिए खर्च करने का उल्लेख था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने सहयोगी सीपीएम के धारा 370, सीएए, पीएमएलए और



परमाणु हथियारों को खत्म करने के ऐलान के मुद्दे पर खामोश क्यों है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग संविधान बचाने की बात कह कर घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि संविधान का पहला संशोधन 1951 में जवाहर लाल नेहरू ने किया था जब वह अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री थे। अभिव्यक्ति की आजादी पर कई पाबंदियां लगाई थी। उन्होंने कहा कि 1975 में जब राज नारायण मामले में इंदिरा गांधी मुकदमा हार गईं तो उन्होंने पूरे संविधान को ही सस्पेंड कर देश में आपातकाल लगा दिया। 1976 में 42वें संशोधन के जरिये इंदिरा गांधी ने संविधान का सबसे बड़ा परिवर्तन किया था। इसमें 20 प्रतिशत संविधान को बदल दिया गया। राज्य सरकार, सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट की शक्तियों को कम करके पीएमओ में दे दिया।

उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने 1986 में शाहबानो मामले में सिर्फ मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को बदलते हुये संविधान की मूल भावना के विपरीत अदालत के निर्णय को पलटवा दिया। राजीव गांधी ने 1988 में मानहानि विधायक लाकर प्रेस पर अंकुश लगाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उनके सहयोगियों को देश के संविधान पर भरोसा ही नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का मूल मंत्र है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास। कांग्रेस के लिए अल्पसंख्यक का अर्थ सिर्फ मुस्लिम होता है। अगर जैन, बौद्ध, पारसी और क्रिश्चियन भी उनके अल्पसंख्यक में आते तो यह सीएए का विरोध नहीं करते। मौके पर तारीक इमरान भी थे।

# भाजपा संविधान में बदलाव कर पूरी चुनाव प्रणाली को करना चाहती है समाप्त: सोनाल

**कांग्रेस हमेशा संविधान की रक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित है और वह किसी भी स्थिति में संविधान में बदलाव की भाजपा की नियत को पूरा नहीं होने देगी**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा पर पलटवार करते हुए प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा है कि संविधान में बदलाव कर भाजपा देश से चुनाव प्रणाली को समाप्त करना चाहती है। कांग्रेस हमेशा संविधान की रक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित है और वह किसी भी स्थिति में संविधान में बदलाव की भाजपा की नियत को पूरा नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि अगर 2013 में राहुल गांधी ने जिस अध्यादेश का विरोध किया था वह अध्यादेश लागू हो गया होता तो आज सजा पाए लोग भी चुनाव लड़कर संसद में पहुंच रहे होते। राहुल गांधी ने इस परंपरा को आगे बढ़ने से रोका और मिसाल कायम की। श्री शांति ने कहा कि समय-समय पर देश में बदलाव की सुनामी चलती है और भाजपा इस बार की सुनामी में बहने वाली है। यही कारण है कि भाजपा की मंशा को भापकर कांग्रेस ने जनता को सच्चाई से अवगत कराने का काम किया जिससे जनता का भाजपा से मोह भंग हो चुका है और चुनाव के पांच चरणों में उनकी हार लक्षित हो रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में संविधान का निर्माण किया है जो भारत के हर नागरिक के लिए ग्रंथ के समान है।

श्री शांति ने कहा है कि भाजपा के नेतागण लगातार अपनी सभा में संविधान बदलने के लिए जनता से बहुमत मांग रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह कई बार अपनी सभाओं में इस ओर इशारा कर चुके हैं। नरेंद्र मोदी संविधान बदलकर देश में व्यक्तिवादी सत्ता प्रणाली लाना चाहते हैं। संविधान में जितने संशोधन कांग्रेस के कार्यकाल में किए गए हैं वह जनहित में लोगों के अधिकार क्षेत्र में वृद्धि के लिए और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए किए गए हैं। लेकिन बीजेपी संविधान के मूल प्रस्तावना के साथ-साथ पूरे संविधान को ही बदलकर आरएसएस के नागपुर मुख्यालय में लिखित संविधान लागू करना चाहती है।

## जयंत सिन्हा और राज सिन्हा को शो कॉज देना भाजपा की भूल: मनीष

**रांची।** सवर्ण समाज के संयोजक मनीष सिंह ने कहा है कि विधायक राज सिंहा व सांसद जयंत सिंहा के विरूद्ध शो कॉज करना भाजपा की बड़ी भूल है। उन्होंने कहा कि पार्टी महासचिव सह सांसद आदित्य साहू ने विधायक-सांसद के अलावा पांच मंडल अध्यक्षों के खिलाफ भी अनुशासनहीनता का नोटिस थमाया है। इसका खामियाजा उसे चुनाव में उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि एक झूठे आरोप पर सोच-विचार किये बिना यह निर्णय लिया गया है। ऐसे ही फैसलों के कारण भाजपा वैसे लोगों से दूर होती जा रही है, जिन्होंने इसकी बुनियाद रखी थी।

उन्होंने कहा कि भाजपा की इस कार्रवाई के बाद अगड़ी जातियों के साथ ही अन्य वैसे सभी लोगों में व्यापक असंतोष और नाराजगी है, जो भारतीय जनता पार्टी को सत्ता-शासन में लंबे समय तक देखना चाहते हैं।

# मतदान कक्ष के अंदर फोटो या वीडियो लेना अपराध : के. रवि

**हजारीबाग के एक मतदान कक्ष में मोबाइल से फोटो-वीडियो लेने संबंधी वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने का मामला आया**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान कक्ष का फोटो/वीडियो खींचना अपराध है। वोटिंग कम्पार्टमेंट का भी फोटो खींचना प्रतिबंधित है। यह बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने कही। वह मंगलवार को निर्वाचन सदन में पत्रकारों से बात कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि पांचवें चरण के मतदान के दौरान हजारीबाग के एक मतदान कक्ष में मोबाइल से एक व्यक्ति द्वारा फोटो/ वीडियो लेने संबंधी वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने का मामला आया है। संबंधित व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है।

पांचवें चरण को संपन्न मतदान की जानकारी देते हुए कहा कि चुनाव कराकर मतदान कर्मी सुरक्षित वापस पहुंच गए हैं। ईवीएम स्ट्रांग रूम में सील कर दिया गया है। सुरक्षा बलों का आगमन भी करीब-करीब हो चुका है। उन्होंने कहा कि पांचवें चरण का मतदान पूर्ण रूप से शांतिपूर्ण संपन्न हुआ है। छठे चरण का मतदान 25 मई 2024 को होना है। इसकी तैयारी भी अंतिम चरण में है। छठे चरण के मतदान में अधिक संख्या में शहरी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि पूरे परिवार के साथ मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

## भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या आज रांची में

**रांची में मोटरसाइकिल जुलूस में होंगे शामिल और जमशेदपुर में करेंगे जनसभा**


**रांची।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद तेजस्वी सूर्या 22 मई को रांची में मोटरसाइकिल जुलूस में शामिल होंगे। मोटरसाइकिल जुलूस बिरसा चौक से शुरू होगा। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी बालमुकुंद सहाय, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक भानु प्रताप शाही, लोकसभा प्रत्याशी संजय सेठ भी मौजूद रहेंगे। श्री सूर्या जमशेदपुर में दोपहर 1. 00 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी डॉक्टर प्रदीप वर्मा, लोकसभा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो, जमशेदपुर जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा, पश्चिम सिंहभूम जिला अध्यक्ष संजू पांडे भी उपस्थित रहेंगे। श्री सूर्या शाम 5 बजे से रांची के मोरहाबादी स्थित संगम गार्डन हॉल में आयोजित युवा सम्मेलन सभा में भी हिस्सा लेंगे।

## शिवराज सिंह चौहान आज रांची में करेंगे युवा सम्मेलन



रांची। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधवार को दोपहर 12. 00 बजे से धनबाद के झरिया के डिगवाडीह स्थित मानस मंदिर मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री चौहान दोपहर 2 बजे से गोड्डा जिले के मोहनपुर चौक से बसुआ चौक, भाया थाना गेट, केचुवा चौक, दुर्गा मंदिर तक आयोजित रोड सभा में हिस्सा लेंगे। श्री चौहान रांची के मोरहाबादी स्थित संगम गार्डन में शाम 5.00 बजे से आयोजित युवा सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी बालमुकुंद सहाय, प्रत्याशी संजय सेठ, रांची महानगर जिला अध्यक्ष वरुण साहू भी मौजूद रहेंगे।

## असम के सीएम डॉ हिमंत बिश्व सरमा आज धनबाद और दुमका में



**रांची।** असम के मुख्यमंत्री डॉक्टर हिमंत बिश्व सरमा 22 मई को धनबाद और दुमका लोकसभा में तीन जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री सरमा 11. 30 बजे धनबाद लोकसभा के बोकारो के चंदनक्यारी स्थित सिनेमा हॉल मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, लोकसभा प्रभारी सुरेश साहू, प्रत्याशी ढुल्लू महतो भी मौजूद रहेंगे। डॉ सरमा दुमका जिले के शिकारीपाड़ा के रामेश्वर स्थित रघुनाथपुर मैदान में 1.30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। मौके पर लोस प्रभारी राज पलिवार, प्रत्याशी सीता सोरेन भी मौजूद रहेंगे। वह देवघर जिले के सारठ स्थित कुकराहा प्लस टू उच्च विद्यालय मैदान में 3.00 बजे से जनसभा को संबोधित करेंगे।

## प्रियंका गांधी की गोड्डा एवं रांची चुनावी सभा आज, तैयारी पूरी

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी की बुधवार को रांची में हानेवाली चुनावी सभा की तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। सभा की सफलता के लिए जनता के साथ लगातार जनसंपर्क और बैठकों का दौर जारी है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि हाईटेंशन मैदान लोवाडीह नामकुम सभा स्थल का प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने दौरा कर जायजा लिया ताकि सभा में भाग लेने वाले नेताओं कार्यकर्ताओं एवं आम जनता को परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि चुनाव के प्रथम चरण से ही लोगों को प्रियंका गांधी द्वारा झारखंड में सभा करने की उम्मीद थी जो पूरी होने जा रही है। सोनाल शांति कहा कि देश की जनता कांग्रेस के हाथों में अपना भविष्य सुरक्षित मान रही है। भाजपा सरकार से 10 वर्षों से ठगी चली आ रही जनता अपनी भूल को दोहराना नहीं चाहती। युवाओं का राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पर भरोसा टिक चुका है।

## खबर एक नजर में

### तापस घोष की जमानत अर्जी खारिज

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बड़गाई अंचल से जुड़े 8.86 एकड़ जमीन घोटाले के मामले में जेल में बंद आरोपी कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के कर्मी तापस घोष को फिलहाल जेल में रहना पड़ेगा। पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने मंगलवार को उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी। तापस घोष ने 16 मई को जमानत याचिका दाखिल की थी।

### पंकज मिश्रा के मामले में कोर्ट में गवाही दर्ज

**रांची।** साहिबगंज जिले में अवैध खनन कर अवैध कमाई का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद पंकज मिश्रा एवं अन्य से जुड़े मामले में मंगलवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में गवाही दर्ज की गई। ईडी ने अपने 21 वें गवाह के रूप में साहिबगंज के तत्कालीन एसडीओ राहुलजी आनंद की गवाही दर्ज कराई। गवाह ने ईडी के चार्जशीट में पंकज मिश्रा पर लगे आरोप का समर्थन किया। गवाही पूरी होने के बाद बचाव पक्ष की ओर से जिरह किया गया। अगली गवाही की तारीख 29 मई को होगी।

### छविरंजन समेत नौ की बढ़ी हिरासत अवधि

**रांची।** बरियातू मौजा के सेना के कब्जेवाली 4 .55 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री में संलिप्त निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन समेत नौ आरोपियों की न्यायिक हिरासत की अवधि कोर्ट से दो सप्ताह के लिए बढ़ा दी है। इससे पूर्व ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में जेल में बंद आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख चार जून निर्धारित की है। मामले में छवि रंजन के साथ भानु प्रताप प्रसाद, प्रदीप बागची, अफसर अली, इम्तियाज अहमद, सद्दाम हुसैन, तल्हा खान, फैयाज अहमद एवं अमित अग्रवाल न्यायिक हिरासत में है।

### जेल भेजे गये संजीव लाल व जहांगीर

**रांची।** टेंडर कमीशन के 32 .30 करोड़ रुपये नकद बरामदगी मामले में मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव कुमार लाल एवं जहांगीर आलम से 14 दिनों की पूछताछ के बाद मंगलवार को पीएमएलए कोर्ट ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया गया। इससे पूर्व ईडी ने पुलिस रिमांड की अवधि पूरी होने के बाद शाम करीब 5 .30 बजे कांके रोड स्थित जज के आवासीय कार्यालय में पेश किया। जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया। ईडी ने तीन बार में कुल 14 दिनों तक पूछताछ की है। पुलिस रिमांड की अवधि 21 मई शाम छह बजे तक थी। पूछताछ के दौरान ईडी को कई अहम जानकारी हाथ लगी है।

# झारखंड में चुनाव बाद 12 शहरी निकायों में शुरू की जायेगी पेयजलापूर्ति योजना

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** गर्मी से झारखंड के लोग न सिर्फ परेशान हैं, बल्कि उन्हें पानी को लेकर भी परेशानी हो रही है। राजधानी रांची की स्थिति पेयजल को लेकर काफी खराब है। हर एक-दो दिनों में पेयजलापूर्ति ठप हो जा रही है। डैमों से पर्याप्त पानी की सप्लाई नहीं होने से कई इलाकों के लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। दूसरी ओर झारखंड के 12 शहरी निकायों में पेयजल आपूर्ति की नई योजना शुरू करने की तैयारी चल रही है। सूडा ने पेयजलापूर्ति की इन योजनाओं के लिए बीडिंग की प्रक्रिया शुरू कर दी है। चार जून के बाद इस पर काम प्रारंभ कराने की तैयार की जा रही है।

**5000 लीटर पानी तक कोई शुल्क नहीं लेने पर हो रहा विचार**

विभागीय सूत्रों का कहना है कि यह प्रयास चल रहा है कि 12 शहरों के आवासों में पहले 5000 लीटर पानी का कोई शुल्क न लिया जाये। इसके लिए प्रस्ताव तैयार कराकर सरकार से मंजूरी ली जायेगी। सभी नगर निकायों में सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में यह कदम उठाया गया है। एशिया विकास बैंक, विश्व बैंक और केंद्र की अम्रुत योजना की सहायता से शहरी निकायों में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए निःशुल्क वाटर कनेक्शन दिया जा रहा है। उच्च तकनीक के आधार पर काम किया जायेगा। ठेकेदारों की परेशानियों को भी दूर किया जायेगा। अम्रुत और एशिया विकास बैंक के सहायता से चलने वाली इस योजना में 3200 करोड़ से अधिक राशि खर्च होगी।

**इन निकायों में शुरू होगी योजना**

विश्व बैंक संपोषित योजना : कपाली - 3852 आवास, लोहरदगा -14300 आवास, गुमला में 12,200 आवास।

अमुत योजना से सहायतित : रेहला और विश्रामपुर - 10,271 आवास , बड़की सरैया- 4,913 आवास , महागामा- 8,206 आवास, धनवार -5,597 आवास, डोमचांच - 7,161 आवास, जामताड़ा - 7,860 आवास बंशीधरनगर - 8,549 आवास, छतरपुर एवं हरिहरगंज- 15,671 आवास और बड़हरवा - 7,095 आवास।

### पेयजलापूर्ति की सबसे खराब स्थिति राजधानी की

सरकार ने नये शहरों में तो पेयजलापूर्ति योजना की शुरूआत तो कर रही है, लेकिन राजधानी की स्थिति ही सबसे खराब है। रातू रोड, पिस्का मोड़ सहित कई बड़े इलाकों में दो दिनों से जलापूर्ति ठप है। लोग पानी खरीदकर पी रहे हैं। कई की बोरिंग भी फेल हो गयी है, ऐसे में पानी के लिए लोगों को काफी परेशानी हो रही है। निगम की ओर से पेयजलापूर्ति के लिए टैंकर भेजे जाते हैं पर यह नकाफी है। बुजूर्गों को भी काफी परेशानी हो रही है। बैंक कॉलोनी, विकास नगर, दयाल नगर सहित कई मुहल्ले को लोगों का कहना है कि गर्मी उनके संकट का कारण बनती है, हर बार सरकार का निर्बाध पानी आपूर्ति का दावा फेल होता है। अक्सर दो-तीन दिनों में पानी की आपूर्ति की जाती है, वह भी मुश्किल से दस से पंद्रह मिनट तक। लोगों का कहना है कि अविलंब पेयजलापूर्ति सुनिश्चित हो। इसपर सरकार को काम करना चाहिए।

# एमपी-एमएलए कोर्ट से राहुल गांधी के खिलाफ समन जारी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के तत्कालीन अध्यक्ष अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़े मामले में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ एमपी-एमएलए अदालत ने समन जारी किया है। मंगलवार को एमपी-एमएलए मामले के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता के अधिवक्ता बिनोद कुमार साहू ने राहुल गांधी के खिलाफ समन जारी करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट से लगा स्टे खत्म हो चुका है। समन जारी किया जाये। अधिवक्ता के अनुरोध पर राहुल गांधी के खिलाफ समन जारी किया गया। साथ ही, अदालत में उपस्थिति के लिये 11 जून की तारीख निर्धारित की गई है। अदालत ने मामले में तीसरी बार राहुल गांधी को उपस्थिति के समन जारी किया है। साल 2018 में मामला दर्ज होने के बाद अदालत ने राहुल गांधी को समन जारी किया था। इसके बाद जनवरी 2023 में भी राहुल गांधी को समन जारी किया गया था।


यह मुकदमा भाजपा कार्यकर्ता नवीन झा ने 2018 को किया है। याचिका में कहा गया है कि कांग्रेस के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली में आयोजित अधिवेशन में भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। नवीन झा के मुताबिक इस दौरान राहुल ने कहा था कि भाजपा में ही अमित शाह जैसे व्यक्ति अध्यक्ष बन सकते हैं लेकिन कांग्रेस में ऐसा नहीं हो सकता।

### इरफान के खिलाफ अरगोड़ा थाना में शिकायत



**रांची।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में मंगलवार को अरगोड़ा थाना में कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि इरफान अंसारी ने अपने एक्स पर पोस्ट किया था कि नकली राम भक्तों ने मेरे असली राम को जेल में बंद कर दिया है। मेरी भाभी सीता मां दुर्गा के अवतार झारखंड में भाजपा को जला कर भस्म कर देगी। साथ में उनका हनुमान कदम से कदम मिला कर रावण की लंका को जला कर राख कर देगा। लोगों से अपील करते लिखा कि सीता मां के एक एक आंसू का बदला लें और राम जी को सही सलामत वापस लाएं। इरफान के इस प्रकार के बयान से आहत होकर भाजपा कार्यकर्ता महावीर सिंह ने इरफान अंसारी के खिलाफ शिकायत की है। उन्होंने अपने आवेदन में लिखा है कि इस बयान से वे आहत हैं और भारत देश के सनातन धर्म को मानने वालों को घोर आघात पहुंचा है।

## अपराधी के पक्ष में खड़ी भाजपा : सरयू राय



**रांची।** निर्दलीय विधायक सरयू राय धनबाद लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के खिलाफ लगातार आक्रामक हैं। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर कहा कि दुखद आश्चर्य कि जनसंघ के संस्थापक दीन दयाल का उद्धरण देने पर विधायक राज सिन्हा को प्रदेश भाजपा ने कार्रवाई का नोटिस दिया है। वहीं, पार्टी भाजपा के चाल, चरित्र, चेहरा पर अपराध और जमीन कब्जा का बदनुमा दाग लगाने वाले और चुनाव में सांसद विधायक को गरियाने वाले प्रत्याशी के पक्ष में खड़ी हो गयी है। सरयू राय ने ढुल्लू महतो का प्रचार करने बोकारो पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी गारंटी मांगी है। उन्होंने कहा कि बोकारो की सभा में राजनाथ सिंह गारंटी दें कि भाजपा के धनबाद प्रत्याशी ने लेढ़ीडुमर के राजपूतों, दरिदा-चिटाही के तेलियों, मुसलमानों व अन्य पिछड़ों ;सभी स्थानीय रैयत की, जो 200 एकड़ जमीन पर कब्जा कर लिया है। ऊंची चाहरदीवारी खड़ी करके घेर लिया है, उसे रैयतों को लौटा देंगे। अगर वह यह गारंटी नहीं देते हैं तो वोट ना मांगे। मालूम हो कि ढुल्लू महतो के पक्ष में प्रचार ना करने पर विधायक राज सिन्हा और सांसद जयंत सिन्हा को नोटिस किया गया है।

## जून में ट्रिपल टेस्ट कराने के निर्णय का ओबीसी मोर्चा ने किया स्वागत

**रांची।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद ने जून में मध्य प्रदेश की तर्ज पर राज्य में ट्रिपल टेस्ट करने का निर्णय लिया है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद सदस्य केशव महतो कमलेश, नंदकिशोर मेहता, लक्ष्मण यादव के प्रति आभार जताते हुए इस निर्णय का स्वागत किया है। मोर्चा के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा राज्य में ट्रिपल टेस्ट कराने के लिए काफी आंदोलन किए हैं। पांच दिवसीय धरना प्रदर्शन, मशाल जुलूस, आक्रोश मार्च, आक्रोश यात्रा, मंत्री, विधायकों का आवास घेराव, घंटा बजाओ नींद से जगाओ कार्यक्रम किया था। ट्रिपल टेस्ट के लिए राज्यपाल से भी मिलकर मोर्चा पदाधिकारियों ने गुहार लगाई थी। आयोग के द्वारा राज्य में जून में ट्रिपल टेस्ट करने की निर्णय से राज्य में होने वाले महानगर निगम, नगर निगम,नगर परिषद, नगर पालिका चुनाव में ओबीसी समुदाय का हक ( आरक्षण ) अब प्राप्त होगी। इसके लिए राज सरकार और राज पिछड़ा वर्ग आयोग को के प्रति राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा परिवार आभार जताता है। आभार जताने वालों में एसएन कुशवाहा, अजय मेहता, प्रमोद कुमार, राम लखन साहू, सुरेश ठाकुर अजय मेहता, राम लखन यादव आदि हैं।

## सुदेश महतो ने टुंडी में एनडीए की जनसभा में चंद्रप्रकाश चौधरी को विजयी बनाने का किया आह्वान, कहा

# महागठबंधन का सिर्फ नाम बदला है चरित्र वही

**उम्मीदों और आकांक्षाओं का सबसे विश्वसनीय प्रतीक नरेंद्र मोदी, एनडीए के 400 पार के लक्ष्य से विपक्ष परेशान**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची/धनबाद।** 'अबकी बार 400 पार' हमारा लक्ष्य और संकल्प है। हमारे इस लक्ष्य से विपक्ष परेशान है। महागठबंधन का सिर्फ नाम बदला है चरित्र नहीं। जब भी 400 पार की बात होती है तो जेएमएम-कांग्रेस के पसीने छूट जाते हैं। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए झारखंड की जनता अपने प्यार, आशीर्वाद, साथ व सहयोग से 13 फूल और 1 फल को दिल्ली भेजने का काम करेगी। उम्मीदों और आकांक्षाओं का सबसे विश्वसनीय प्रतीक नरेंद्र मोदी हैं। उक्त बातें आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने टुंडी उच्च विद्यालय मैदान, टुंडी में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन द्वारा गिरिडीह लोकसभा से एनडीए उम्मीदवार चंद्र प्रकाश चौधरी के समर्थन में आयोजित विशाल जनसभा में कही। इस दौरान झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत गठबंधन के कई नेता उपस्थित रहे।

सुदेश महतो ने कहा कि टुंडी की जनता ने पिछले लोकसभा चुनावों में अपना अपार प्यार एनडीए उम्मीदवार चंद्र प्रकाश चौधरी को दिया था। टुंडी की जनता पिछले बार से भी अधिक संख्या में अपना मत हमें देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों को मजबूत करने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि इन्होंने अपने गठबंधन का सिर्फ नाम बदला है चरित्र नहीं। तुष्टिकरण की राजनीति पहले भी इनकी पहचान थी और आज भी है। इनके पास विकास को लेकर कोई प्लान नहीं है। इस चुनाव में एक तरफ मोदी जी की गारंटी है तो दूसरी ओर कभी न पूरे हो पाने वाले झूठे वादे। अपने झूठे वादों से राज्य व राष्ट्र के मतदाताओं को भ्रमित कर रहे हैं इंडी गठबंधन के लोग।

सुदेश महतो ने कहा कि राजनेता अपने क्षेत्र में बेहतर शिक्षा के लिए सरकारी प्रयास करते हैं, वहीं मथुरा बाबू ने अपने और अपने परिवार के नाम पर निजी विद्यालय, महाविद्यालय खोल कर प्राइवेट प्रयास किया है। टुंडी की जनता आज कहती है कि मथुरा बाबू ने उनका वोट भी लिया और अब शिक्षा के नाम पर नोट भी ले रहे हैं। उनके निजी शिक्षण संस्थाओं में एक भी गरीब परिवार का बच्चा निःशुल्क पढ़ाई नहीं कर रहा है।

भाजपा झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने जनसभा में उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए गिरिडीह से एनडीए उम्मीदवार चंद्र प्रकाश चौधरी को जिताने और 400 पार के संकल्प को पूरा करते हुए नरेंद्र मोदी जी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जेएमएम और कांग्रेस करप्शन के सिवाय कुछ नहीं जानते। इन दोनों ने राज्य को लूटा है।

कार्यक्रम में आजसू पार्टी केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, महासचिव संजय रंजन, रविशंकर मौर्य, ज्योतिंद्र चौधरी, संतोष महतो, जितेंद्र सिंह, नेरू शांति भगत, नन्दू पटेल, नमन ठाकुर इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

सुप्रभात
बुधवार 22.05.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 32
epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ



प्रधानमंत्री के भाषणों से नौकरी, महंगाई, बेरोजगारी, अर्थव्यवस्था जैसे मुद्दे गायब

## यह चुनाव मतदाता और मोदी के बीच जनता की होगी जीत : सुखदेव भगत

खबर मन्त्र संवाददाता




**धनबाद।** इस बार लोकसभा चुनाव आम जनता और प्रधानमंत्री मोदी के बीच है। प्रधानमंत्री के मुद्दे गाय,गोबर और गोमूत्र हैं, लगता है कि वह देश नहीं, गोशाला चला रहे हैं। मोदी के भाषणों से युवाओं की नौकरी, महंगाई, बेरोजगारी, किसान, अर्थव्यवस्था जैसे मुद्दे गायब हैं। उक्त बातें कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में कही। वह कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के चुनाव प्रचार में धनबाद पहुंचे थे।

कांग्रेस नेता ने मोदी सरकार की नाकामी गिनाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की उम्र 75 साल हो गई है, फिर भी वह अपने लिए पांच साल और मांग रहे हैं। लेकिन युवाओं को अग्निवीर में नौकरी सिर्फ चार साल दे रहे हैं। यह कैसा न्याय है। उन्होंने कहा कि स्थायी नौकरी और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का काम सिर्फ कांग्रेस पार्टी कर सकती है। पिछले दस साल में सबसे ज्यादा युवा ही ठगे गये हैं। इसलिए अब वोट की चोट देने का समय आ गया है। युवा समझदार हैं, वे खुद फैसला लेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी देश नहीं चला रहे, बल्कि व्यापार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री जैसे पद पर रहकर विपक्ष के खिलाफ आए दिन अर्नगल बयानबाजी करते आ रहे हैं। इसके पहले देश में ऐसा प्रधानमंत्री नहीं हुआ, जिनके शब्द इतने निम्न स्तर के हों।

उन्होंने कहा कि धनबाद की कांग्रेस प्रत्याशी स्वच्छ छवि की हैं, जबकि भाजपा के उम्मीदवार ढुल्लू महतो की छवि जनता को परेशान करने वाली रही है। उनके खिलाफ न्यायालय में कई मुकदमे लंबित हैं। इसलिए भयमुक्त धनबाद के लिए, विकास के लिए कांग्रेस प्रत्याशी को चुनें। मौके पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, ब्रजेंद्र सिंह, शमशेर आलम आदि मौजूद थे।

## इलेक्शन व पोलिंग एजेंट को दिया गया प्रशिक्षण





खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर आज न्यू टाउन हॉल में इलेक्शन व पोलिंग एजेंट को प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण ने बताया कि मतदान के दिन पोलिंग एजेंट को प्रातः 5.30 बजे तक मतदान केंद्र में पहुंच जाना है। उन्होंने मॉक पोल करने, मॉक पोल के बाद सभी पर्चियों का मिलान कंट्रोल यूनिट से करने, कंट्रोल यूनिट के डाटा को डिलीट करने, सील पर तथा मॉक पोल प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने, मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल फोन नहीं ले जाने व ना ही धूम्रपान करने, मतदान केंद्र के 100 मीटर की परिधि में लागू निषेधाज्ञा का अनुपालन करने सहित अन्य बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया। वहीं अन्य मुख्य प्रशिक्षक राज कुमार वर्मा ने विभिन्न प्रपत्रों की जानकारी दी। प्रशिक्षण में विभिन्न दलों व निर्दलीय उम्मीदवारों के एजेंट के अलावा राहुल सिंह और श्री कौशिक भी उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

### राधा कथूरिया ने एम एड परीक्षा में 85 प्रतिशत अंक लाकर बढ़ाया मान



**धनबाद।** मारवाड़ी युवा मंच कोयलांचल शाखा की कोषाध्यक्ष और शाखा सदस्य प्रिंस कथूरिया की धर्मपत्नी राधा सांवरिया कथूरिया ने एम एड की परीक्षा में 85% अंकों के साथ पास कर पूरे मारवाड़ी समाज का मान बढ़ाया है। इस उपलब्धि पर राधा सांवरिया कथूरिया को साइनाथ यूनिवर्सिटी रांची के डायरेक्टर कमलेश चंद्र द्वारा सम्मानित किया गया।

### भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में चलाया गया जनसंपर्क अभियान



**कुमारधुबी।** धनबाद से भाजपा लोकसभा के प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में मंगलवार की दोपहर पार्टी के सभी कार्यकर्ता क्षेत्र में प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं। दारा बाउरी, प्रदीप बाउरी, आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष माधव चक्रवर्ती, बुलन बाउरी, संदीप यादव आदि ने चिरकुंडा के सुंदर नगर, डुमरकुंडा कापासारा, हाड़ी कुली, तातीकनाली, मोहुलडंगा में घर-घर जाकर स्थानीय लोगों से अपना बहुमूल्य वोट कमल छाप पर देने की अपील की।

### कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने कुमारधुबी में किया प्रचार

**कुमारधुबी।** गठबंधन प्रत्याशी अनुपमा सिंह मंगलवार को कुमारधुबी हॉस्पिटल पहुंची, जहां हॉस्पिटल के संचालक अमन सिंह व उनकी पत्नी व कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। तत्पश्चात रोड शो करते हुए शिवली बाड़ी, मैथन मोड़, कुमारधुबी होते हुए चिरकुंडा शहिद चौक तक पहुंची। अनुपमा सिंह ने कहा कि क्षेत्र में रोड शो के दौरान के अपार समर्थन मिल रहा है। पेयजल की संकट पर बोली कि प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाएं, ताकि पेयजल की समस्या का समाधान हो सके। मौके पर जीव सदस्य गुलाम कुरैशी, रंगबहादुर सिंह, सोनू सिंह, सोनू यादव, शांतनु सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## महिला ने अपार्टमेंट से कूदकर दे दी जान, पुलिस कर रही जांच

▸▸ घटना के बाद शास्त्री नगर में सनसनी, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** बैंक मोड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत शास्त्री नगर के अंबे विला अपार्टमेंट से मंगलवार की दोपहर एक महिला ने छत से कूदकर जान दे दी। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने बताया कि अपार्टमेंट की छत से एक महिला ने छलांग लगा दी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। है। स्थानीय लोगों ने बैंक मोड़ पुलिस को सूचना दे दी है। महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि महिला के हाव-भाव से उसकी मानसिक स्थिति सही नहीं लग रही थी। फिलहाल पुलिस मामले की जाच में जुट गई है और शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया गया है।

## इसीएल के तीन अधिकारी घूस लेते गिरफ्तार

▸▸ कोर्ट का तीन दिनों की सीबीआई हिरासत का आदेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** ईसीएल की राजमहल परियोजना में विस्थापित को उनकी जमीन का मुआवजा भुगतान करने के लिए रिश्वत लेते रंगे हाथ धाराए ईसीएल के तीन अधिकारियों को धनबाद सीबीआई की टीम ने मंगलवार को राजमहल परियोजना के चीफ मैनेजर परमेश्वर यादव, डिप्टी मैनेजर सिविल विपिन कुमार और सहायक राजस्व निरीक्षक पवन महतो को सीबीआई के प्रभारी विशेष न्यायाधीश डी सी अवस्थी की अदालत में पेश किया गया। सीबीआई ने तीनो आरोपियों की चार दिनों की सीबीआई हिरासत पर देने की याचना की। जिसका विरोध एलएडीसीएस के चीफ कुमार विमलेंदु ने किया। उभय पक्ष को सुनने के बाद अदालत ने तीनो आरोपियों को चार दिनों के सीबीआई हिरासत में देने का आदेश दिया है। सोमवार को सीबीआई ने तीनो अधिकारियों को 25-25 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा था।सीबीआई की टीम सोमवार सुबह ही महागामा स्थित ईसीएल की राजमहल परियोजना में पहुंच गई थी। हैदर अंसारी शिकायत पर हुई कार्रवाई राजमहल परियोजना के विस्थापित हैदर अंसारी ने एक मई को सीबीआई को आवेदन देकर उक्त अधिकारियों पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया था। जिसमे कहा गया था कि जमीन मुआवजे की राशि की फाइल को निपटाने के लिए इन्होंने छह लाख व घर का मुआवजा देने के लिए 12 लाख रुपये की मांग की। सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज कर सोमवार को राजमहल परियोजना में जाल बिछाया और ऊर्जा नगर से ट्रैप कर तीनों को 25-25 हजार रुपये रिश्वत देते रंगे हाथ पकड़ा। ईसीएल के तीन अफसरों के घूस लेते पकड़े जाने से कॉल सेक्टर में हड़कंप मच गया है।

सभा में मजदूर नेताओं ने की अनुपमा को वोट देने की अपील

## एक एक कर खदानों को बेच रही है मोदी सरकार : चंडी बनर्जी

खबर मन्त्र संवाददाता



**मैथन।** इसीएल मुगमा क्षेत्र के लखीमाता कोलियरी में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक के नेतृत्व में संयुक्त मोर्चा ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अनुपमा सिंह के समर्थन में नुक्कड़ सभा की। सभा में सभी मजदूर संगठनों ने गठबंधन के प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने की अपील की। इंटक के जेबीसीसीआई सदस्य चंडी बनर्जी ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार कोल इंडिया की एक एक कर खदान निजी मालिकों को बेच रही है। विगत दस साल में कोल इंडिया का शेयर 37 प्रतिशत बेच दिया गया। यदि यही हाल रहा तो कोल इंडिया को अडानी अम्बानी के हाथों में बेच दिया जाएगा। सीटू के सुजीत भट्टाचार्य ने कहा कि जेबीसीसीआई की मीटिंग में पांच वर्षों का वेतन समझौता और एमजीबी 19 प्रतिशत कराया। मजदूरों के मसीहा स्व. राजेंद्र प्रसाद सिंह की पुत्र वधू होने के कारण अनुपमा सिंह धनबाद की आवाज बनकर मजबूती प्रदान करेगी। सीएमडब्ल्यू केंद्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह ने कहा कि मुगमा क्षेत्र की कोलियरी को बेचने का काम शुरू हो गया है। गोपीनाथपूर कोलियरी को बेच दिया गया है। कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह जीतती है तो कोल इंडिया को बचाने के लिए मजबूत आवाज बनेगी। सभा की अध्यक्षता मधु गुरू ने की, जबकि संचालन शशिभूषण तिवारी ने किया। मौके पर श्यामल सरकार, आरपी शर्मा, पजय मसीह, योगेशपति त्रिपाठी, शशिभूषण तिवारी, दुर्गा दास, कृष्णा सिंह, जगदीश शर्मा, गणेश धर, हरेंद्र सिंह, सदन सिंह, संजय पालीत, जयदेव पात्रा, प्रदीप सिंह, मुख्तार अंसारी सहित मजदूर यूनियन के लोग मौजूद थे।

## सिर्फ मासस ने स्थायी निवासी को प्रत्याशी बनाया है : अरूप चटर्जी



▸▸ कैंची छाप पर वोट देकर जगदीश रवानी को विजयी बनाने की अपील

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुमारधुबी।** मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी के पक्ष में मंगलवार को चिरकुंडा में आमसभा हुई, जिसमें भारी संख्या में मासस कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यकर्ताओं ने निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी एवं मासस उम्मीदवार जगदीश रवानी को फूलों की माला पहना कर एवं गुलदस्ता देकर स्वागत किया। पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि भाजपा ने विकास के नाम पर सिर्फ गरीबों को छला है। मंदिर, मस्जिद के नाम पर हिन्दू एवं मुस्लिमों के बीच दरार पैदा की है। मासस ही ऐसी पार्टी है, जिसने झारखंड के स्थायी निवासी को धनबाद का प्रत्याशी बनाया है। यह गर्व की बात है। उन्होंने कैंची छाप पर वोट देकर धरती पुत्र जगदीश रवानी को भारी से भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। मौके पर आगम राम, जीप सदस्य बादल चंद्र बाउरी, रामजी यादव, संतोष मिश्रा, रोशन मिश्रा, कल्याण दास, संतु चटर्जी, अमरेश चक्रवर्ती, अमरजीत यादव, मुन्ना यादव, नंटू गोस्वामी, रामजी शर्मा, मनोज यादव, दीपक यादव, सोहन किस्कू आदि मौजूद थे। इसके पहले मुगमा मोड़ मासस कार्यालय से चिरकुंडा तक पैदल यात्रा भी निकाली गई।

बस स्टैंड पर छाया सन्नाटा, होटल व नाश्ता दुकान चलानेवालों पर भी आफत

## बसें हो गई जब्त, देस-परदेस के यात्रियों की बढ़ी परेशानी

सौरभ पांडेय




**धनबाद।** लोकसभा चुनाव को लेकर यात्री बसें जब्त हो गई हैं। इसी के साथ देस-परदेस के यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। रेलवे स्टेशन से ऑटो मिल रहा है, मगर बस स्टैंड पर आते ही सन्नाटे के सिवा कुछ नहीं मिल रहा। बसों को प्रशासन की ओर से जब्त कर लिया गया है। लोग रिक्शा- टेंपो से काम चला रहे हैं। स्टैंड पर बस नहीं रहने के कारण यात्री भी नहीं पहुंच रहे हैं। हालत यह है कि बस स्टैंड पर होटल और नाश्ते की दुकान खोल कर गुजर-बसर करनेवालों पर भी आफत आ गई है। बस स्टैंड पर शटडाउन का नजारा है। सभी बस व यात्री वाहनों को 21 मई तक गोल्फ ग्राउंड में जमा करने का आदेश दिया गया है। धनबाद में 25 मई को लोकसभा का चुनाव है। इस खयाल से प्रशासन ने चार दिन पूर्व वाहनों को जमा करने को कहा है, ताकि समय पर चुनावकर्मियों व चुनाव सामग्री बूथों तक पहुंचाई जा सके।

### बस यात्रियों के लिए है वैकल्पिक व्यवस्था

बस ऑनर एसोसिएशन के संजय सिंह ने बताया कि कुछ बसों को परिचालन के लिए छोड़ दिया गया है। एसी बसों को उनके रूट पर फेरे बढ़ाकर चलाया जाएगा। कहा कि वैसे भी इन दिनों यात्रियों की संख्या थोड़ी कम है। यात्रियों को परेशानी न हो, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। जरूरत पड़ी तो छोटे वाहनों से उन्हें गंतव्य स्थानों तक पहुंचाया जाएगा।

### परदेसियों को होगी परेशानी

चुनाव ड्यूटी में वाहन लगाने के बाद बाहर से आने वाले यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। दरअसल लोग दूसरे राज्यों से ट्रेन से धनबाद पहुंचते हैं और यहां से विभिन्न जिलों गिरिडीह, हजारीबाग, जामताड़ा,चतरा, साहिबगंज, देवघर मधुपुर व बिहार तक का सफर बस से करते हैं। वाहन जब्त होने से ऐसे यात्रियों को परेशानी होगी। अगले पांच दिनों तक यातायात की समस्या बनी रहेगी। जिला प्रशासन ने 21 मई की शाम पांच बजे तक सभी रजिस्टर्ड वाहनों को जमा करने का आदेश जारी किया है। एक दिन पूर्व सोमवार को वाहन मालिकों को दोबारा मैसेज कर रिमाइंडर भेजा गया है।

### जब्त करने की बजाए वाहनों को किया रजिस्टर्ड

पहले चुनाव के महीनों पूर्व वाहनों को जब्त कर लिया जाता था, लेकिन इस बार ऐसा नहीं है। परिवहन विभाग ने अपने ही सिस्टम से बसों और अन्य यात्री वाहनों के नंबर को चुनाव के लिए वाहन कोषांग में रजिस्टर्ड कर सूचना वाहन मालिकों को दे दी। उन्हें सूचित कर दिया कि 21 मई की शाम पांच बजे तक अपने वाहनों को गोल्फ ग्राउंड के वाहन कोषांग में जमा कर दें। इससे महीनों पूर्व होनेवाली परेशानी से यात्रियों को निजात मिली।

एक नजर में

### अनुपमा की जीत हुई तो धनबाद में बहेगी विकास की गंगा: अनूप सिंह

**धनबाद।** कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को हाड़ी जाति समाज ने पूर्ण समर्थन दिया है। मंगलवार को गोविंदपुर सम्बोधि रिसोर्ट में आम सभा में अनुपमा सिंह के पति बेरमो विधायक अनूप सिंह का हाड़ी समाज ने जोरदार स्वागत किया। श्री सिंह ने समाज के लोगों का ह्रदय से आभार व्यक्त किया। कहा कि अनुपमा की जीत हुई तो निश्चय ही धनबाद में विकास की गंगा बहेगी। आम सभा में मनोज हाड़ी, कार्तिक प्रसाद हाड़ी, मीना देवी मुखिया खरनी, महिला अध्यक्ष अंजली देवी, विजय हाड़ी, निवास हाड़ी, अजय हाड़ी, संजय हाड़ी, भोला हाड़ी, जुगनू हाड़ी उपस्थित थे।

### तेतुलमुड़ी डिनोबली बस्ती के रैयतों ने जीएम से की समस्या के निदान की मांग



**कतरास।** सिजुआ क्षेत्रअंतर्गत तेतुलमुड़ी डिनोबली बस्ती के रैयतों ने मंगलवार को जीएम अनूप राय से उनके कार्यालय कक्ष में वार्ता की। नियोजन व मुआवजा मुद्दे पर वार्ता में जीएम ने बताया कहा कि विवादित भूमि 18 एकड़ में लगभग 6 एकड़ पर मुख्यालय के अधिकारियों के साथ विचार विमर्श करने के बाद ही कार्रवाई की जाएगी। बस्ती में पानी की समस्या का निदान चुनाव बाद करने का आश्वासन दिया। बस्ती में मंदिर के विस्थापन आदि के सवाल पर विचार विमर्श कर हल निकालने की बात कही। बैठक में रैयत विष्णु महतो, गौतम महतो, आशु महतो, अरूण महतो, गौतम महतो एवं अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### फुसबंग्ला में यादव समाज के लोगों से ढुल्लू को वोट देने की अपील



**जोड़ापोखर।** फुसबंग्ला आरा खटाल, छपरा एवं गया खटाल में यादव समाज की बैठक हुई। मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेंद्र यादव के नेतृत्व में ढुल्लू महतो के पक्ष में मतदान का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि 25 मई को झरिया की जनता इतिहास बनाएगी। कहा कि वर्तमान गठबंधन की सरकार के कार्यकाल में झारखंड में हत्या, लूट, फिरौती, रंगदारी, महिलाओं पर उत्पीड़न आदि से जनता त्रस्त है। मौके पर गया यादव, मनोज यादव, संजय यादव समेत यादव समाज के कई लोग मौजूद थे।

### पूरे देश में भाजपा का परचम लहराएगा : अमरेश सिंह



**धनबाद।** आजादनगर भूली में भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरेश सिंह के नेतृत्व में रघुनाथपुर, गढ़वा के विधायक भानु प्रताप शाही राजपूत एकता मंच के कोषाध्यक्ष सह नव संकल्प मंच के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह के आवास पहुंचे और भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के लिए समर्थन मांगा।

इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के उदय प्रताप सिंह, कुणाल सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मानस रंजन पाल और धन्यवाद ज्ञापन जितेंद्र कुमार ने किया। इस मौके पर राजपूत एकता मंच के अध्यक्ष भोला सिंह, पृथ्वी सिंह, उदय सिंह, कुणाल सिंह, दीपक सिंह, शंकरदयाल सिंह नव संकल्प मंच के कार्यकारी अध्यक्ष राणा दत्ता,संयोजक संतोष सिंह, संगठन मंत्री मनमोहन सिंह, मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह, हेमराज बादल, भाजपा के उपकोषाध्यक्ष रजनीश तिवारी, नीलू झा, भूली मंडल के उपध्यक्ष पप्पू शर्मा, अशोक गुप्ता, भूली मंडल मंत्री कमल किशोर के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### डीएवी सिंदरी की छात्रा श्रेया को आईआईटी जेईई में मिला 97.3 प्रतिशत अंक

▸▸ अनुष्का कुमारी ने भी 86.03 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल का नाम किया रोशन




**सिंदरी।** डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी की कक्षा बारहवीं की छात्रा श्रेया भंडारी ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित आईआईटी जेईई में बैचलर इन प्लानिंग की परीक्षा में 97.3 प्रतिशत अंक लाकर ऑल इंडिया 287 (ओबीसी एनसीएल) रैंक प्राप्त किया। स्कूल की एक अन्य छात्रा अनुष्का कुमारी ने 86.03 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। श्रेया ने अपने जूनियर छात्रों और छात्राओं को नसीहत दी है कि अगर ईमानदारी और अनुशासन में रह कर पढ़ाई की जाए तो सफलता निश्चित रूप से आपके कदम चूमेगी। स्कूल के प्राचार्य आशुतोष कुमार ने कहा कि श्रेया भंडारी कक्षा नवीं से ही मेधावी छात्रा रही हैं। रामकृष्ण मिशन बैंकमोड़ में स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस पर कार्यक्रमों में कई बार उसने विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि अनुष्का भी होनहार छात्रा रही है और उम्मीद है कि वह अपने माता पिता और विद्यालय का नाम रोशन करेगी।

### जीपीएस लगे वाहनों से मतदान केंद्र के लिए रवाना होंगे मतदानकर्मी

**धनबाद।** मतदानकर्मियों को मतदान केंद्र तक ले जाने वाले सभी वाहनों में ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) लगाया जाएगा। इससे मतदानकर्मी के आने-जाने पर नजर रखी जाएगी। मतदान केंद्रों तक पहुंचने तथा मतदान के बाद स्ट्रांग रूम में ईवीएम तथा वीवीपैट मशीन जमा कराने के लिए जिला प्रशासन ने पहले से ही रूट तय कर रखा है। रवानगी के पहले मतदानकर्मी को रूट चार्ट दिया जाएगा, जिसमें आने-जाने का मार्ग निर्धारित होगा। जीपीएस से वाहनों की ट्रैकिंग होगी। मतदान के लिए पांच सौ बड़े तथा 15 सौ छोटे वाहनों की जरूरत है। इन वाहनों से जिले के 2378 बूथों तक मतदानकर्मी पहुंचेंगे। कुछ वाहन रिजर्व रहेंगे। जरूरत पड़ने पर उनका उपयोग होगा।

## मतदान से पूर्व धनबाद विधायक सहित पांच अन्य को नोटिस मिलने से मचा घमासान

# भाजपा का अंतर्कलह पहुंचा बाहरी-भीतरी के मुहाने पर

▸▸ अगड़ी जाति के प्रतिनिधियों को नोटिस मिलने से एक तबके में रोष

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**धनबाद।** धनबाद लोकसभा सीट पर मतदान के मात्र तीन दिन शेष रह गये हैं। लेकिन भाजपा का अंतर्कलह समाप्त होंने की बजाय और तेज हो गया है। धनबाद विधायक राज सिन्हा सहित पांच मंडल अध्यक्षों को पार्टी से शो कॉज नोटिस मिलने के बाद यह लड़ाई बाहरी (दूसरे प्रदेश से आकर राजनीति करने वाले) बनाम भीतरी (राज्य के मूलनिवासी) हो गई है। लंबे समय से धनबाद में राजनीति करने वाले लोगों को यह एहसास होने लगा है कि यह सब कुछ हम लोगों को किनारे लगाने के लिए हो रहा है। वर्तमान लोगों को यह रास नहीं आ रहा है। पार्टी के निशाने पर सिर्फ अगड़ी जाति ही है, जिसमें राजपूत, भूमिहार, ब्राह्मण और कायस्थ सामाज के प्रतिनिधि शामिल हैं। यहीं वजह है कि पहले वर्तमान सांसद पीएन सिंह को किनारे लगाया गया और अब धनबाद विधायक सहित मंडल अध्यक्ष निर्मल प्रधान, शिवेंद्र सिंह, सुमन सिंह, मौसम सिंह और विकास मिश्रा पार्टी के निशाने पर हैं।

**गलतफहमी के कारण उठी ये बात**

विधायक राज सिन्हा ने सफाई देते हुए कहा कि वह पिछले 26 साल से पार्टी के वफादार सिपाही रहे हैं। पार्टी के खिलाफ या पार्टी से हटकर कोई काम आज तक नहीं किया है। नाम राज जरूर है, लेकिन में दिल में कोई राज नहीं है। जो मन में होता है, वही जुबान पर होता है। पार्टी के विश्वास, जनता का प्यार और भगवान के आशीर्वाद से यहां तक पहुंचा हूं। उनके खिलाफ गलत फीडबैक दिया गया है। जवाब से पार्टी को अवगत कराऊंगा। उसके बाद पार्टी जो निर्णय लेगी, उसके लिए भी तैयार हूं। चुनाव के प्रचार प्रचार के मुद्दे पर कहा कि चित्रांश परिवार की सभा में मैने तो पंडित दीनयदयाल को कोट किया था। अपनी ओर से कुछ गलत नहीं बोला है। रही बात चुनाव में प्रचार प्रसार की तो जहां भी सूचना मिलती है, वहा जाता हूं, पार्टी के लिए वोट मांगने का काम करता हूं। रही बात मंडल अध्यक्ष की तो ये मेरे पेड स्टॉफ नहीं हैं। सभी पार्टी के कार्यकर्ता हैं और पार्टी के लिए काम करते हैं। ये मेरे समर्थक नहीं, पार्टी के समर्थक हैं।

**सभी पर पार्टी के खिलाफ काम करने का है आरोप**

विधायक राज सिन्हा ने हाल ही में चित्रांश परिवार की सभा में पार्टी के आदर्श पंडित दीनदयाल उपाध्याय को कोट करते हुए कहा था कि पार्टी से प्रत्याशी के चयन में भूल हो जाए तो जनता को उसे सुधार देना चाहिए। उन्होंने स्वच्छ छवि वाले प्रत्याशी को वोट करने की भी अपील की थी। श्री सिन्हा के ये बोल तब आये, जब ढुल्लू महतो ने एक सभा में कहा था कि धनबाद के सांसद-विधायक चोर है, ये कोयला चोरों से मिले हुए हैं। इसलिए उनके खिलाफ आवाज नहीं उठाते हैं। वह विधायक ढुल्लू से भी नाराज चल रहे थे। वह टिकट के पबल दावेदार भी थे। टिकट नहीं मिलने के कारण उनकी नाराजगी थी। मंडल अध्यक्षों पर आरोप है कि वे पार्टी के चुनाव प्रचार-प्रसार व संगठनात्मक कार्य में रूचि नहीं ले रहे हैं। इन सभी से 48 घंटे के अंदर जवाब मांगा गया है। ज्ञात हो कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर पार्टी के प्रदेश महासचिव आदित्य साहू ने सोमवार को धनबाद के छह नेताओं सहित हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा को नोटिस भेजा था।

## एक नजर में

### एकलव्य ,अभिषेक समेत चार लोगों की मगांई जाए मोबाइल सीडीआर

▸▸ संजीव सिंह ने कोर्ट से लगाई गुहार

**धनबाद।** नीरज हत्याकांड में बीते 8 वर्षों से जेल में बंद झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह ने मंगलवार को अदालत में आवेदन देकर कांड के सूचक अभिषेक सिंह, एकलव्य सिंह,चश्मदीद निखिलेश सिंह, अनिल सिंह का 21 मार्च 17 का मोबइल टावर लोकेशन, सीडीआर, कंज्यूमर एप्लीकेशन फॉर्म के साथ मोबाइल कंपनी के नोडल अधिकारी को गवाही के लिये बुलाने की गुहार लगाई। संजीव सिंह के अधिवक्ता मोहम्मद जावेद की दलील सुनने के बाद एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश डी सी अवस्थी की अदालत ने अभियोजन को प्रतिउत्तर दायर करने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में पेश किया गया 21 मार्च 2017 के संध्या 7 बजे नीरज सिंह अपने फॉच्यूनर कार जेएच10एआर-4500 से सरायढ़ेला स्थित अपने आवास रघुकुल लौट रहे थे। वह ड्राईवर के साथ आगे सीट पर बैठे थे। पीछे के सीट पर उनका सहायक सरायढ़ेला न्यू कॉलोनी निवासी अशोक यादव और दो निजी अंगरक्षक मुन्ना तिवारी बैठे थे। स्टील गेट के पास बने स्पीड ब्रेकर पर नीरज की गाड़ी की रफ्तार कम होते ही दो बाईक पर सवार कम से कम 4 हमलावरों ने उनकी कार पर गोलियों की बरसात कर हत्या कर दी थी।

### चलकरी में एनडीए चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**बेरमो/फुसरो।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के चलकरी बस्ती में मंगलवार को एनडीए के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन हुआ। जिसका उद्घाटन भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ प्रहलाद बरनवाल, बेरमो विधानसभा प्रभारी लक्ष्मण नायक, बेरमो संयोजक विनोद महतो, विधानसभा सह संयोजक शंकर रजक आदि ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता अंगवाली मंडल अध्यक्ष सचिन मिश्रा व संचालन अंगवाली मंडल महामंत्री मनोज ठाकुर ने किया। वक्ताओ ने कहा कि 400 का नारा जो एनडीए का है उस लक्ष्य को पूरा करने में कार्यकताओं को पूरी मुस्तैदी से जुट जाना है। कहा कि गिरिडीह का विकास हो या झारखंड का विकास, इन पांच सालों में यहां की राज्य सरकार ने कभी पहल नहीं की, जिस कारण से राज्य को काफी नुकसान पहुंचा है। इससे पहले जब भाजपा की राज्य में सरकार थी, तब कदम से कदम मिलाकर केंद्र के साथ काम कर रही थी। लेकिन इन पांच सालों में राज्य में हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार में लिप्त होने के कारण विकास की गति थम गई। मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार, सुभाष चंद्र महतो, राजकुमार ठाकुर, हरेंद्र मंडल, श्याम ठाकुर, कोशल मंडल, विनोद नायक, भोला केवट, कार्तिक रविदास, प्रमोद शर्मा, हीरा केवट, हरेंद्र मंडल, रामदेव केवट आदि लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### मोटर साईकिल का संतुलन बिगड़ने के कारण हुआ दुर्घटना, बाल-बाल बचे

**बरहेट।** बीते रात्रि थाना क्षेत्र के बरहेट कुम्हार टोला निवासी प्रदीप पंडित मोटर साइकिल का संतुलन बिगड़ने से कदमा गांव के मोड़ पर दुर्घटना हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते रात्रि लगभग 8:30 बजे प्रदीप पंडित लिट्टीपाड़ा से अपने निवास स्थल बरहेट बाइक से आ रहा था। कदमा मोड़ के पास मोड़ने के क्रम में संतुलन बिगड़ गया जिससे बाइक समेत साइड एक गड्ढे में जाकर गिर गया। जिससे प्रदीप के हाथ तथा पैर में हल्की चोट आई एवं बाईक का अगला हिस्सा क्षति ग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट पहुंचाया गया।जहां डॉक्टर संतोष टुडू प्राथमिक उपचार किया। फिलहाल घायल की स्तिथि सामान्य है।

### 25 मई को होने वाले मतदान को लेकर अधिकारियों ने की बैठक

**बेरमो/फुसरो।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर 25 मई को मतदान होना है। इसको लेकर बेरमो बीडीओ सह सीओ संजीत कुमार सिंह ने प्रखंड के चिकित्सा पदाधिकारियों व स्वास्थ्य कर्मियों के साथ अंचल कार्यालय में बैठक की। इसमें मतदान दिवस पर प्रत्येक बूथ पर बनाए गए मेडिकल प्लान की समीक्षा करते हुए तैयारी की जानकारी ली। इस संबंध में बीडीसी सह सीओ श्री सिंह ने बताया कि गर्मी को देखते हुए 12 तरह की जो दवाइयां उपलब्ध कराई गई है। उसके स्टॉक की जांच किया गया। चिकित्सा पदाधिकारियों ने बताया कि सभी 12 तरह की दवाइयों को स्टॉक प्रयाप्त मात्रा में है। साथ ही प्रत्येक बुथ के लिए मेडिकल कीट उपलब्ध कराया जाएगा। हम लोगों के पास कुल 142 मेडिकल टीम है। साथ ही साथ सेक्टर पर एक मेडिकल ऑफिसर की नियुक्ति की जा रही है। जो परिस्थिति के अनुसार कार्य करेंगे। चुकि पोलिंग पार्टी सभी बूथों पर रहेगी, इसके लिए एनटीवेनम (सर्प दंश के लिए) उसके स्टॉक का भी रिभ्यू किया गया है।

### स्कॉर्पियो के चपेट में आकर 9 साल का बच्चा हुआ गंभीर रूप से घायल



**बरहेट।** मंगलवार को थाना क्षेत्र के कदमा गांव निवासी अजय कुमार दास का 9 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार दास गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरहेट- दुमका मुख्य मार्ग स्तिथ कदमा में राहुल कुमार दास सड़क में जा रहा था अचानक स्कॉर्पियो के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट पहुंचाया गया जहां डॉक्टर ए०के० पंडित ने प्राथमिक उपचार किया एवं बेहतर इलाज हेतु हायर सेंटर रेफर कर दिया है। आगे की चिकित्सा हेतु वाहन मालिक आर्थिक मदद कर रहे हैं।

## सभी का संकल्प हर बूथ पर कांग्रेस को हराना है : भानु प्रताप शाही




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से भवनाथपुर के विधायक भानु प्रताप शाही एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरेश सिंह भूली मंडल भारतीय जनता पार्टी के चुनाव कार्यालय बुधनी हटिया भूली बी ब्लॉक पहुंचे। कार्यालय उद्घाटन में श्री शाही ने कहा कि एक शरीर के दो पुत्र रघुवंशी तथा यदुवंशी ये देश श्रीराम के भाव से और श्रीकृष्ण के बताये मार्ग पर चल कर ही देश की उन्नति हो सकती है। आगामी 25 मई को कमल छाप में मतदान कर मोदी सरकार को पुनः देश के विकास के लिए चुनने का काम करें। इस अवसर पर मुकेश लाल यादव, आईटी सेल संयोजक ओबीसी मोर्चा झारखंड प्रदेश जितेंद्र कुमार, भूली मंडल अध्यक्ष सुमन कुमार सिंह, जिला सोशल मीडिया सह प्रभारी ललन मिश्रा, महामंत्री बबलू सिंह, सरजू शर्मा, उपेंद्र सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी प्रयागराज रविदास, कमल किशोर, ओम प्रकाश झा, इंद्रकांत झा, अशोक गुप्ता, महेश सिंह, पप्पू शर्मा, राजेश सिंह, शंकर दयाल सिंह, गुड्डु आर्या, नीरज शर्मा, नरेश पंडित आदि के साथ सभी भाजपा मंडल के सम्मानित सदस्य मौजूद थे।

# भयमुक्त एवं शोषणमुक्त धनबाद के लिए ढुल्लू महतो को वोट करें : सुरेश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

धनबाद। श्रीराम पाण्डेय के नेतृत्व में मंगलवार को ब्राह्मण बरारी मोदीभिठा बस्ती में जन सम्पर्क किया गया। अभियान में श्रीराज कुमार पाण्डेय ने कहा कि ढुल्लू महतो को बदनाम करने वाले स्वयं बाघमारा जाकर देखें, क्योंकि बाघमारा में हर मजदूर एवं किसान खुशहाल हैं। ढुल्लू महतो गरीबों पीडितों की लड़ाई को अपनी लड़ाई समझ कर लडे, तभी बाघमारा के मजदूरों खुशहाली है और इसलिए ढुलू महतो तीन बार से बाघमारा विधायक हैं। ब्राह्मण समाज के सुरेश चन्द्र तिवारी ने कहा कि अगर धनबाद को भयमुक्त, शोषणमुक्त चाहते हैं तो ढुल्लू महतो को वोट दें। वयोवृद्ध विश्वनाथ चक्रवर्ती ने कहा कि आज तक कोई प्रत्यासी या उनका प्रतिनिधि हमलोगों के गांव में नहीं आया है। इसलिए इस बार हमलोग सभी ग्रामीण एकजूट होकर ढुल्लू महतो को जितायेंगे। मौके पर झारखण्ड रानीगंज कोलफिल्ड विस्थापन एवं प्रर्यावरण संरक्षण मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सुरेश चन्द्र तिवारी, राजकुमार पाण्डेय, मिथिलेश कुमार पाण्डेय, सुनील चक्रवर्ती, सोरेश चक्रवर्ती, शिबु बाऊरी, ज्योति बाउरी, साधना चक्रवर्ती, मधुसूदन चक्रवर्ती, विश्वनाथ चक्रवर्ती, कल्याणी महताईन, असीम चक्रवर्ती, कमल मुखर्जी, रानू मुखर्जी, रानी चक्रवर्ती, मथुरा प्रसाद, सजल कुमार आदि मौजूद थे।

### एनडीए गठबंधन प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी के समर्थन में सुदेश महतो ने किया रोड शो



**बेरमो/गोमिया।** गिरिडीह संसदीय क्षेत्र से एनडीए गठबंधन प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी के समर्थन में मंगलवार की शाम आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो, गोमिया विधायक डा लंबोदर महतो एवं रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने गोमिया क्षेत्र के साड्म, होसिर, जीरो प्वाइंट, रथ टांड़, तुलबूल, बिरसा, गोमिया बस्ती, आइइएल कालोनी, गवर्नमेंट कालोनी, स्वांग आदि क्षेत्रों में रोड शो किया। इस दौरान आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार द्वारा राज्य के युवाओं, किसानों, मजदूरों को सिर्फ छलने का कार्य किया जा रहा है और राज्य के अधिकतर युवा व युवतियां काम की तलाश में पलायन करने को मजबूर हैं। कहा कि राज्य की सता में आई हेमंत सोरेन सरकार ने पांच लाख युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन यह घोषणा सिर्फ कोरा साबित हुआ है। कहा कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा गरीबों, किसानों व आमलोगो के हित में कई योजनाएं संचालित किया जा रहा है और उसका लाभ भी उन्हें मिल रहा है। कहा कि झारखंड के सभी 14 लोकसभा सीट पर एनडीए गठबंधन प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है। वहीं गिरिडीह में चंद्रप्रकाश चौधरी पिछले चुनाव की अपेक्षा इस बार लंबे अंतराल के मतों से विजई होंगे। मौके पर भाजपा बोकारो जिला महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष गिरजा देवी, भाजपा ओबीसी मोर्चा के केंद्रीय सदस्य देवनारायण प्रजापति, भाजपा नेता डा सुरेंद्र राज, विधायक प्रतिनिधि विपिन कुमार, संदीप स्वर्णकार, गंदौरी राम, मोहन कुमार, योगेंद्र प्रसाद, तारमेश्वर प्रजापति, राजकुमार यादव, विजय महतो आदि उपस्थित थे।

## बूथों पर हेल्प डेस्क से दी जाएगी मतदाताओं को आवश्यक जानकारी




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बाघमारा प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को बैठक हुई। बैठक में डीआरडीए निदेशक राजीव रंजन ने सभी बीएलओ को चुनाव से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने मतदान से संबंधित पोस्टर, बैनर आदि के संदर्भ में आवश्यक जानकारी से बी एल ओ को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देश पर सभी पोस्टर व बैनर प्रत्येक बूथों में लगाना है, ताकि मतदाता चुनाव की सभी प्रक्रियाओं को समझ सके। बैठक में डीआरडीए निदेशक ने सभी बीएलओ को सभी निर्देशों का सख्ती से अनुपालन का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि सभी बूथों में सरकारी हेल्प डेस्क की व्यवस्था रहेगी। बैठक के बाद बीएलओ के बीच चुनाव संबंधी पोस्टर व बैनर का वितरण किया गया। इस बैठक को प्रखंड विकास अधिकारी डा सुषमा आनंद औरअंचलाधिकारी रवि भूषण प्रसाद ने भी सम्बोधित किया। इस मौके पर प्रखंड के समन्वयक रघुवंश भारती, रंजीत कुमार, प्रेमलता एवं प्रखंड सह अंचल सभी कर्मी उपस्थित थे।

## सीएमडी से सकारात्मक वार्ता के बाद डीओधारकों का आंदोलन समाप्त



**मैथन।** कोल ट्रेडर्स एसोसिएशन मुगमा के बैनर तले ट्रक लोडिंग में रंगदारी के खिलाफ डीओ धारकों का 16 मई से चला आ रहा आंदोलन वापस ले लिया गया है। मंगलवार को डीओ धारकों की सीएमडी समीरन दत्ता के साथ हुई सकारात्मक वार्ता के बाद छह दिनों से बंद लोडिंग एवं डिस्पैच चालू हो गाय। एसोसिएशन के अध्यक्ष मुनी लाल मंडल और उपाध्यक्ष पिंटू सिंह ने बताया कि ईसीएल मुख्यालय संकतोड़िया में सीएमडी के साथ वार्ता हुई। जिसमें सीएमडी द्वारा अश्वासन के बाद कोयला लोडिंग बंद वापस ले लिया गया। उन्होंने कहा कि डिस्पैच अधिकारियों पर आरोप की जांच कराने का निर्देश दे दिया गया है। साथ ही चापापुर कोलियरी मे मशीन द्वारा लोडिंग किया जायेगा। इसके लिए मशीन ईसीएल देगी। इस दौरान सीआईएसएफ की टीम तैनात रहेगी। पहले की तरह मैन्युअल ट्रक लोडिंग में 450 रूपए ही देना होगा। रंगदारी मामले मे सीएमडी ने कहा कि ईसीएल मुगमा एरिया महाप्रबंधक से वार्ता के बाद आगे की बात करेंगे। वार्ता में ईसीएल डीटीओ, सेल्स जीएम, मुगमा एरिया जीएम, चापापुर अभिकर्ता और ईसीएल मुगमा एरिया सेल्स अफसर थे। वहीं एसोसिएशन की ओर से मुनीलाल मंडल एवं पिंटू सिंह के अलावे रंग बहादुर सिंह, सुनील घोष, शिव रतन प्रसाद, संजय पालित, पवन मुरारका, राजवीर गुप्ता, प्रेम सिंह आदि थे।

### बोकारो में पोस्टल बैलेट से अब तक 10666 मतदाताओं ने किया मतदान



**बोकारो।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत चतरा कोडरमा गिरिडीह धनबाद रांची जमशेदपुर तथा हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में मतदान होना है। इससे संबंधित जिले के मतदान कार्य में लगे मतदान कर्मियों पदाधिकारियों सेक्टर पदाधिकारियो एवं पुलिस के जवानों जेएपीएफ सीआईएसएफ आदि सुरक्षा बलों के जवानों ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार अब तक कुल 10666 मतदाता पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके हैं। उल्लेखनीय है कि मतदान कार्य में नियुक्त मतदान कर्मियों पदाधिकारियों सेक्टर पदाधिकारियों एवं पुलिस के जवानों/जेएपीएफ सीआईएसएफ आदि को मतदान करने में कोई परेशानी नहीं हो इसके लिए 06 सुविधा केन्द्र क्रमशः प्रशिक्षण केन्द्र बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-2/सी बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-2/डी कैम्प-2 स्थित श्रम अधीक्षक कार्यालय एवं पुलिस केन्द्र सेक्टर-12 तथा बीएमपी बोकारो सेक्टर 8 बी स्थित बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्थापित किया गया है। होम वोटिंग के लिए कुल 346 मतदाताओं (85 प्लस बुजुर्ग एवं दिव्यांग (पीडब्ल्यूडी) मतदाताओं) को चिन्हित किया गया था जिसमें 04 मतदाता चिकित्सकीय कारणों से अनुपस्थित रहें। वहीं 10 मतदाताओं का इस दौरान निधन हो गया। शेष कुल 332 मतदाता लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल हुए।

### इंडी गठबंधन प्रत्याशी के लिए फुसरो में चला जनसंपर्क अभियान

**फुसरो(बेरमो)।** आगामी लोकसभा चुनाव के तहत इंडिया गटबंधन समर्पित झामुमो उम्मीदवार के समर्थन में फुसरो नगर अध्यक्ष दीपक महतो की अगुआई में बेरमो विस क्षेत्र अंतर्गत फुसरो के स्टाफ क्वार्टर, वार्ड नं 12 और 19 में नुकड़ सभा कर जनसंपर्क अभियान चलाया। गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के इंडी गठबंधन के प्रत्याशी पार्टी के टुंडी विधायक मथुरा महतो के पक्ष में अपने मत का उपयोग करने की अपील की। दीपक महतो ने कहा कि विनोद महतो ने जो नारा दिया पढ़ो और लड़ो उसको मथुरा महतो पूरा करने का काम कर रहे है। वही दूसरी तरफ केंद्र में बैठी मोदी सरकार ने गरीबों के बच्चो की पढ़ाई रोकने के लिए पढ़ाई पर 18% जीएसटी लगा दिया। इस कारण इस बार मथुरा महतो को अपना मत देकर विजय बनाए। मौके पर मोहसिन राजा, दीपक गुप्ता, महताब खान, रोहित महतो, गोल्डन सिद्धिकी, अमित झा, जितेंद्र नायक, राजकुमार, प्रकाश नायक आदि लोग थे।

### नाबालिक का बाल विवाह होने से रुकवाया गया

साहिबगंजः मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत मंथन संस्था के समन्वयक एवं सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा मंगलवार को एक बाल विवाह होने से रुकवाया गया।सदर प्रखंड अंतर्गत हरप्रसाद पंचायत के रामपुर टोपरा गांव में बाल विवाह होने से रुकवाया गया। इससे पूर्व इसकी सूचना प्रखंड विकास पदाधिकारी सुबोध कुमार को दी गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी के निर्देशानुसार टीम गठित कर संस्था के समन्वयक एवं कार्यकर्ता द्वारा मुफस्सिल पुलिस की मदद से उक्त नाबालिक के घर पहुंच कर कागजात की जांच पड़ताल किए गए, जिसमें लड़की नाबालिक पाई गई। इसके बाद नाबालिक को साहिबगंज लाया गया और बाल कल्याण

### इंडिया गठबंधन झामुमो प्रत्याशी मथुरा के पक्ष में योगेन्द्र ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**बेरमो।** मंगलवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम तहत झामुमो के स्टार प्रचारक राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष सह लोकप्रिय पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो का गिरिडीह से इंडिया गठबंधन झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के पक्ष में गोमिया प्रखंड अन्तर्गत होसिर पश्चिमी, होसिर पूर्वी व साड़म पश्चिमी पंचायत का तूफानी जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की। सर्वप्रथम उन्होंने ढेंढे, देवीपुर शब्दिटांड़ टांड़, मियाबांध, नैया में नुक्कड़ सभा एवं बैठक के जरिए ग्रामीणों से इंडिया गठबंधन झामुमो प्रत्याशी मथुरा महतो जी को भारी मतों से गोमिया विधानसभा क्षेत्र से लीड और जीत दिलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पूरे देश में इंडिया वगठबंधन को अपार समर्थन मिल रहा है।मोदी की सरकार के तानाशाही, वादाखिलाफी, नकारात्मक राजनीति महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ देश में आक्रोश है। और इस चुनाव में बदलाव की बयार बह रही है।

# गोविंदपुर में 25 टन अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त

▸▸ चालक व उपचालक गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** कोयला तस्करों पर नकेल कसने की जिला प्रशासन की कवायद को रात उस वक्त जबरदस्त सफलता मिली जब 25 टन अवैध कोयले से लदी ट्रक को छापामार दल ने पकड़ा। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की निति अपनाते हुए खनन टास्क फोर्स ने बीती रात गोविंदपुर थाना क्षेत्र के भारत पेट्रोलियम पंप, अपना ढाबा के पास खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक के नेतृत्व में औचक जांच अभियान चलाया। इस संबंध में खान निरीक्षक ने बताया कि औचक जांच अभियान के दौरान ट्रक संख्या यूपी 65 एच.टी. 0376 की जांच की गई। उपरोक्त ट्रक पर बिना परिवहन चालान के 25 टन अवैध कोयला लोड था। वहीं ट्रक के चालक (उत्तर प्रदेश निवासी) सर्वेश यादव एवं उपचालक (धनबाद निवासी) पवन कुमार से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि उपरोक्त कोयल कतरास क्षेत्र से अवैध खनन कर लाया गया था तथा पाल सिंह नामक व्यक्ति द्वारा उसे गोविंदपुर ले जाने के लिए निर्देशित किया था। पूछताछ के बाद चालक एवं उपचालक को गिरफ्तार कर गोविंदपुर थाना को कार्रवाई करने के लिए सुपुर्द कर दिया है। साथ ही वाहन, वाहन के मालिक, वाहन पर लदा कोयला तथा इस अवैध कारोबार में संलिप्त अन्य सभी लोगों के विरुद्ध गोविंदपुर थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। खान निरीक्षक ने बताया कि खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की निति अपनाते हुए खनन टास्क फोर्स द्वारा लगातार छापामारी अभियान जारी रहेगा।

वाहनों की ट्रैकिंग के लिए कंट्रोल रूम भी बनेगा। इसी कंट्रोल रूम से मतदानकर्मी के रूट पर नजर रखी जाएगी। जिला प्रशासन ने पहले से ही सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा अन्य अधिकारियों के सहयोग से हर बूथ के लिए रूट मैपिंग करा रखी है। उसी के आधार पर रूट चार्ट तय किया गया है।

# प्रियंका आज गोड्डा में सभा को करेंगी संबोधित

## इंडी गठबंधन प्रत्याशी प्रदीप यादव के लिये जनता से मांगेगी समर्थन

## कल्पना सोरेन भी रहेगी मौजूद

खबर मन्त्र संवाददाता



केंद्रीय समिति सदस्य सह पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश मंडल गांधी मैदान में खेल अभ्यास कर रहे युवा, युवतियों को कल्पना सोरेन एवं प्रियंका गांधी के चनावी सभा में आने का निमंत्रण दिया।

**गोड्डा।** जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष बासुदेव सोरेन के अगुवाई में आज इंडी गठबंधन प्रत्याशी प्रदीप यादव के चुनावी सभा को जो गोड्डा मेला मैदान मे होना है, जिसमे कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी एवं कल्पना सोरेन सभा को संबोधित करने आ रही हैं। उनकी तैयारी हेतु जिला झामुमो समिति पूरे जोर सोर से लग गया है। इसी क्रम में आज केंद्रीय समिति सदस्य सह पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश मंडल गांधी मैदान में खेल अभ्यास कर रहे युवा, युवतियों को कल्पना सोरेन एवं प्रियंका गांधी के चनावी सभा में आने का निमंत्रण दिया। गोड्डा पश्चिमी से सभा में शामिल होने के लिए सिकटिया ग्राम के बीस सूत्री अध्यक्ष सोम मरांडी के आवासीय कार्यालय में बैठक किया गया। बैठक में गोड्डा पश्चिमी के सभी गांवों से लोगो को निमंत्रण के साथ लाने की सुविधा उपलब्ध कराए जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही गोड्डा पूर्वी के अमरपुर पंचायत के तियो डीह ग्राम में झामुमो युवा मोर्चा समिति जिला अध्यक्ष चंदन हेंब्रम के आवास पर बैठक कर ज्यादा से ज्यादा लोगो को चुनावी सभा में लोगो की उपस्थिति पर विचार विमर्श करते हुए युद्ध स्तर पर प्रचार प्रसार करने की रणनीति बनाया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष बासुदेव सोरेन, केंद्रीय समिति सदस्य राजेश मंडल, सदर प्रखंड अध्यक्ष बालमुकुंद महतो, जिला झामुमो युवा मोर्चा अध्यक्ष चंदन हेंब्रम, सुबोध हेंब्रम, झामुमो वरिष्ट नेता नकुल हेंब्रम, हबी मुर्मू एवं मरांग हंसदा उपस्थित थे। ये जानकारी राजेश मंडल प्रवक्ता सह केंद्रीय समिति सदस्य, जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा ने दी है।

# गिरिडीह लोस क्षेत्र में त्रिकोणीय संघर्ष में है कांटे की टक्कर

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र का चुनाव त्रिकोणीय संघर्ष की ओर बढ़ चला है। वर्ष 2019 के चुनाव में गिरिडीह संसदीय सीट एनडीए गठबंधन की सहयोगी आजसू पार्टी ने भाजपा से छीनी थी। गिरिडीह से भाजपा के पांच बार के सांसद रहे तत्कालीन सांसद रविन्द्र कुमार पांडेय को इस सीट से बेदखल कर आजसू ने भाजपा नेतृत्व से यह सीट अपनी झोली में ली थी और रामगढ़ के विधायक व राज्य सरकार के मंत्री चन्द्र प्रकाश चौधरी को उम्मीदवार बनाया था। चन्द्र प्रकाश चौधरी गिरिडीह से सांसद भी निर्वाचित हुए। 2024 के लोकसभा चुनाव में आजसू के चन्द्र प्रकाश चौधरी पुनः चुनाव मैदान में हैं। लेकिन इस बार उन्हें अपने दो अन्य स्वजातीय उम्मीदवारों ने ही कड़ी चुनौती दी है। यहां से इंडी गठबंधन की ओर से झामुमो के मथुरा प्रसाद महतो उन्हें कड़ी टक्कर दे रहे हैं। इसी बीच अपने समर्थकों के बीच ह्यटाईगरह्ण के नाम से मशहूर निर्दलीय उम्मीदवार जयराम महतो का चुनावी दंगल में कूदना आजसू उम्मीदवार के लिए बड़ी मुश्किलें खड़ी कर रहा है। चन्द्र प्रकाश चौधरी को केवल अपने कोर वोटरों के अलावा भाजपा के परंपरागत मतदाताओं का भरोसा है तो झामुमो के मथुरा महतो इंडी गठबंधन के सहयोगी दलों के साथ साथ आदिवासी और झामुमो के समर्पित मतदाताओं को गोलबंद करने में लगे हैं। श्री महतो जहां अपनी चुनावी सभाओं में वर्तमान सांसद श्री चौधरी को ललकार रहे हैं वहीं जयराम महतो की गर्जना इन दोनों को डरा रही है। क्योंकि जयराम की सभा में लाखों की भीड़ जमा हो रही है। जयराम अपनी सभाओं में गिरिडीह के आजसू प्रत्याशी पर जोरदार हमले कर रहे हैं। एक सभा को संबोधित करते हुए जयराम ने कहा कि यहां के सांसद ने यहां के जनमानस की चिन्ता नहीं की। उन्होंने चिन्ता की खुद गिरिडीह से सांसद और पत्नी को रामगढ़ से विधायक बनाने की। बहरहाल ऐसे में निर्दलीय जयराम महतो की दहाड़ व मथुरा महतो की ललकार से संघर्ष दिलचस्प होता जा रहा है।

## एक नजर में

### प्रेक्षक के साथ हुई बैठक में फोर्स डेप्लॉयमेंट एवं कम्युनिकेशन प्लान पर चर्चा



**बोकारो।** जिला समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अरुण महेश बाबू की अध्यक्षता में अब तक की गई तैयारियों को लेकर संपन्न बैठक में मतदान केंद्रों ईवीएम वीवीपैट मतदान कर्मियों की सुरक्षा को लेकर फोर्स डेप्लॉयमेंट एवं कम्युनिकेशन प्लान पर चर्चा की गई। मौके पर संसदीय क्षेत्र के पुलिस प्रेक्षक मोहित चावला डीईओ सह उपायुक्त विजया जाधव एसपी पूज्य प्रकाश सीआरपीएफ कमांडेंट राजीव कुमार उपस्थित थे। सामान्य प्रेक्षक पुलिस प्रेक्षक ने क्रमवार गिरिडीह एवं धनबाद संसदीय क्षेत्र में मतदान को भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर फोर्स डेप्लॉयमेंट एवं कम्युनिकेशन प्लान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान कई दिशा निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। आगे सामान्य प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक ने लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर गठित जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष का जायजा लिया। अधिष्ठापित सीसीटीवी मॉनिटर का अवलोकन किया। विभिन्न एसएसटी चेकपोस्टों पर वाहनों की आवाजाही टीम द्वारा जांच को देखा। वहीं सामान्य प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक ने पोस्टल बैलेट स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण किया। जिला कोषागार पदाधिकारी से वज्रगृह से संबंधित जरूरी जानकारी प्राप्त की। सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। मौके पर उपस्थित डीईओ सह डीसी पुलिस अधीक्षक को जरूरी दिशा निर्देश दिया।

### मथुरा महतो के समर्थन में चला जनसंपर्क अभियान

**बोकारो।** झामुमो के स्टार प्रचारक राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष सह पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो ने तुलबुल पंचायत के हरदियामो से गिरिडीह से पार्टी प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के पक्ष में जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की। उन्होंने हरदियामो चैलियाटांड़ और मांझी टोला में नुक्कड़ सभा एवं बैठक के जरिए ग्रामीणों से इंडी गठबंधन समर्थित झामुमो प्रत्याशी मथुरा महतो को भारी मतों से गोमिया विधानसभा क्षेत्र से जिताने की अपील की। इस दौरान बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

### डीपीएस बोकारो में समर कैंप का समापन



**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में गर्मी की छुट्टियों में समय का सदुपयोग करते हुए विद्यार्थियों के समग्र विकास के उद्देश्य से ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। दस दिवसीय यह शिविर उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। शिविर में लगातार 10 दिनों तक विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों के साथ-साथ शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर बनाने को लेकर कई गुर सीखे। विद्यालय की प्राइमरी व सीनियर इकाइयों में एथलेटिक बास्केटबॉल बैडमिंटन फुटबॉल टेबल टेनिस वॉलीबॉल क्रिकेट एरोबिक्स आदि का अभ्यास बच्चों को कराया गया। इसके साथ ही समर कैम्प में योगाभ्यास के भी विशेष सत्र भी आयोजित किए गए। शिविर में बच्चों को फिजिकल फिटनेस मानसिक सतर्कता सहित कौशल विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने कहा कि डीपीएस बोकारो अपने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर सदैव कटिबद्ध रहा है और इसी कड़ी में समर कैम्प का आयोजन किया गया। ऐसे अवसर बच्चों में दृढ़ता लक्ष्य-निर्धारण आत्मविश्वास और क्रीड़ा-कौशल विकसित करने में सहायक हैं।

### भाजपा व आजसू कार्यकर्ताओं ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**बोकारो।** जरीडीह प्रखंड क्षेत्र की तांतरी दक्षिणी पंचायत मे गिरिडीह एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी के पक्ष में भाजपा व आजसू कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में हुए विकास से जनता खुश है। देश के कोने कोने तक विकास किया है। माताओं को धुआं से बचाने के लिए उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिया। गरीबों को राशन विधवा व वृद्ध को पेंशन दी। मौके पर सुभाष चंद्र महतो मनोज ठाकुर जगतपति सिंह दिनेश महतो सुनील मंडल शंकर रजक नरेंद्र महतो हाकिम महतो रविंद्र नायक मेघनाद गोसाईं कमलेश ठाकुर अनिल मुर्मू नंद किशोर मुर्मू समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जिला उत्पाद टीम द्वारा अवैध विदेशी शराब बिक्री केंद्र पर छापेमारी



**बोकारो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी बोकारो विजया जाधव के निर्देश पर सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन प्रखंड विकास पदाधिकारी कसमार एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने कसमार प्रखंड के चंडीपुर चांदनी चौक मधुकरपुर एवं पिड़गुल ग्राम में अवैध शराब बिक्री केंद्र पर छापेमारी कर उत्पाद टीम ने 157.20 लीटर बीयर 132 लीटर देशी शराब एवं 85 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त की। बीयर (फॉर सेल इन वेस्ट बंगाल) देसी शराब (फॉर सेल इन वेस्ट बंगाल) लिखा हुआ था। घटनास्थल से कुल चार अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया एवं दो फरार अभियुक्तों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया। छापेमारी दल में प्रखंड विकास पदाधिकारी कसमार अनिल कुमार निरीक्षक उत्पाद संजीत देव अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति दीपिका कुमारी अवर निरीक्षक उत्पाद तेनुघाट सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### साहिबगंज : सात मतदाताओं को कराया गया होम वोटिंग



**बरहेट।** मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पोलिंग टीम के द्वारा दिव्यांग तथा बुजुर्गों को होम वोटिंग को तहत कुल 7 मतदाताओं को मतदान कराया गया। वहीं उक्त मतदान हेतु पोलिंग टीम सेक्टर मजिस्ट्रेट वीरेंद्र कुमार, प्रथम पोलिंग ऑफीसर लाल अनिल कुमार, द्वितीय पोलिंग ऑफिसर परदाशी मुडयार,माइक्रो अब्जर्वर कुणाल चंदन भारद्वाज के द्वारा फूलभंगा पंचायत के भादोडीह गांव के क्षति वेसरा तथा मंगल हेंब्रम ,रक्सी गांव के हेमंती देवी, पंचकठिया के हिरामुनी देवी,बाबूलाल यादव और सावित्री देवी जबकि अरगौरी के एक दिव्यांग वोटर शांति हेंब्रम को मतदान कराया गया।

### फुसरो नप क्षेत्र में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



बेरमो/फुसरो। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नगर परिषद फुसरो द्वारा मेघदूत मार्केट के परिसर में बैठक कर अधिक से अधिक मतदान करने को जागरूक किया गया। इसमें काफी संख्या में महिला व पुरुष शामिल होकर मतदान करने हेतु संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मिशन मैनेजर सुजीत त्रिवेदी व संचालन दिव्यांश मिश्रा ने किया। इसमें मुख्य रूप से सीसीएल ढोरी के सीएसआर अधिकारी शैलेश कुमार ने सभी से वोट देने की अपील की। उन्होने कहा कि मतदान हमारा संवैधानिक अधिकार है। अपने मताधिकार का प्रयोग हर हाल में करना है। कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए सभी को वोट करना चाहिए। कहा कि देश के नागरिक होने के कारण हमें अपने संविधान ने वोट डालने का अधिकार दिया है। अपने संवैधानिक अधिकार का प्रयोग करना चाहिए। इस दौरान कुर्सी रेस का आयोजन किया गया, जिसमें पहला राउंड में संजू देवी, दूसरा राउंड में नीरा देवी तथा पुरुषों में सुशांत राइका विजयी रहे। विजेताओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर नप कर्मी राजीव रंजन कुमार, देवजीत कुमार, शंकर कुमार, मनीष कुजूर, तपन कुमार अड्डी, रवि कुमार, आकाश कुमार, बेरमो चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आर उनेश, व्यवसायी पिंटू सिंह, दिनेश सिंह, सूरज मित्तल, विवेक पाठक, भरत वर्मा, राकेश कुमार, संतोष श्रीवास्तव, विकी यादव, लक्ष्मण वर्मा, पिंकी देवी, बसंती देवी, पुतुल देवी, बेबी देवी, पुष्पा देवी, रूबी देवी, रूपेश कुमार आदि लोग मौजूद थे।

# भारत में ही नहीं सारी दुनिया में बोकारो स्टील के लिये जाना जाता है : राजनाथ सिंह

पार्टी प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने विस्थापन समस्या पर जोर देते हुए बोकारो इस्पात प्रबंधन पर निशाना साधा

## बिरंची नारायण एवं अमर बाउरी ने रक्षा मंत्री एवं प्रधानमंत्री के जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** धनबाद लोकसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बोकारो विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर 2 दुर्गा पूजा मैदान में जनसभा को सम्बोधित किया।

इस जनसभा में धनबाद संसदीय क्षेत्र से पार्टी के प्रत्याशी ढुल्लू महतो सहित पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, विधायक भानु प्रताप शाही, झारखंड विधानसभा में प्रतिपक्ष नेता व चंदनक्यारी विधायक अमर कुमार बावरी बोकारो विधायक बिरंचि नारायण पार्टी के सह संयोजक व पूर्व जिलाध्यक्ष रोहित लाल सिंह वर्तमान जिलाध्यक्ष जयदेव राय मिहिर सिंह वीरभद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे। बोकारो विधायक बिरंची नारायण व अमर कुमार बावरी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का स्वागत करते हुए सभी बोकारो विधानसभा के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

मौके पर बोकारो विधायक नारायण एवं चंदनकियारी विधायक बाउरी ने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं प्रधानमंत्री के जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला।

पार्टी प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने विस्थापन समस्या पर जोर देते हुए बोकारो इस्पात प्रबंधन पर निशाना साधा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज पहली बार उन्होंने ढुल्लू महतो को बोलते सुना है। झामुमो सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार पर करारा वार करते हुए उन्होंने बताया की ईडी/सीबीआई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में अवैध कमाई का एक लाख करोड़ जब्त किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचार की प्रबल विरोधी है। राजनाथ ने कहा कि बोकारो की एक अपनी पहचान है।

बोकारो को देश ही नहीं दुनिया में स्टील के लिये जाना जाता है। उन्होंने जनता से पार्टी प्रत्याशी महतो को वोट देकर विजयी बनाने की अपील की।

# मधुपुर विधानसभा के बांक गांव में निशिकांत ने किया जनसंवाद



कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत करते डॉ निशिकांत दुबे।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** गोड्डा लोक सभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार डॉ निशिकांत दुबे ने अपने चुनाव प्रचार के तूफानी दौरा के क्रम में आज मधुपुर विधान सभा क्षेत्र के मधुर ग्रामीण अंचल के बांक ग्राम का दौरा कर अपने समर्थकों के साथ विचार विमर्श किया। मोदी सरकार की उपलब्धियों को जनता के आगे रखते हुए कहा फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार चार सौ पार का संकल्प दुहराया। प्रधान मंत्री मोदी की गारंटी को पूरा करने की गारंटी दी। विकास कार्यों के श्रृंखलाओं की लंबी सूची में ओबीसी को 27% आरक्षण और रोजगार के कई अवसर प्रदान करने की बात कही। अदानी जैसे कई और भी प्रोजेक्ट लाकर इस क्षेत्र से बेरोजगारी मिटाने की बात कही। जनता ने अपना बहुमत देकर डॉ दुबे को फिर एक बार संसद भवन भेजने का संकल्प लेते हुए नारा लगाया फिर एक बार मोदी सरकार।

# स्व दुर्गा सोरेन की पुण्यतिथि पर डीएसएस कार्यकर्त्ताओं ने असाहयों को कराया भोजन



स्व दुर्गा सोरेन को श्रद्धांजलि देते एवं भोजन कराते डीएसएस कार्यकर्ता।

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** स्व दुर्गा सोरेन की 15वीं पुण्यतिथि भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन, दुर्गा सोरेन सेना एवं झामुमों कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया।

गौशाला रोड स्थित चौरसिया बैंक्विट हॉल में दुर्गा सोरेन सेना ने स्व दुर्गा सोरेन श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया। स्व दुर्गा सोरेन के तस्वीर पर उनकी पत्नी सीता सोरेन एवं उनकी तीनो पुत्रियां दुर्गा सोरेन सेना की केंद्रीय अध्यक्ष जयश्री सोरेन, कार्यकारी अध्यक्ष राजश्री सोरेन एवं विजयश्री सोरेन सहित कार्यकताओं ने तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। कार्यक्रम के बाद शहर के हाट परिसर में गरीब व असहाय लोगों के बीच भोजन का वितरण स्व दुर्गा सोरेन की तीनों पुत्रीयां ने भी उनके साथ बैठकर भोजन किया। मौके पर धर्मेंद्र जायसवाल, पप्पू भगत, उमेश कुमार गुप्ता, मनोज कुमार गोस्वामी, अजय मिश्रा, रतन साह, राहुल बनर्जी, बंटी भगत, उज्जवल भगत सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### झामुमों कार्यकर्ताओं ने स्व दुर्गा सोरेन को दी श्रद्धांजलि

दुमका। पूर्व विधायक स्व. दुर्गा सोरेन के पुण्यतिथि के अवसर पर स्थानीय खिजुरिया स्थित गुरुजी आवास में उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर झामुमों कार्यकर्त्ताओं ने श्रद्धांजलि दिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता झामुमो नगर प्रभारी रवि यादव ने किया। कार्यक्रम मे सुमंत यादव, राम बिलास सिंह, मो. आरिफ उर्फ छोटू, इंदु चौबे, गीता देवी, मेहबुब सरकार, मो नौशाद, गोलू सिंह, सूरज सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कारो विस्थापन निति के तहत मंदिर निर्माण कार्य में नाली का पानी इस्तेमाल करने का विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** सीसीएल बीएंडके प्रक्षेत्र के करगली गेट स्थित कारो पुनर्वास स्थल (स्लैरी पौंड) पर मंदिर निर्माण कार्य में नाली का पानी इस्तेमाल करने पर मंगलवार को कारो बस्ती के विस्थापितों ने विरोध जताते हुए कार्य को बंद करवा दिया।सोहनलाल मांझी ने कहा कि कारो परियोजना का विस्तारीकरण को लेकर बीएंडके प्रबंधन की ओर से कारो बस्ती के विस्थापितों को पुनर्वास स्थल पर बसाया जाना है। पुनर्वास स्थल पर प्रबंधन की ओर से डेवलपमेंट का कार्य कराया जा रहा है, जहां मंदिर निर्माण कार्य में ठेकेदार की ओर से नाली का पानी इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे विस्थापितों में आक्रोश है। कहा कि ठेकेदार नाली का पानी इस्तेमाल कर हिंदुओं के आस्था के साथ खिलवाड़ करने का काम किया है। मंदिर को गंगाजल से शुद्ध करवाने का काम करें। कहा कि संबंधित ठेकेदार डेवलपमेंट के कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रख रही है। राजू सिंह ने कहा कि प्रबंधन विस्थापितों को भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है। निर्माण कार्य में उपयोग किया जा रहा है ईंट की क्वालिटी भी काफी खराब है। मसाला में सीमेंट की मात्रा भी काम दिया जा रहा है, जिससे निर्माण कर ज्यादा दिन तक नहीं चलेगा। महिलाओं ने कहा कि प्रबंधन विस्थापितों से सहयोग लेना चाहती है, बदले में विस्थापितों को सहयोग नही करना चाहती है। पुनर्वास स्थल में ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा कार्य में गुणवत्ता की कमी है, प्रबंधन इसकी जांच करवाये।बताते चले सोमवार को कारो बस्ती के लोगों ने पुनर्वास स्थल का निरीक्षण कर मंदिर के ऊपर ईंट से गुम्बद बनाने का विरोध करते ढलाई कर गुम्बद बनाने की मांग किया था।

# साहिबगंज : रील बनाने के चक्कर में युवक की गयी जान

खबर मन्त्र संवाददाता



**साहिबगंज।** जिरवाबाड़ी थाना अंतर्गत के रहने वाले मोहम्मद तौसीफ उम्र 18 वर्ष, पिता मोहम्मद इफ्तिखार मजहर टोला, जिला साहिबगंज नहाने के लिए चार दोस्तों के साथ करमपहाड़ स्थित बंद पड़े पत्थर के खदान में नहाने गए थे ।वही दोस्तों के साथ रील बनाने लगे, जानकारी हो कि जब जमीन खोदकर पत्थर निकाला जाता है तो उस जगह पर पानी भर जाता है इस गड्ढे नुमा तालाब में करीब 100 फीट पानी से भरा है। रील बनाने के लिए पानी के ऊपर मोहम्मद तौसीफ ने छलांग तो लगाया तौसीफ ने ऊपर पानी पर तैर कर ऊपर उठने के जगह वह गहरे पानी में डूबता चला गया मृतक तौसीफ के मित्रों ने रील बनता रहा। जब तौसीफ कुछ देर के बाद नहीं उठा तो मित्रों ने उनके घर वालों को खबर दिया। घर वाले पुलिस-प्रशासन को सूचना दिया गोताखोरों की मदद से देर रात्रि बड़ी मशक्कत के बाद तौसीफ का शरीर को पानी से बाहर निकला।

जिसे तुरंत साहिबगंज सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद तौसीफ की मृत्य शरीर को परिवार जनों को सौंप दिया गया। उधर घर वालों का रो रो कर बुरा हाल है पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

खबर मन्त्र

रांची.बुधवार. 22 मई 2024



# प्रदूषण की मार


दुनिया में एक साल में नब्बे लाख लोग प्रदूषण के चलते मौत के मुंह में समा जाते हैं। सबसे चिंता की बात यह कि एक साल में भारत में वायु प्रदूषण से सोलह लाख से अधिक लोग मरे। दुनिया की चर्चित स्वास्थ्य पत्रिका लैंसेट की ताजा रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2019 में प्रदूषण से जो नब्बे लाख मौतें हुई उसमें 75 फीसदी मौतें वायु प्रदूषण से हुई हैं। साथ ही तेरह लाख लोगों की मौतें प्रदूषित पानी पीने से हुई। दुनिया में होने वाली हर छठी मौत का प्रदूषण से होना बताता है कि हमें आधुनिक विकास मॉडल की विसंगतियों पर नये सिरे से विचार करना होगा। आज जो औद्योगिक व रासायनिक प्रदूषण लाखों जिंदगियां लील रहा है उस पर अंकुश लगाने की गंभीर पहल होनी चाहिए। निस्संदेह, यह समस्या केवल भारत या विकासशील देशों की ही नहीं है, विकसित देश भी इस संकट से जूझ रहे हैं। लेकिन संपन्न देश इस संकट से बचाव के उपायों को करने में सक्षम हैं। दरअसल, विकसित देशों की समृद्धि शेष दुनिया के संसाधनों के अनैतिक दोहन और पर्यावरण की चिंता किये बगैर हुई औद्योगिक क्रांति के जरिये ही आई है। वैश्विक पर्यावरणीय चिंताओं को दूर करने के लिये विकासशील देशों ने गरीब मुल्कों द्वारा ग्रीन हाउस गैसों पर नियंत्रण के लिये उठाये जाने वाले कदमों के एवज में जो मदद का वायदा किया था, उसे पूरा नहीं किया गया। यही वजह है कि टोक्यो समझौते, पेरिस समझौते से लेकर ग्लासगो घोषणापत्रों को अमलीजामा नहीं पहनाया जा सका। कालांतर यही विकास मानव को विनाश की ओर ले जाने लगा। आज दुनिया का तापमान उस स्तर तक जा पहुंचा है कि ग्लोबल वार्मिंग के रूप में कुदरत के कहर से मानव कराह रहा है। अब समय कुछ करने का है न कि भाषण, सेमिनार और वादों से स्थिति नियंत्रित होने को है।

# सुखद संकेत

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के बाद हुए पहले मतदान में प्रतिशत का अधिक रहना सुखद ही है यह घाटी के लोगों के लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विश्वास बढ़ने को दशार्ता है। कालांतर ये इस केंद्रशासित प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलवाने और यथाशीघ्र विधानसभा चुनाव करवाने का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। बहरहाल, पूरे देश में चुनाव प्रतिशत में कमी के रुझान पर चुनाव आयोग को भी गंभीर मंथन करना चाहिए कि मतदान बढ़ाने के लिये देशव्यापी अभियान चलाने के बावजूद वोटिंग अपेक्षाओं के अनुरूप क्यों नहीं हो पायी। वहीं राजनीतिक दलों को भी आत्ममंथन करना चाहिए कि मतदाता के मोहभंग की वास्तविक वजह क्या है। यह भी कि जनता में यह धारणा क्यों बन रही है कि वायदे सिर्फ वायदे बनकर ही रह जाते हैं। कुल मिलाकर देश में राजनीतिक धारा को लेकर जनता में जो अविश्वास गहरा हो रहा है, उसे यदि समय रहते दूर करने का प्रयास न किया गया तो आने वाले समय में उसके नकारात्मक परिणाम सामने आ सकते हैं। राजनीतिक दलों को एक-दूसरे पर आक्षेप करने का अधिकार है, लेकिन गरिमा बनी रहे। नेताओं को फेक न्यूज का सहारा लेने से बचना चाहिए। आरोपों के स्तर में लगातार आ रही गिरावट भी गंभीर चिंता का विषय है। इससे धीरे-धीरे जनप्रतिनिधियों व जनता के बीच दूरी बढ़ती जा रही है। जो विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की प्रतिष्ठा के अनुरूप नहीं कहा जा सकता। आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी क्यों हम आम मतदाता को इतना जागरूक नहीं कर पाये कि वो वोट डालने को अपना नैतिक दायित्व मान सके। आंध्र प्रदेश में कुछ मतदाताओं ने मतदान की पूर्व संध्या पर हंगामा किया कि उन्हें वोट के बदले मिलने वाले रुपये कम मिले या नहीं मिले। निश्चित कुछ सुखद संकेतों के साथ चुनाव अपने अंतिम दो चरणों की ओर है।

# उत्तराखंड में आग से दहकते जंगल, जिम्मेदार कौन?





-गोपाल नारसन

गर्मी में सूखे और तेज हवाएं चलती हैं, जो जंगल की आग को भड़काने में काफी मददगार होती हैं। सूखी वनस्पति आग के लिए ईंधन का काम करती है, जबकि तेज हवाएं तेजी से लपटों और अंगारों को आगे बढ़ाती हैं, जिससे आग अप्रत्याशित रूप से और बड़े क्षेत्रों में फैल सकती है।

उत्तराखंड के वन अधिकारियों ने भी आग के तेजी से फैलने का कारण तेज हवाओं को बताया जिसने इसे क्राउन फायर में बदल दिया है। उत्तराखंड में जंगल की आग की घटनाएं मुख्य रूप से मानवीय गतिविधियों के कारण होती हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोग कभी-कभी कृषि या पशुधन चराने के लिए क्षेत्रों को खाली करने के लिए घास के मैदानों में आग लगा देते हैं। इससे अनजाने में बड़ी जंगल की आग भड़क जाती है इसके अलावा, इस प्री-मानसून सीजन में कम बारिश के कारण मिट्टी की नमी की कमी और जंगल में मौजूद सूखी पत्तियों, चीड़ की सुइयों और अन्य ज्वलनशील पदार्थों की उपस्थिति ने भी ऐसी घटनाओं में योगदान दिया है। चमोली पुलिस ने गैरसैण इलाके में स्थित एक जंगल में आग लगाने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि इन लोगों ने कथित तौर पर जंगल में लगी आग की घटना का वीडियो रिकॉर्ड किया और सोशल मीडिया पर लाइक, व्यू और फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए शेयर कर दिया।

हालांकि आग बुझाने के लिए तकनीक मौजूद है, लेकिन जंगल की विशेष परिस्थितियों के कारण ये बहुत कारगर साबित नहीं हो पाती। उदाहरण के लिए, पानी की बाल्टियों या टैंकों से लैस हेलीकॉप्टर आग की लपटों और हॉटस्पॉट पर पानी गिराने में सहायक हो सकते हैं, लेकिन उनका उपयोग उपलब्धता, मौसम की स्थिति और जल स्त्रोतों की पहुंच जैसे कारकों से सीमित हो सकता है। इसी तरह, जंगल की आग की प्रगति को धीमा करने के लिए विशेष अग्निरोधी रसायनों का इस्तेमाल किया जा सकता है। उत्तराखंड के वन अधिकारियों ने भी आग के तेजी से फैलने का कारण तेज हवाओं को बताया जिसने इसे क्राउन फायर में बदल दिया है।

इसी तरह, जंगल की आग की प्रगति को धीमा करने के लिए विशेष अग्निरोधी रसायनों का इस्तेमाल किया जा सकता है, लेकिन इसके इस्तेमाल में कई तरह की समस्याएं हैं। बात सिर्फ आग की लपटों पर काबू पाने की नहीं, अग्निशामक तकनीक की उपलब्धता के बावजूद जंगल की आग से निपटने के लिए अक्सर बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है जो केवल लपटों को बुझाने से कहीं आगे तक जाती है। इन रणनीतियों में अग्निरोधक क्षेत्र तैयार करना है। अग्निरोधक क्षेत्र वो इलाके होते हैं जहां बिल्कुल सफाई होती है, कोई जंगल-झाड़ नहीं ताकि वहां आग पकड़ने या वहां से आग बढ़ने की कोई गुंजाइश नहीं रहे। इसी तरह, गर्मी आने से पहले आसानी से आग पकड़ने वाले इलाकों में छोटे पैमाने पर आग लगाकर झाड़ियों को जला देने से भी बड़ी आगे का वाहक खत्म हो जाता है।

अभी तक आग से 108 हेक्टेयर जंगल जलकर खाक हो गया है। उत्तराखंड के वन विभाग द्वारा जारी एक दैनिक बुलेटिन के अनुसार, 24 घंटों में राज्य के कुमाऊं क्षेत्र में जंगल में आग लगने की 26 घटनाएं हुईं, जबकि गढ़वाल क्षेत्र में पांच घटनाएं हुईं, जहां 33 l34 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ। आग से लड़ने के लिए कुमाऊं में भारतीय सेना की दो टुकड़ियां भी तैनात की गई हैं।

जमीनी स्तर पर काम करने वाली अग्निशमन टीमें जंगल की आग से सीधे निपटने में अहम भूमिका निभाती हैं। वो अक्सर आग की लपटों को दबाने और आगे के इलाकों की सुरक्षा के लिए हाथ के औजार, पाइप और आग को रोकने वाले फोम जैसे औजारों का इस्तेमाल करती हैं। इसके अलावा हेलीकॉप्टर, एयर टैंकर और ड्रोन आदि से पानी या आग रोकने वाले अन्य पदार्थों को प्रभावित इलाकों में पहुंचाया जाता है। साथ ही, आग कैसा रुख अपना सकती है, इसका आकलन करने और जिन क्षेत्रों में प्राथमिकता से जरूरी कदम उठाए जाने हैं, उनकी पहचान करने के लिए टोही मिशन भी चलाया जाता है।आग कितनी भीषण है, मौसम की स्थिति कैसी है और आग बुझाने के संसाधन कैसे हैं, इन सब कारकों से तय होता है कि आग पर काबू पाना कितना कठिन या आसान होगा।

उत्तराखंड सरकार ने हाल ही में आग बुझाने के लिए जो ततपरता दिखाई है,वैसे आग लगने के समय ही दिखाई होती तो अब तक आग पर नियंत्रण हो गया होता। वास्तव में आग वातानुकूलित कक्षों में बैठकर मंत्रणा करने से नहीं मौके पर जाकर ठोस कार्रवाई से ही बुझ सकती है। जो देर से आग बुझाने के लिए उठाया गया सही कदम है। वहीं वन तस्करों द्वारा आग लगाकर जंगलों को काटने से रोकने पर भी सख्ती करनी होगी।चार्ल्स डार्विन ने सर्वाइवल ऑफ द फिटेस्ट में कहा था कि हर प्राणी को खाने के लिए भोजन व रहने के लिए स्थान चाहिए।उन्हें उन प्राणियों से बचाव के लिए जगह चाहिए जो उदरपूर्ति के लिए उन्हें मारना चाहते हैं। उन प्राणियों का इलाका चाहिए जहां उनके शिकार जीव या वनस्पति सहजता से उपलब्ध हो।इसके लिए इंसानों व अन्य जीवों ने हर तरह के तरीके अपनाए,तभी तो कब्जेदारों, आक्रमणकारी प्रजातियों और बचने वालों के बीच लगातार जंग चलती है, जो भारी पड़ता है वो सर्वाइव करता है, बाकी बचे कमजोर या तो संख्या में कम हो जाते हैं, या फिर खत्म हो जाते है। इन रणनीतियों में अग्निरोधक क्षेत्र तैयार करना है। अग्निरोधक क्षेत्र वो इलाके होते हैं जहां बिल्कुल सफाई होती है, कोई जंगल-झाड़ नहीं ताकि वहां आग पकड़ने या वहां से आग बढ़ने की कोई गुंजाइश नहीं रहे। इसी तरह, गर्मी आने से पहले आसानी से आग पकड़ने वाले इलाकों में छोटे पैमाने पर आग लगाकर झाड़ियों को जला देने से भी बड़ी आगे का वाहक खत्म हो जाता है।

कभी लकड़ी के लालच में अंग्रेजों ने चीड़ और देवदार के जंगल लगाए थे। जिससे उत्तराखंड के जंगलों का वेजिटेशन मिक्स हो गया है, जिसे सरकारों और पूर्वजों ने आज तक नहीं सुधारा ।

(लेखक, सामाजिक सरोकारों से जुड़े वरिष्ठ पत्रकार हैं।)

खास बात

## दो अरब लोग करते हैं योग



स्वामी मुक्तरथ

योग - अभ्यास का एक प्राचीन रूप जो भारतीय समाज में हजारों साल पहले विकसित हुआ था और उसके बाद से लगातार इसका अभ्यास किया जा रहा है। इसमें किसी व्यक्ति को सेहतमंद रहने के लिए और विभिन्न प्रकार के रोगों और अक्षमताओं से छुटकारा पाने के लिए विभिन्न प्रकार के व्यायाम शामिल हैं। यह ध्यान लगाने के लिए एक मजबूत विधि के रूप में भी माना जाता है जो मन और शरीर को आराम देने में मदद करता है। दुनियाभर में योग का अभ्यास किया जा रहा है। विश्व के लगभग 2 अरब लोग एक सर्वेक्षण के मुताबिक योग का अभ्यास करते हैं।

शरीर, मन और आत्मा को नियंत्रित करने में योग मदद करता है। शरीर और मन को शांत करने के लिए यह शारीरिक और मानसिक अनुशासन का एक संतुलन बनाता है। यह तनाव और चिंता का प्रबंधन करने में भी सहायता करता है और आपको आराम से रहने में मदद करता है। योग आसन शक्ति, शरीर में लचीलेपन और आत्मविश्वास विकसित करने के लिए जाना जाता है। योग के फायदे

मांसपेशियों के लचीलेपन में सुधार

शरीर के आसन और एलाइनमेंट को ठीक करता है

बेहतर पाचन तंत्र प्रदान करता हैआंतरिक अंग मजबूत करता है

अस्थमा का इलाज करता है

मधुमेह का इलाज करता है

दिल संबंधी समस्याओं का इलाज करने में मदद करता है

त्वचा के चमकने में मदद करता है

एकाग्रता में सुधार

मन और विचार नियंत्रण में मदद करता है

चिंता, तनाव और अवसाद पर काबू पाने के लिए मन शांत रखता है तनाव कम करने में मदद करता हैरक्त परिसंचरण और मांसपेशियों के विश्राम में मदद करता है

वजन घटाना

चोट से संरक्षण करता है

ये सब योग के लाभ हैं।

(लेखक सत्यानंद योग मिशन के योग प्रशिक्षक हैं।)

# ध्यान का भाव

धर्म-प्रवाह

स्वामी निरंजनानंद सरस्वती

एक बार 1977 में मैं तस्मानिया में कार से यात्रा कर रहा था। कार में मेरे अलावा कार-चालक भी था। हम लोग शहर से दूर एक निर्जन इलाके से होकर गुजर रहे थे। वहाँ पर एक झील थी, झील के किनारे एक विशाल वृक्ष था। मैंने क्षणभर के लिए उस वृक्ष की ओर देखा और कार आगे बढ़ गई। उसी क्षण मेरे दिमाग में कुछ परिवर्तन हुआ। मैं अपनी शारीरिक चेतना खो बैठा। मैं भूल गया कि मैं कार में बैठा हूँ। कार में होने पर भी मैं यकायक वह पेड़ बन गया। बहुत ही डरावना अनुभव था वह! वह ध्यान का अनुभव था। ध्यान एक भयावह अनुभव होता है क्योंकि जब तुम अपने शरीर की सजगता खो देते हो तब फिर क्या सहारा रह जाता है?

थोड़ी देर के लिए मैं वह पेड़ बन गया था। मैं पेड़ के तने पर चींटियों और कीड़े-मकोड़ों के ऊपर-नीचे रेंगने की सनसनी का अनुभव करने लगा। मैं अपने पत्तों के बीच हवा के बहने का, उस बयार में अपनी शाखाओं के झूलने का अनुभव करने लगा। मैं अपनी जड़ों में झील के पानी की थपथपाहट का अनुभव कर रहा था।

यह अनुभव कुछ क्षणों के लिए ही रहा, लेकिन ऐसा प्रतीत हुआ मानो यह घण्टों तक चला। एक मनुष्य के रूप में मेरी पहचान पूरी तरह विलीन हो गई, मेरा मन पूरी तरह अपने आपको वह पेड़ समझ बैठा।यही ध्यान की अवस्था है। ध्यान का अभ्यास नहीं किया जाता, यह तो मन की एक अवस्था है जो स्वतः साकार होती है।

कॉर्टून वर्ल्ड

भोज्य पदार्थ का रिसाइकिलिंग



लेटर टू एडिटर

## घटते सरकारी स्कूल

**आज** सरकारी स्कूलों की संख्या पहले से ही अपर्याप्त है और धीरे-धीरे सरकारें सरकारी स्कूलों को बंद कर उनकी संख्या कम कर रही है। एक जानकारी के अनुसार पिछले एक दशक में लगभग 1 लाख से अधिक शिक्षण संस्थाएं सरकारी या स्वायत्त संस्थाओं यथा नगर निगम, जिला पंचायतों आदि के द्वारा चलाई जा रही थी वह बंद हो चुकी है।

-रविन्द्र सिंह, गढ़वा

## एकाधिकार की होड़

**क्वांटास** जैसी विमानन कंपनी पजामे बेच रही है। विभिन्न क्षेत्रों में बड़े कारोबारियों के सामने छोटों की हालत बुरी हैः जियो ने समूचे फ्यूचर समूह को लगभग निगल ही लिया, इसके चलते डी-मार्ट को कीमतें कम करनी पड़ीं, अदाणी समूह स्थानीय हवाई अड्डों में एकाधिकार कायम कर रहा है जबकि बंदरगाह के क्षेत्र में वह पहले से ही वर्चस्व वाला है।

-सुमित, हजारीबाग

**शेर-ए-झारखंड,** मेरे पिता, स्वर्गीय दुर्गा सोरेन जी अमर रहें। अगर आज ये होता तो झारखंड कुछ और ही होता। आशा है हम सब झारखंडवासी इन्हीं की तरह झारखंड को एक बेहतर दिशा देने का काम करेंगे। एक शोषण मुक्त, भ्रष्टाचार मुक्त, सामाजिक और आर्थिक रूप से विकसित झारखंड बनाने का इनका सपना

– जयश्री सोरेन डीएसएस सेना

रोचक ट्वीट

**सपा-कांग्रेस** वालों का सुशासन और सनातन से 36 का रिश्ता है। प्रभु श्री राम का अपमान करने वालों को प्रयागराज की जनता कभी माफ नहीं करेगी। त्रिवेणी की इस पवित्र धरती को मैं प्रणाम करता हूं।

-नरेन्द्र मोदी





**मेरे पिता** राजीव गांधी जी एक विनम्र और आधुनिक सोच वाले व्यक्ति थे। उन्होंने आधुनिक भारत का एक सपना देखा था जिसके कारण आज देश में कंप्यूटर क्रांति का लाभ मिल रहा है।

-राहुल गांधी

# ब्रह्माण्ड की गुत्थियों को सुलझाता मन

डॉ. वीर सिंह

विज्ञान

मानव मन कभी किसी चीज से इतना आश्चर्यचकित नहीं हुआ जितना ब्रह्माण्ड से। ब्रह्माण्ड के सभी पहलू सदैव से ही मानव के लिए एक पहेली रहे हैं। यहाँ तक कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी की लम्बी छलांगों से भी हमारे ब्रह्माण्ड की सम्पूर्ण जानकारी नहीं मिल सकी। हम सदैव अपने ब्रह्माण्ड के बारे में इतने कल्पनाशील होते हैं ! कोई भी वैज्ञानिक आविष्कार कभी भी हमारी जिज्ञासाओं को तृप्त नहीं कर सकता! जितना अधिक हम अपने ब्रह्माण्ड के बारे जानते हैं, उतना ही हम इसके बारे में अनभिज्ञ-से हो जाते हैं। सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड हमारे मष्तिष्क में जम कर बैठा है और हमें उसके रहस्यों को सुलझाने के लिए लुभा रहा है!

विज्ञान और प्रौद्योगिकी ने हमारी सोच को पूरे ब्रह्माण्ड को एक बड़ी मशीन के रूप में और पृथ्वी को ब्रह्माण्ड से कटी एक स्वतंत्र इकाई के रूप में विश्लेषण करने के लिए प्रेरित किया है। चार्ल्स डार्विन के अपने अन्वेषण में प्रजातियों के विकास के बारे में बहुत प्रशंसित सिद्धांत ह्यप्राकृतिक चयन के माध्यम से प्रजातियों की उत्पत्तिह्न पृथ्वी को ब्रह्माण्ड से विलग कर देती है। जैसे कि जीवन की प्रक्रियाएं पृथ्वी से हे प्रारम्भ होती हैं और वहीँ उनका अंत हो जाता है और पृथ्वी ग्रह के इतर कोई कारक इसमें हस्तक्षेप नहीं करता!

पूरे ब्रह्माण्ड के संगीतमय स्पंदन की अनुभूति करने के लिए हमारी विचार प्रणाली में कोई जगह नहीं बची है। जीवन, जीवित ग्रह और ब्रह्माण्ड की वास्तविकताओं से सम्बंधित विचारों में परस्पर सम्बन्ध और सह-विकास की भावनाएं लुप्त-सी हो गई हैं। मानों ब्रह्माण्ड का जीवन और जीवित ग्रह से कुछ लेना-देना नहीं! हमारी आर्थिक व्यवस्था हमारे अस्तित्व के गर्व का अंतिम स्त्रोत बन कर उभरी है।

क्या हम तर्कशील जानवर हैं?

इन प्रणालियों ने मनुष्य को हर चीज के अंधाधुंध शोषण पर निर्भर बनाकर और पृथ्वी पर सह-अस्तित्व वाले जीवन के शेष रूपों से अलग करके मानव जीवन को हाशिए पर डाल दिया है। मानव बनाम जीवन युद्ध में मानव प्रजाति विजयी हो रही है, हालाँकि, यह विजय मानव प्रजाति को शनैः शनैः मौत की ओर धकिया रही है।

यह भी सिद्ध किया जाता है कि ब्रह्माण्ड के बारे में हमारी गहरी जानकारी के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी मूल रूप से उत्तरदायी हैं। लेकिन यह सच नहीं है। ब्रह्माण्ड हजारों वर्षों से हमारे समाजों में चर्चा के सबसे रुचिकर विषयों में से एक रहा है। ब्रह्माण्ड विज्ञान के क्षेत्र में हम सहत्राब्दियों से अग्रणीय और असाधारण रूप से समृद्ध रहे हैं। हमारे प्रचीन ग्रंथ ब्रह्माण्ड ज्ञान से परिपूर्ण हैं।

हमने खगोलीय पिंडों की स्थिति के आधार पर अपने कैलेंडर विकसित किए हैं। हम सभी ग्रहों और चंद्रमाओं की स्थिति की सटीक गणना कर सकते हैं और उसके आधार पर हम सरलता से खगोलीय घटनाओं , जैसे चंद्र और सौर ग्रहण, शुक्र पारगमन, और इसी तरह की भविष्यवाणियां कर सकते हैं। आकाशगंगाओं और नक्षत्रों के बारे में तो हमारा ज्ञान अद्भुत रहा है। ब्रह्माण्ड की हमारी गहरी समझ के आधार पर हमने खगोल विज्ञान, ज्योतिष, भविष्य विज्ञान आदि विकसित किए गए हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका और नासा के प्रादुर्भाव से पहले ही भारतवर्ष का ब्रह्मांडीय ज्ञान असाधारण रूप से उन्नत हो चुका था।

मनुष्य सदैव अलौकिक जीवन के बारे में जिज्ञासु रहा है। पृथ्वी से परे जीवन की संभावनाओं के बारे में किसी समाचार का एक फ़्लैश या एलियंस की बात मानव मन को मोहित करती है। मनुष्य की एक गहरी इच्छा यह जानने की रही है कि ब्रह्माण्ड में कहीं और भी जीवन है क्या।

# इब्राहिम रईसी के जाने से उभरे कई सवाल

डॉ. प्रभात ओझा

सामयिक

हेलिकॉप्टर हादसे में ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुलाहियन सहित अन्य सभी लोगों की मौत हो गई। आधिकारिक घोषणा से पहले इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की वेबसाइट से लेकर ईरानी टेलीविजन्स के एंकर और समाचार वाचकों के काले कपड़ों ने देश के लिए सबसे बड़े शोक का संकेत दे दिया था। मुख्य बात यह है कि इसके पहले ही ईरान में जिस तरह की हलचल दिख रही थी, वह स्वयं ईरान और मध्य एशिया के लिए शुभ नहीं कही जा सकती। आशंका का तत्काल कारण इजराइल-हमास के बीच चली झड़पें हैं। इन झड़पों की वजह से यह भी कहा जा रहा है कि ईरानी राष्ट्रपति की हेलिकॉप्टर दुर्घटना दरअसल, साजिश है। ईरान अपने राष्ट्रपति की स्थिति पर कुछ बोले, उसके काफी पहले इजराइल की इस बारे में प्रतिक्रिया सिर्फ असावधानी नहीं कही जा सकती। इजराइल ने दुनिया में सबसे पहले इस पर टिप्पणी की और कहा कि हादसे में अब किसी के भी बचने की संभावना नहीं है। उधर, अमेरिकी कांग्रेस के एक सीनेटर ने तो यहां तक कह डाला कि इस हादसे में एक बड़े ह्यआतंकवादीह्न का अंत हो गया। उसका इशारा ईरानी राष्ट्रपति के न्यायिक प्रमुख के रूप में लिए गए फैसलों की तरफ रहा होगा।

इजराइल और अमेरिकी सीनेटर के बयान के निहितार्थ निकाले जाएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अवश्य ईरान की सरकारी घोषणा के पहले सीनेट हाउस से किसी भी तरह के बयान को स्थगित रखा। यह इजराइल- हमास संघर्ष में इजराइल के साथ खड़े अमेरिका की कूटनीतिक समझदारी ही हो सकती है। हमास लड़ाकों के साथ ईरानी आईआरजीसी के रिश्तों को लेकर पहले से ही दुनिया में चर्चा रही है। इसीलिए इस युद्ध को इजराइल-ईरान संघर्ष बनने में देर नहीं लगी। अप्रैल में चली झड़पों के बीच ईरानी हमले के बाद इजराइल ने ईरान को इसकी कीमत भुगतने की चेतावनी दी थी। यही कारण है कि हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह के बेटे ने अब इस हादसे के बाद परोक्ष रूप से इजराइल को धमकी दी है। उसने कहा कि यदि यह साजिश है, तो हिजबुल्लाह दुनिया का नक्शा बदल देगा। हिजबुल्लाह एक शिया इस्लामी संगठन है और ईरान भी शिया राष्ट्र है।

स्वाभाविक तौर पर ईरान को अभी कुछ दिन इस आपदा से उबरने का वक्त चाहिए। फिलहाल इब्राहिम रईसी की जगह उपराष्ट्रपति मोहम्मद मोखबर देजफुली को उनकी जगह ईरान के राष्ट्रपति का दायित्व सौंपा गया है। ईरानी व्यवस्था के तहत 50 दिन के अंदर नए राष्ट्रपति का चुनाव कराया जाएगा। इब्राहिम रईसी की तरह मोहम्मद मोखबर देजफुली भी ईरान के सर्वोच्च नेता अली खोमोनेई के बेहद करीबी हैं। उम्मीद की जाती है कि मोहम्मद मोखबर ही अगले राष्ट्रपति हो सकते हैं। राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी को सर्वोच्च नेता अली खोमोनेई का उत्तराधिकारी माना जा रहा था। उम्र के 80 साल पार कर चुके खोमोनेई की जगह अब मोहम्मद मोखबर ले सकते हैं। ईरान में राजनेताओं के साथ सेना और धार्मिक नेता मिलकर ही देश चलाते हैं। इस व्यवस्था के तहत राष्ट्रपति ही न्यायिक प्रमुख भी हुआ करता है। इस तरह ईरान में भावुकता भरे माहौल में एक कट्टर के बाद उसी तरह के राष्ट्रपति का चुनाव सम्भव हो सकेगा। हालांकि समस्या सिर्फ यही नहीं होगी। ईरान के अंदर उथलपुथल का असर उसकी अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा। इस समय ईरान आर्थिक बदहाली में है। उसे जल्द संभलते हुए अपने तेल व्यवसाय पर भी नजर रखनी होगा। ईरान का तेल सबसे अधिक चीन को निर्यात होता रहा है। चीन और रूस इस परिदृश्य में ईरान के ही साथ हैं। फिर भी अपने लोगों को संभालते हुए दुनिया, खासकर मध्य एशिया में अपनी स्थिति ठीक रखना ईरान के लिए एक चुनौती है। राष्ट्रपति रईसी के जाने से यह चुनौती और अधिक बढ़ गई है।

स्पीड न्यूज

## किन्नर समाज ने भी किया मतदान



भुरकुंडा (रामगढ़)। किन्नर समाज के लोगों ने उत्साह के साथ मतदान किया। बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित महात्मा गांधी उच्च विद्यालय मतदान केंद्र में किन्नर समाज के सन्नी कुमार यादव, मन्नु कुमार, मुन्नी किन्नर, टीना सिंह, बुद्ध बहादुर लांबा, सोमनाथ, मंटु मांझी, दशरथ राम, प्रमोद शर्मा आदि ने मतदान के बाद अपने अंगुली पर लगे स्याही के निशान को दिखाते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान जरूरी है। उन्होंने खुद के साथ-साथ अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित किया।

## कुजू के रतवे में मंडा पूजा संपन्न



कुजू। आस्था का पर्व मंडा पूजा रतवे में मंगलवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान मंडा पूजा को लेकर मंडा समिति द्वारा छऊ नृत्य का आयोजन किया गया था। मंडा में छऊ नृत्य कार्यक्रम में प्रभात महतो बंगाल व भगवान महतो कोटशीला पार्टी की टीम शामिल हुए। इस बीच दोनों टीमों के कलाकारों ने गीता - रामायण से जुड़े प्रसंगों पर अपना - अपना कार्यक्रम रात भर मंचन किया। मंडा को लेकर 125 शिव भक्तों ने अहले सुबह स्थानीय तालाब में स्नान किया। साथ ही नया वस्त्र का धारण कर गाजे - बाजे के साथ नाचते - गाते शिव मंदिर परिसर पहुंचे। यहां पंडित मुकेश तिवारी और हनुमान विनोद महतो, देवाशी बुधु महतो, चटिया राजन महतो ने विधिवत पूजा - अर्चना कराया। तत्पश्चात शिव भक्तों ने दहकते अंगारों पर चलकर तथा अपने पीठ पर नुकिले कील चुभोकर बनस झूला झूलते हुए भगवान शिव के प्रति अपनी अटूट आस्था का परिचय दिया। मौके पर मोहन मेहता, गुनेश्वर महतो, चरण करमाली, रामजी मुंडा, अध्यक्ष तुलेश्वर प्रसाद, सचिव लक्ष्मीकांत महतो, कोषाध्यक्ष राजनाथ महतो, उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार, सह सचिव प्रेम प्रजापति, संरक्षक में रामेश्वर महतो, वीरू महतो, सूबेदार महतो, ईश्वर महतो, लोकेश्वर महतो, अशोक महतो, मुखिया प्रतिनिधि नफीस आलम आदि शामिल थे।

## वोट डालकर उत्साहित दिखें पप्पू सिंह



भुरकुंडा (रामगढ़)। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़ जिला अंतर्गत पतरातू प्रखंड के भुरकुंडा कोयलांचल के सीसीएलकर्मियों ने पहली बार चुनाव से पूर्व मतदान करके काफी उत्साहित दिखें। चुनावी ड्यूटी में लगे भुरकुंडा परियोजना अतंर्गत बलकुदरा खदान में कार्यरत सीसीएल कर्मी पप्पू सिंह, लक्ष्मी नारायण प्रसाद और नौशाद आलम ने बताया कि इससे पूर्व चुनाव ड्यूटी में रहने के कारण हमलोग मतदान से वंचित रह जाते थें। चूंकि मतदान ड्यूटी घर से दूर-दराज के क्षेत्रों में रहता था। इस कारण चाहकर भी मतदान नहीं कर पाते थें। इस बार चुनावी ड्यूटी के दौरान गांधी मेमोरियल हाई स्कूल रामगढ़ में बैलेट पेपर से मतदान कर काफी खुशी महसूस कर रहे हैं। पप्पू सिंह ने बताया कि इस बार चुनाव आयोग के आदेश पर रामगढ़ डीसी के तत्परता और जागरूकता के कारण चुनाव में बैलेट पेपर से मतदान करने का मौका मिला। मतदान करने के बाद सीसीएलकर्मियों ने अपने उंगली पर लगे स्याही के निशान को दिखाते हुए लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित किया। साथ ही वोटिंग के बाद सेल्फी लेते मतदान कर्मी सह सीसीएल कर्मी पप्पू सिंह, लक्ष्मी नारायण प्रसाद और नौशाद आलम ने इंटरनेट मीडिया पर भी वोटिंग की सेल्फी अपलोड कर मतदान के लिए लोगों के बीच जागरूकता फैलाने का कार्य किया। इस नेक पहल के लिए पप्पू सिंह सहित अन्य सीसीएलकर्मियों ने रामगढ़ डीसी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए हर्ष जताया है।

## जदयू ने प्रशासन का जताया आभार

कुजू। जदयू रामगढ़ जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद व जिप सदस्य दयामंति देवी ने लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण कुजू क्षेत्र में संपन्न होने को लेकर पुलिस-प्रशासन सहित क्षेत्र के मतदाताओ का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन ने पूरी मुस्तैदी के साथ कुजू क्षेत्र के विभिन्न बूथ केंद्रों पर समुचित व्यवस्था किया है। जिससे मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। वहीं उन्होंने मतदाताओं को सहुलियत प्रदान करने के लिए सहिया दीदियों, विद्यालय के शिक्षक व बच्चों का भी आभार प्रकट किया है।

## बड़कीपोना में मंडा पूजा कमेटी गठित

रजरप्पा। बड़कीपोना चौक स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में पिछले दिनों ग्रामीणों की बैठक हुई। उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि आगामी 2 जून (प्रथम टीम) बीनाधर कुमार पुरुलिया एवं (द्वितीय टीम) गुरुचरण नायक (पुरुलिया) के बीच जोरदार छउ नृत्य का आयोजन किया गया है। यहां नृत्य देखने के लिए आसपास गावों के सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ती है। वहीं, मंडा पूजा को सफल बनाने के लिए कमेटी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष रोशन कुमार, उपाध्यक्ष बिनोद कुमार, सचिव शम्भु कुमार, सहायक सचिव प्रदीप कुमार, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार, उप कोषाध्यक्ष पवन कुमार, संरक्षक प्रदीप कुमार, संयोजक अमृत कुमार, सलाहकार नंदकिशोर राम दांगी एवं रमेश दांगी को चुना गया है। कार्यकारिणी में कई लोग शामिल है।

# अपराधियों ने जेसीबी जलाया

## बरका सायल डी कोलियरी में की फायरिंग, दहशत





खबर मन्त्र संवाददाता

रामगढ़/भुरकुंडा । जिले के भुरकुंडा ओपी क्षेत्र में बरका सायल डी कोलियरी में अपराधियों ने एक बार फिर दहशत फैलाई है। यहां सोमवार देर रात एक जेसीबी मशीन में आग लगा दी गई। मंगलवार को इस मामले की पुष्टि करते हुए पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र राम ने बताया कि किस आपराधिक गिरोह के लोगों ने इस वारदात को अंजाम दिया है, इसका पता लगाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सीसीएल के सयाल डी कोलियरी में आउटसोर्सिंग कंपनी के द्वारा माइनिंग का काम किया जा रहा है। उस कंपनी से अपराधियों ने रंगदारी की मांग की थी। सोमवार रात आधा दर्जन से अधिक अज्ञात अपराधी वहां पहुंचे और उन लोगों ने वहां खड़ी जेसीबी मशीन में आग लगा दी। साथ ही दहशत फैलाने के लिए दो राउंड हवाई फायरिंग भी की। घटना के सूचना मिलते ही मंगलवार को पुलिस वहां पहुंची और पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। पुलिस के अनुसार नकाबपोश अपराधियों ने चार दिन पहले ग्राम सरिया में नीतीश नामक व्यक्ति के घर के बाहर अंधाधुंध फायरिंग की थी। यह वारदात भी रंगदारी से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है। लेकिन पुलिस अभी भी उन अपराधियों को पकड़ नहीं पाई है। चार दिन में यह दूसरी घटना है जब अपराधियों ने वहां गोली चलाई है।

## इचाक में दिनदहाड़े 49,000 रुपए झपटा

इचाक। कैलाश गोप के 49,000 रुपये छिनकर दिनदहाड़े चोर फरार हो गये। थाना में आवेदन देकर पीड़ित ने चोर को पकड़कर पैसा दिलाने का मांग की। आवेदन में लिखा कि 21 मई के दोपहर 02 बजे इचाक बाजार के ग्रामीण बैंक से49000 निकासी कर वापस जलौंध अपना घर लौट रही थी। इसी दरमियान दर्जी मौहल्ला के ठोकर पास एक बाइक में सवार दो लड़का बैठा हुआ था। हमलोग भी बाइक से घर जा रहे थे। पैसा थैला में पकड़कर घर जा रहे थे। चोर ने ठोकर पास, थैला में रखे हुए पैसे को झपट कर भागने लगा। पीड़ित परिवार ने चोर की पीछा किया। लेकिन तेजी गति से भागने में चोर कामयाब हो गया। फरार हो गया चोर को लेकर इचाक थाना में आवेदन दिया गया है।बाजार के सीसी टीवी कैमरे में चोर को देखा भी जा रहा है। पीड़ित ने आग्रह किया कि जिन्हे भी चोर दिखाई दे। संपर्क करें। चोर की सफेद रंग की पल्सर बाइक था और सफेद रंग काला रंग का चोर का टीशर्ट था।

# श्री अग्रसेन स्कूल के सेकंड टॉपर सम्मानित

- सीबीएसइ 10वीं में आदित्य को मिला है 94.8 प्रतिशत अंक
- बच्चों की सफलता माता-पिता के लिए बड़ा उपहार : शशि अग्रवाल



खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। जवाहर नगर भुरकुंडा निवासी डॉली देवी व शशि अग्रवाल के पुत्र सह श्री अग्रसेन स्कूल पटेलनगर भुरकुंडा का छात्र आदित्य कुमार अग्रवाल को सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा में बेहतर अंक से सफलता अर्जित करने पर सम्मानित किया गया। आदित्य ने 10वीं बोर्ड की परीक्षा में 94.8 अंक प्राप्त कर श्री अग्रसेन स्कूल का सेकंड टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है। आदित्य की सफलता पर मंगलवार को जवाहर नगर वासियों ने सम्मानित करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं डॉली देवी और शशि अग्रवाल ने मिठाई खिलाकर आदित्य को आशीर्वाद देते हुए कहा कि बच्चों की सफलता से बड़ा माता-पिता के लिए और कोई उपहार नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन का अनमोल रत्न है। सभी माता-पिता को अपने बच्चों के शिक्षा के प्रति विशेष ध्यान देना चाहिए। अपनी सफलता से आदित्य ने पूरे अग्रवाल परिवार का मान बढ़ाया है। उम्मीद है कि वह आगे भी बेहतर शिक्षा प्राप्त कर देश की सेवा में अहम भूमिका निभायेगा। बच्चे की सफलता से गदगद शशि अग्रवाल ने कहा कि कठिन परिश्रम व लक्ष्य का निर्धारण कर पढ़ाई की जाये तो सफलता जरूर मिलती है। आदित्य अग्रवाल ने अपनी सफलता का श्रेय मात-पिता, गुरूजनों व कठिन परिश्रम को दी है। आदित्य की सफलता पर श्रीनिवास अग्रवाल, अर्चना देवी, आशीष अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, साक्षी अग्रवाल, वर्षा अग्रवाल, सपना अग्रवाल, दिव्या अग्रवाल, राजू सिंह, प्रमोद पासवान, मनोहर राजभर, मो. साजिद अंसारी, राकेश सिंह, संतोष पासवान, आदर्श गुप्ता कमलेश मेहता सहित परिजनों हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## भुनेश्वर यादव के शांतिपूर्ण मतदान के लिए दिया धन्यवाद

बरही। बरही विधानसभा के वरिष्ठ समाजसेवी भुनेश्वर यादव ने हजारीबाग लोकसभा के मतदाताओं को शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव को लेकर दी बधाई। खासकर बरही विधानसभा के मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस तरह बरही विधानसभा के मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किए, जिसका श्रेय पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के चलते संभव हो सका है। यादव ने कहा कि इस तरह के व्यवस्था से आमजनों में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों पर भरोसा बढता है। यादव ने कहा कि संजय कुमार मेहता जो साधारण परिवार से आते हैं, संघर्षशील और शिक्षित है। उनके पक्ष में मतदान करने के लिए देवतुल्य महान मतदाताओं से अपील की।

# वोट को लेकर उत्साहित थीं महिलाएं

## कुजू में कई बूथों पर लगी थी लंबी कतार



कुजू। लोकसभा चुनाव में मतदान को लेकर सुबह से ही बूथों पर मतदाताओं की लंबी कतार लगी रही। केंद्र पर अपनी-अपनी बारी का इंतेजार करते दिखे। साथ ही शांतिपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए काफी उत्साहित दिख रहे हैं। सबसे बड़ी बात है कि कई बूथ पर महिला मतदाताओं की लंबी कतार लगी हुई है। महिलाएं सुबह ही घरों से निकलकर पहले मतदान फिर जलपान करने की बात कर रही हैं। वहीं पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए पहुंचे मतदाता भी काफी उत्साहित दिखे। दूसरी ओर सुरक्षा को लेकर बूथ पर सुरक्षाकर्मियों की तैनाती थी। साथ ही बूथ केंद्रों पर मेडिकल की भी व्यवस्था थी। वोटिंग प्रारंभ का समय निर्वाचन आयोग ने 7 बजे की निर्धारित कर रखी थी। इस बीच सभी जागरूक महिला पुरुष मतदाता समय निकालकर अपने-अपने बूथ केंद्र पर पहुंचे। साथ ही अंतिम समय 5 बजे तक अपना-अपना वोटिंग किया। सुबह में मतदाता बड़ी संख्या में पहुंचकर अपना मतदान किया। फिर जैसे ही धूप चढ़ने के साथ गर्मी का एहसास होने लगा वैसे बूथ केन्द्रो में वोटरों की संख्या कम हो गई। दोपहर के बाद वोटरों के आने की रफ्तार बढ़ी और उन्होंने भी एक-एक कर अपना वोट दिया। इधर कई बूथ केंद्रों पर छाव के लिए छावनी की व्यवस्था भी नहीं की गयी थी। जिसके कारण मतदाता कड़ी धूप में कतारबद्ध होकर अपना मत का प्रयोग किया। बताया जाता है कि कुजू निवासी देवंती देवी पब्लिक उच्च विद्यालय जब बूथ केंद्र पहुंचकर अपनी वोटर आईडी का जांच करायी तो उसमें महिला को मृत दिखाया गया है। जबकि महिला जीवित थी। पब्लिक हाई स्कूल कुजू में बूथ संख्या 223 के पास अचानक साँप के आ जाने से मतदाताओ में हड़कंप मच गया। बाद में किसी तरह से साँप को सुरक्षा के जवानों ने बाहर निकाला। इसके बाद मतदाताओं ने राहत की सांस लिया। कुजू के तीन पंचायत के अलावे ओरला, तोपा, सांडी, दिगवार, करमा, बोंगावार, आरा, सारूबेडा के बूथ केन्द्रों पर दिव्यांग, वृद्ध के अलावे महिलाओं को मतदान करने के लिए राहत देते हुए अन्य लोगो से पहले ही मतदान करने दिया गया। बूथ केंद्रों पर सही से मतदान को लेकर दिनभर अधिकारियों का आना-जाना लगा रहा। साथ ही मतदान कर्मियों से अधिकारियों ने पूछताछ करते हुए सही से मतदान करने के निर्देश दिया।

## निर्दलीय प्रत्याशी संजय मेहता ने जनता को दिया धन्यवाद

बरही। लोकसभा चुनाव को लेकर सोमवार को हजारीबाग संसदीय सीट पर पांचवें चरण का मतदान संपन्न हो गया है। युवा राजनीतिज्ञ और जेबीकेएसएस समर्थित हजारीबाग संसदीय सीट से निर्दलीय प्रत्याशी संजय कुमार मेहता ने इस चुनाव में सघन अभियान चलाकर अलग छाप छोड़ी है।

निर्दलीय प्रत्याशी होने के बावजूद जिस तरह से उन्होंने अपना प्रचार अभियान चलाया है निश्चित यह मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। मतदान के बाद संजय मेहता ने कहा है कि हजारीबाग के इस चुनाव में जनता ने अपनी ताकत का अहसास करा दिया है। झारखंडी माटी का स्वाभिमान बचाने के इस जंग में जिस तरह से युवाओं ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की वह एक बड़े बदलाव का संदेश है। संजय ने कहा कि हजारीबाग में हमलोग इतिहास लिखने को तैयार हैं। 4 जून को जनता का फैसला जो भी हो स्वीकार्य रहेगा। संजय मेहता ने इस चुनाव में अपनी भागीदारी निभाने वाले सभी के प्रति धन्यवाद प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि पिछले 3 वर्षों से स्थानीयता, नियोजन, विस्थापन, पुनर्वास सहित झारखंडी मुद्दों को लेकर जनता की आवाज बुलंद कर रहे सभी झारखंडी क्रांतिकारियों ने पूरे चुनाव प्रचार में भरपूर साथ दिया है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के मीडिया बंधु, डिजिटल एवं स्वतंत्र पत्रकारों ने सहयोग देकर हम सबका हौसला बढ़ाया है। कम संसाधनों के के बावजूद जनता ने दिल खोल कर स्वागत किया है। जिस तरह से आम जनमानस और हजारीबाग के हर वर्ग ने अपना आशीर्वाद देकर मेरे हौसले को संबल दिया है। मैं सभी के प्रति आभार प्रकट करता हूं।

# पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में दिखा गजब का उत्साह









खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। चुनाव में पहली बार वोट करने वाले युवक-यवितयों ने मतदान के बाद खुशी का इजहार किया। उन्होंने अपने उंगली पर लगे स्याही का निशान दिखाते हुए कहा कि माता-पिता व बड़े-बुजुर्गों को वोट करने जाते देखते थे कि हम कब वोट करेंगे। 18 आयु वर्ष पुरा होने के बाद जब इस वर्ष लोकसभा चुनान में हमें भी मतदान करने का अधिकार मिला तो हमें बहुत खुशी हुई। इधर लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए हैदराबाद से अपने घर आई रिभर साईड निवासी सह जुबिली कॉलेज भुरकुंडा के सेवानिवृत प्रो. शंभु प्रसाद की पुत्री सीबी सौर्या अपने कंपनी से छुट्टी लेकर प्लेन से भुरकुंडा रिभर साईड अपने घर पहुंची। मतदान करने के बाद उंगली में लगे स्याही को दिखाते हुए सेल्फी लेते हुए खुशी का इजहार किया। भुरकुंडा पंचायत के हॉस्पिटल कॉलोनी निवासी संजय कुमार मिश्रा के दोनो पुत्र अपूर्व राज व आदर्श राज ने बूथ संख्या 372 मतदान केंद्र पंचायत भवन में प्रथम बार मतदान किया। वहीं जवाहर नगर भुरकुंडा निवासी ललन सिन्हा की पुत्री ऋषिका सिन्हा व रिभर साईड भुरकुंडा निवासी सेवानिवृत प्रो. शंभु प्रसाद की पुत्री सीबी सौर्या ने पहली बार मतदान करने के बाद कहा कि लोकतंत्र में आज उनकी भी भागीदारी होना उनके लिए काफी यादगार रहेगी।

एक नजर में

## चरही में धूमधाम से मना मंडा पूजा

चरही। चरही में इस साल भी सात दिवसीय मंडा पूजा मना। शिव भक्तों ने नौ दिनों तक लगातार लोटन सेवा करते आ रहे हैं। भक्त नौ दिनों तक फल सेवन करते हैं। पूर्णिमा के दिन निर्जला उपवास रख शिव-पार्वती की पूजा अर्चना करते हैं। इसकी शुरूआत पटभंगी पूजा से किया गया है। शिव भक्तों ने शिव मंदिर में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर भगवान शिव पर अर्पित भभूत को पूरे गांव में वितरण किया जाता है।इस अवसर पर पूजा कमिटी के द्वारा मेला और दर्शकों के लिये छऊ नृत्य का भी आयोजन किया गया है। इसे देखने के लिये दूर-दराज के गावं से लोगों आते हैं।ग्रामीण रात-भर मेले और नृत्य का आनंद लेते हैं।अहले सुबह शिव भक्तों ने दहकते आग के अंगारों पर नंगे पांव चलते हैं।इस कार्यक्रम को संपन्न होने के बाद पुन: शिव मंदिर में पूजा-अर्चना शिव भक्तों ने अपने-अपने पीठ पर लोहे के बने मोटे-मोटे और नुकिले कील को पीठ पर चुभोकर रस्सी के सहारे 50 फीट के बने बनस झूला को झुलकर इस पूजा को संपन्न कर पारण करते हैं। इस पूजा को 24 मई सुबह को समापन किया जाएगा।मंडा पूजा को सफल बनाने में पूजा कमिटी के बासुदेव करमाली,उमेश सिंह,अजीत सिंह,भुनेश्वर ठाकुर,रमेश करमाली,लाल सिंह,मुरारी सिंह,सत्येन्द्र नारायण सिंह,रामचरण करमाली,कुलेश्वर करमाली,किशुन महतो,बडेलाल ठाकुर,छोटेलाल ठाकुर,बंगाली करमाली,गुडू महतो,शिव कुमार यादव,दीपनारायण महतो इत्यादि लोग लगे हुए हैं।

## चरही में भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त

चरही।चरही तथा कोयलांचल क्षेत्र में भीषण गर्मी लोग परेशान हैं। जंगली जानवर,पशु-पक्षी भी बेहाल हैं।नदी-नाले अहरा,पोखर,तालाब और कुएं सूखने लगे हैं।गावं के ग्रामीण सुबह उठकर पानी के तलाश में जुट जाते हैं।मवेशी जंगली जानवर और पशु पक्षी भी पानी के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर हो रहे हैं।तेज धूप और गरम हवा चलने के कारण ग्रामीण इससे बचने के लिए अपने-अपने घरों में दुबक जाते हैं।सुबह 8 बजते ही सूर्य का तापमान बढ़ने लगता है।दिन प्रतिदिन तापमान बढ़ता ही जा रहा है।तेज गर्मी पड़ने के कारण लोग घर से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।इसके अलावे एक जगह से दूसरे जगह आने-जाने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।लोग जरूरी कार्य भी नहीं निपटा पा रहे हैं।शाम 6 बजे के बाद ही लोगों को थोड़ी राहत की सांस ले पाते हैं।औ? घर से बाहर निकल पाते हैं।तेज गर्मी पड़ने के कारण गावं के गलियों औ? सड़कों पर सनाटा पसर जाता है।इस गर्मी के कारण प्रतिदिन मजदूरी करने वाले मजदूरों पर भी इसका असर पड़ा रहा है।पहले तो लोग गर्मी के दिनों में भी अपने कार्य को सही ढंग से निपटाकर घर वापस लौटते वक्त पेड़ के छाया का सहारा लिया करते थे।ताकि गर्मी से राहत मिल सके।लेकिन सड़कों किनारे पेड़ भी नहीं के बराबर नजर आते हैं।ताकि लोग सहारा ले सके।

## बरही में पेयजल के लिए मचा हाहाकार

बरही। बढ़ती गर्मी और सूखते जलस्रोत ने बरही वासियों को परेशान कर रखा है। बरही पश्चिमी, पूर्वी, कोनरा, तुरी टोला, कारीमाटी, पड़ीरमा आदि विभिन्न इलाकों के जलस्रोत पूरी तरह सुख गए है। सरकारी जलमिनार लगभग दम तोड चुके हैं। बरही चौक के लोग बताते है कि पानी की किल्लत से मुहल्लेवासी परेशान है। पेयजल की समस्या के कारण उन्हे अपना घर छोड़कर रहना पड़ रहा है। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधि से इसे गंभीरता से लेते हुए प्रतिदिन टैंकर से पानी उपलब्ध करवाने की मांग किया है। वही तुरी टोला के युवकों ने बताया कि पेयजल समस्या को निराकरण के लिए जनप्रतिनिधियों ने कई बार वायदे और आश्वासन दिया है, परंतु सभी बेकार हैं। बोरिंग भीं लगभग सूखता जा रहा है। यही हाल कोनरा, तेली टोला और धोबी टोला आदि क्षेत्रों में देखने को मिल रहा हैं। स्थानीय लोगो ने बताया कि कुछ दिन पहले प्रखंड प्रमुख मनोज रजक के पहल पर एक या दो बार टैंकर से पेयजल की व्यवस्था की गई थी, जो प्रतिदिन होनी चाहिए।

## मतदान कर लौटी महिला का निधन

इचाक। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण का मतदान कर घर लौटी महिला का आकस्मिक निधन हो गया। जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। मामला थाना क्षेत्र के चंदा गांव का बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चंदा गांव निवासी जन वितरण प्रणाली के दुकानदार मुरलीधर प्रसाद मेहता की पत्नी गीता देवी (65) सोमवार को सुबह लगभग 10 बजे वोट डालने मवि करियातपुर के बूथ संख्या 414 पर गई और मतदान कर वापस अपने घर लौटी। भोजन किया, अपने परिजनों के साथ बातचीत किया। फिर दोपहर में सो गई। काफी देर तक सोते रहने के बाद परिजनों ने उठाया। लेकिन वह नही उठी। किसी अनहोनी की आशंका से घबराए परिजन आनन फानन में उन्हें हजारीबाग स्थित आरोग्यम असपताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गीता देवी अपने पीछे पति, तीन पुत्री और दो पुत्र समेत भरा पुरा परिवार छोड़ गई। उनके आकस्मिक निधन पर निवर्तमान सांसद अन्नापूर्णा देवी ने दु:ख जताया और फोन पर अपनी संवेदना व्यक्त किया। उनका अंतिम संस्कार चंदा स्थित मुक्ति धाम में कर दिया गया। मुखाग्नि पति मुरलीधर प्रसाद मेहता ने दिया। शव यात्रा में कांग्रेस प्रमंडलीय अध्यक्ष डॉ आरसी मेहता, भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर मेहता, पूर्व मुखिया सुनिल कुमार मेहता, जीएम कॉलेज के निदेशक विनय कुमार, प्राचार्य शंभू कुमार, पूर्व उप मुखिया बंशी मेहता, भरत मेहता, संजय मेहता, सीताराम मेहता, अवधेश कुमार मेहता समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## चोरी के आरोप में दो नाबालिग गिरफ्तार

केरेडारी। केरेडारी पुलिस ने मंगलवार को चोरी के आरोप में दो नाबालिग को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ज्ञात हो कि शनिवार की रात्रि में केरेडारी मुख्य चौक में स्थित फल दुकान से ताला तोड़कर 81 हजार रुपए की नकद चोरी कर ली गई थी। इस चोरी का कांड सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गया था। दोनों लड़कों ने पुलिस के समक्ष रुपए की चोरी कबूल की। साथ ही कई जगहों पर भी चोरी करने की बात स्वीकार की।

## दुरागढ़ा से आरा मशीन व अवैध बोटा जब्त

चौपारण। गौतम बुद्ध वन्य प्राणी आश्रयणी क्षेत्र स्थित दुरागढ़ा में मंगलवार को वन विभाग की टीम ने अवैध रूप से चल रहे आरा मशीन व लकड़ी का बोटा बरामद किया। प्रभारी वनपाल मो अयूब अंसारी ने बताया कि दुरागढ़ा में पिछले कई माह से अवैध रूप से लकड़ी तस्करी कर आरा मशीन से चिराई कर बिक्री किये जाने की सूचना मिल रही थी। वरीय अधिकारियों को सूचना देकर उड़नदस्ता टीम का गठन कर कार्रवाई किया गया। जंगल का लाभ उठाकर तस्कर भागने में सफल रहे। अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। जब्त लकड़ी के बोटा की अनुमाति बाजार मूल्य करीब 35 हजार बताई गई।
सरकारी दुकान से शराब की तस्करी, तीन युवक गिरफ्तार

## टेंपो पर लदा 29 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद

चौपारण। चतरा मोड़ स्थित सरकारी शराब दुकान से चोरी छुपे शराब की तस्करी करते एक टेम्पो को मंगलवार को चौपारण पुलिस ने पकड़ा। टेम्पो में लदे 29 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ तीन युवकों को भी गिरफ्तार किया गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी दीपक सिंह ने बताया कि वरीय अधिकारियों को सूचना मिली थी कि चतरा मोड़ स्थित सरकारी शराब दुकान से अवैध रूप से एक टेम्पो वाहन से बिहार शराब तस्करी की जा रही है। जिसके बाद छापेमारी दल का गठन कर दनुवा कट के समीप टेम्पो संख्या जेएच 02 बीएच 3453 को अहले सुबह पकड़ा गया। टेम्पो छोड़ भाग रहे तीन युवकों को भी पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ा। पकड़े गए आरोपियो में अरविन्द केशरी, अनिल पासवान दोनों ग्राम चोरदाहा चौपारण व दिलीप पासवान, गजरागढ बाराचट्टी बिहार के हैं। टेम्पो से किंगफिशर का केन बियर 528 पीस, रॉयल स्टेग का तीन पेटी कुल 72 पीस, रॉयल चैलेंज कम्पनी का एक पेटी कुल 24 पीस, इम्पिरियल ब्लू कम्पनी का एक पेटी कुल 24 पीस तथा दो पेटी देशी शराब बरामद की गई।

# करंट लगने से बुझ गया घर का इकलौता चिराग, पसरा मातम, रांची-पटना रोड जाम






खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र के पूरनानगर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में करंट लगने से एक बच्चे की मौत हो गयी। वहीं मृतक की पहचान 8 वर्षीय गोलू कुमार पिता दिनेश दास के रूप में की गयी है।

हादसे के बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत से नाराज ग्रामीणों ने लापरवाही के लिए सेविका व सहायिका के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मौके पर पहुंचीं डीएसडब्ल्यूओ शिप्रा सिन्हा ने कहा कि जांच की जा रही है, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं मृत बच्चे के शव के साथ पंजाब होटल के समीप रांची-पटना मुख्य मार्ग को लोगों ने जाम कर दिया, व मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

### दोषियों के खिलाफ होगी कार्रवाई

इसकी सूचना कोडरमा पुलिस को मिलने के बाद कोडरमा थाना प्रभारी सुजीत कुमार दल-बल के साथ पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं डीएसडब्ल्यूओ शिप्रा सिन्हा, बीडीओ सुमन गुप्ता व अन्य भी पहुंचे और मामले की जांच की। डीएसडब्ल्यूओ ने बताया कि जांच की जा रही है दोषी पाए जाने पर सेविका व सहायिका के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### इकलौता पुत्र था गोलू

दिनेश दास की पांच बेटियां हैं और इकलौता बेटा गोलू था। वहीं परिजनों का कहना है कि पूर्व में भी ऐसी घटना घट चुकी है, इसके बाद भी सजगता नहीं बरती गयी। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि मृतक की मां को सेविका बनाया जाए, हादसे में घर का इकलौता चिराग बुझ गया।

### आंगनबाड़ी केंद्र के गेट में दौड़ा करंट

जानकारी के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्र के गेट के पास से बिजली का तार गया हुआ है। तार कटा रहने के कारण आंगनबाड़ी केंद्र के गेट में करंट आ गया। इसकी चपेट में आने से बच्चे की मौत हो गयी। हालांकि घटना के बाद आनन-फानन में बच्चे को सदर अस्पताल ले जाया गया, मगर डॉ. द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## नाबालिक प्रेमी के साथ फरार विवाहिता को पुलिस ने किया बरामद

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मरकच्चो के उतरी पंचायत स्थित ग्राम धुब्बाडीह से 14 मई 2024 से गायब विवाहिता को पुलिस ने उसके नाबालिक प्रेमी के साथ जयनगर थाना क्षेत्र से मंगलवार को सकुशल बरामद कर लिया है। वहीं विवाहिता तीन बच्चों की मां हैं जबकि उसका प्रेमी नाबालिग बताया जा रहा है। ज्ञात हो कि 14 मई को विवाहिता के अपने ससुराल से एकाएक गायब होने के बाद उसके पति उपेंद्र साव ने मरकच्चो थाना में आवेदन देकर सन्हा दर्ज कराते हुए पुलिस से अपनी पत्नी की खोजबीन की गुहार लगायी थी। दिये गए आवेदन में उसने बताया था कि 14 मई की दोपहर बिना बताए घर से जेवरात और पैसा लेकर निकल गई थी, काफी खोजबीन के बाद उसका पता नहीं चल पाया। आवेदन के आलोक में पुलिस ने सनहा दर्ज करते हुए गायब विवाहिता की खोजबीन शुरू की। वहीं थाना प्रभारी सौरभ शर्मा ने बताया कि खोजबीन के क्रम में टेक्निकल सेल की मदद ली गई। वहीं प्रेमी युगल की जयनगर थाना क्षेत्र में होने की सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस ने दोनों को सकुशल बरामद कर लिया। जिसके बाद आगे की करवाई की जा रही है।

## शादी का झांसा देकर नाबालिग को भगा ले जाने के आरोपी को तीन वर्ष की सश्रम कारावास

- अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने सुनाई सजा
- बीस हजार रूपये जुर्माना भी लगाया
- जुर्माना की राशि नहीं देने पर तीन माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने मंगलवार को आरोपी मो. रिजवी पिता खुर्शीद आलम बहेरवाटांड़ थाना कोडरमा निवासी को 363 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही न्यायालय ने बीस हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर तीन माह अतिरिक्तसजा भुगतनी होगी। मामला वर्ष 2022 का है। लड़की के पिता के आवेदन पर कोडरमा थाना कांड संख्या 45/22 एवं एसटी 61/22 दर्ज किया गया था। वहीं अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने किया। इस दौरान सभी 10 गवाहों का परीक्षण कराया गया। वहीं लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता कुमार रोशन ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। वहीं अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया।

## कंटेनर-ट्रक की टक्कर में चालक व उपचालक गंभीर



**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा घाटी नौवां माइल के समीप मंगलवार की सुबह 8 बजे कंटेनर और ट्रक की टक्कर में ट्रक चालक व उप चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घायल की पहचान 40 वर्षीय अजय यादव पिता स्व. दामोदर यादव ग्राम बंगाय डोमचांच, 38 वर्षीय जितेंद्र यादव पिता रामप्रवेश यादव ग्राम अरवल जिला बिहार निवासी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार कंटेनर बंगाल से सामान लोड कर बिहार की तरफ जा रहा था, जो कोडरमा घाटी नौवां माइल के पास विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक में जोरदार टक्कर हो जाने से ट्रक चालक व उप चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। वही आनन-फानन में ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस के सहयोग से दोनों घायलों को सदर अस्पताल लाया गया, जहां दोनों का इलाज चल रहा है।

## स्पीड न्यूज

### मधुमक्खियों के हमले में दर्जनों लोग घायल

**चतरा।** हंटरगंज प्रखंड के हिरिंग गांव में श्राद्ध कर्म के दौरान पीपल के पेड़ पर छत्ता लगाए मधुमक्खियों ने लोगों पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों से बचने के लिए भागदड़ मच गई, जिसमें एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में रामनारायण डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर जैनेंद्र कुमार सिंह भी शामिल हैं। सभी घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। ललन प्रसाद सिंह की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें गया रेफर कर दिया गया है।

### बिजली मिस्त्री, गंभीर रूप से घायल

**चतरा।** मयूरहंड थाना क्षेत्र निवासी बिजली मिस्त्री, इंद्रेव राणा, 11,000 वोल्ट की बिजली की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वह पिछले कई वर्षों से बिजली मेंटेनेंस का काम कर रहा था। रविवार शाम को इकतारा से पेटादरी फीडर में गड़बड़ी की सूचना मिलने पर वह उसे ठीक करने के लिए गया। बिजली के पोल पर चढ़कर काम करते समय अचानक तार में करंट प्रवाहित हो गया और वह झुलस गया। ग्रामीणों ने उसे बेहोशी की हालत में नीचे उतारा और इलाज के लिए चौपारण ले गए, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स भेज दिया गया। उसके पीठ, हाथ और जांघ में गहरी चोटें आई हैं। उसकी पत्नी ने बताया कि इकतारा के पवार सब स्टेशन में कार्यरत सारदा सिंह से साइड डॉन लेकर काम कर रहे थे, लेकिन काम करते समय सिंह ने लाइन दे दी, जिससे यह दुर्घटना हुई।

### मतदान कर वापस लौट रहे वृद्ध की हुई मौत

**चतरा।** जिले के हंटरगंज के मीरपुर गांव में 80 वर्षीय मोहम्मद मोजीर अंसारी नामक एक वृद्ध मतदाता की मतदान करने के बाद घर लौटते समय रास्ते में अचेत होकर गिरने से मौत हो गई। मोहम्मद मोजीर अंसारी मतदान करने के लिए अपने गांव के मतदान केंद्र संख्या एक पर गए थे और मतदान कर वापस अपने घर लौट रहे थे। उनकी मौत से मीरपुर गांव में शोक की लहर है और मृतक ग्रामीण चिकित्सक मकसूद अंसारी के पिता हैं।

## पूर्व पीएम भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनी

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की 32वीं पुण्यतिथि जिला कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान के नेतृत्व में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह कांग्रेस नेत्री लीलावती मेहता उपस्थित थीं। वहीं पुण्यतिथि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान ने कहा कि उनकी मृत्यु 21 मई 1991 ई. में तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में बम विस्फोट धमका में हुआ था। स्व. राजीव गांधी को पूरा देश सूचना क्रांति का जनक मानता है। आज उन्हीं का देन है की हर जगह देश कंप्यूटराइजेशन एवं टेलीकम्युनिकेशन क्रांति आयी है, जिसका श्रेय उन्हीं को जाता है। आज वर्तमान में ऑनलाइन सर्विसेज सूचना क्षेत्र जो भी कार्य हो रहा है, सिर्फ राजीव गांधी के चलते ही हो पाया है, क्योंकि बहुत पहले ही उन्होंने सूचना क्रांति का सपना अपने आंखों से देखा था। राजीव गांधी देश के विकास के लिए बहुत सारे कार्य किए। वहीं बीस सूत्री उपाध्यक्ष लीलावती मेहता ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी ने स्थानीय स्वराज संस्थानों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिलवाने में उनका महत्वपूर्ण भूमिका रहा। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत रत्न स्व. राजीव गांधी ने चुनाव में मतदाता की उम्र 21 वर्ष से कम कर 18 वर्ष के युवाओं को चुनाव में वोट देने का अधिकार दिलवाया थे। मौके पर युवा नेता सद्दाम अली, मनोज साहू, विशाल कुमार, लाल मोहन साहू, विकास साहू, दिलीप रामगोपाल सिंह, शकूर मियां, गणेश पांडे, सुनील साहू, दिलीप साहू, बसंत कुमार, महाप्रसाद गोस्वामी आदि मौजूद थे।

## प्रत्याशियों का फैसला 4 जून को गिरिडीह के वज्रगृह में सभी ईवीएम हुए सील

खबर मन्त्र संवाददाता




**कोडरमा।** मतदान के बाद कोडरमा लोकसभा के प्रत्याशियों का किस्मत ईवीएम में कैद हो गया है। दूसरे दिन मंगलवार को कोडरमा लोकसभा के 2552 मतदान केंद्र के ईवीएम देर रात तक गिरिडीह जिला मुख्यालय के बाजार समिति के वज्रगृह पहुंचा। वहीं सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूद्गी में सील किया गया। इस दौरान भाकपा माले के राजेश यादव, राजेश सिन्हा, भाजपा के गिरिडीह जिलाध्यक्ष महादेव दुबे, जेएमएम जिलाध्यक्ष संजय सिंह, कांग्रेस के नेता बज्रगृह में मौजूद थे। वहीं अलग अलग राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के मौजूद्गी में ईवीएम को 4 जून तक के लिए सील किया गया। इसके साथ ही 4 जून को प्रत्याशियों के किस्मत का फैसला होगा। इस दौरान डीसी नमन प्रियेश लकड़ा और एसपी दीपक कुमार शर्मा समेत कई पदाधिकारी भी मौजूद थे। वहीं डीसी ने कहा की सारे ईवीएम सुरक्षित आ चुके हैं और देर रात तक मतदान का प्रतिशत 61 फीसदी के करीब ही रहा। जबकि पूरा वज्रगृह अर्धसैनिक बलों के निगरानी में रखा गया है एवं सीआरपीएफ जवानों को यहां तैनात किया गया है।

## चतरा में भाजपा कार्यकताओं ने जीत का भरोसा जताया

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** जिला मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय में मंगलवार को भाजपा की जिलास्तरीय बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता ने की। इस दौरान हार-जीत की समीक्षा की गई। बैठक में अब तक के मतदान के रूझान के बाद कार्यकर्ता जीत के प्रति आश्वस्त दिखे। बैठक में सिमरिया और चतरा विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा को मिलने वाले वोटों की समीक्षा की गई। सभी मंडल अध्यक्षों से फीडबैक लिया गया। कहां पार्टी मजबूत रही और कहां स्थिति कमजोर दिखी इस पर गहनता से विचार-विमर्श किया गया। कार्यकताओं ने चतरा और सिमरिया विधानसभा क्षेत्रों से एक लाख से अधिक मतों से बढ़त का भरोसा जताया। पार्टी मनिका, लातेहार और पांकी विधानसभा क्षेत्रों में मतदान के रूझानों का भी फिडबैक ले रही है। भाजपा के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष और चतरा लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी कालीचरण सिंह भी पार्टी कार्यालय पहुंचे और सभी कार्यकताओं के प्रति आभार जताया।

साथ ही कहा कि चतरा लोकसभा क्षेत्र से पार्टी की जीत सुनिश्चित है। कार्यकताओं के मेहनत से यहां पार्टी का हैट्रिक जीत होगी। सभी को मतगणना का इंतजार है। बैठक में सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, चतरा के पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अक्षयवट पांडेय, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, सुजीत भारती सहित सिमरिया और चतरा विधानसभा क्षेत्रों के मंडल अध्यक्ष और विभिन्न प्रकोष्ठों के नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अन्नपूर्णा देवी के आवेदन पर दो पत्रकारों पर 107 की प्रक्रिया

**कोडरमा।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कोडरमा थाने में दैनिक अखबार के ब्यूरो हेड संजीव समीर, पत्रकार और यूट्यूबर रवि पासवान के अलावा चरनजीत सिंह और प्रकाश कुमार के खिलाफ उनकी छवि खराब करने की शिकायत दर्ज कराई है। मंत्री के आवेदन को थाना प्रभारी ने एसडीओ के यहां फारवर्ड कर दिया, जिसके बाद एसडीओ के यहां से 107 का वाद शुरू करते हुए 22 मई को सुनवाई की तिथि निर्धारित की गयी है। इधर, इस मामले में पत्रकार संजीव समीर का कहना है कि उन्होंने कभी भी सोशल मीडिया पर केंद्रीय मंत्री और कोडरमा से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के खिलाफ कोई पोस्ट नहीं किया है।

## ई-रिक्शा पलटने से सात लोग घायल

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पेट्रो जलप्रपात के समीप मंगलवार को ई-रिक्शा पलटने से एक ही परिवार के सात लोग घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार 25 वर्षीय घनश्याम राजवंशी पिता अर्जुन राजवंशी, 20 वर्षीय काजल देवी पति घनश्याम राजवंशी, 38 वर्षीय गौरी देवी पति छोटू राजवंशी, 30 वर्षीय सिंपी देवी पति उपेंद्र राजवंशी, 18 वर्षीय अंशु कुमारी पिता वसंत राजवंशी, 7 वर्षीय आयुष कुमार पिता छोटू राजवंशी, 8 वर्षीय शिवानी कुमारी पिता घनश्याम राजवंशी सभी बासोडीह के बली महरी थाना सतगावां के निवासी हैं। सभी लोग पेट्रो जलप्रपात स्नान करने व पूजा करने जा रहे थे। बता दें कि घनश्याम राजवंशी के भाई का 15 दिन पूर्व निधन हो गया था, उसी को लेकर सभी लोग पेट्रो जलप्रपात स्नान व पूजा करने जा रहे थे। तभी अचानक पेट्रो के समीप ई-रिक्शा असंतुलित होकर पलट गई। वहीं राहगीरों के द्वारा इसकी जानकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां को दिया गया। जहां प्रभारी चिकित्सा पदाकािरी की पहल पर 108 एम्बुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया।

## मेरिडियन किड्स फ्लोरेट में समर कैंप का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



झुमरीतिलैया (कोडरमा)। मेरिडियन किड्स फ्लोरेट विद्यालय प्रांगण में मंगलवार को विद्यालय के निदेशक डॉ. श्रीनिवास कुमार ने गुब्बारों को उड़ाकर समर कैंप का शुभारंभ किया। कैंप में मेरीडियन के साथ-साथ अन्य विद्यालय के 150 बच्चों ने भाग लिया। कैंप के पहले दिन विद्यालय निदेशक डॉ. एसएन कुमार ने बच्चों को बताया कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों का मानसिक विकास होता है, साथ ही उसे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। वहीं विद्यालय हेडमिस्ट्रेस दलजीत कौर ने बताया कि विद्यालय नित्य ऐसा आयोजन आगे भी करवाता रहेगा, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। वहीं समर कैंप की शुरुआत योग से की गई, जिसमें बच्चों ने बड़े ही मनोयोग से योग किया। उसके बाद बच्चों के बीच खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं बच्चे चित्रकला, हस्तकला, नृत्य और संगीत का भी आनंद लिया। इस तरह समर कैंप का पहला दिन बड़ा ही आनंदमय और उत्साह से भरे माहौल में बीता। मौके पर शिक्षक किशोर मिश्रा सहित अन्य शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## चतरा सीट पर कौन मारेगा बाजी, चुनाव खत्म होते ही चर्चाएं शुरू

**चतरा।** चतरा सीट पर सांसद पद के लिए 20 मई को चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। मतगणना 4 जून को होगी, लेकिन चुनाव खत्म होते ही क्षेत्र में चर्चाएं शुरू हो गई हैं कि कौन जीतेगा। चुनाव के दौरान बूथों पर पड़े वोटों के आधार पर कार्यकर्ता और समर्थक अपने-अपने तरीके से वोटों का गणित लगा रहे हैं और अपने पसंदीदा उम्मीदवार की जीत का दावा कर रहे हैं। हालांकि, सभी उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में बंद हो गया है, लेकिन उनके समर्थक मनगढ़ंत समीकरणों के जरिए चुनावी हार-जीत को लेकर कयास लगा रहे हैं।

## कालीचरण सिंह ने भद्रकाली मंदिर में की पूजा-अर्चना

खबर मन्त्र संवाददाता



**इटखोरी।** भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने अपने परिवार के साथ मां भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना की और अन्य देवालयों में भी दर्शन किए। उन्होंने कहा कि वह चुनाव जीत रहे हैं और चतरा लोकसभा क्षेत्र के लोग जीत रहे हैं, वह तो केवल एक माध्यम हैं। उन्हें लोगों का भरपूर प्यार और स्नेह मिला है। उन्होंने चुनाव की शुरूआत भी मां के आशीर्वाद से की थी और चुनाव के बाद भी माता का आशीर्वाद लिया है। उन्होंने कहा कि जैसे प्रधानमंत्री मोदी ने पूरे देश को अपना परिवार माना है, वैसे ही वह पूरे लोकसभा क्षेत्र को अपना परिवार मानते हैं। लोगों से कैसे संवाद करेंगे, इस सवाल पर कालीचरण सिंह ने कहा कि वह यहाँ के लोगों के बीच में हैं और यहां की मिट्टी, तासीर, लोगों, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक समीकरणों को अच्छी तरह से जानते हैं। उन्होंने कहा कि चतरा में स्टील प्लांट भी लगेगा और रेल भी आएगी, और वह इसे पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर भाजपा नेता विनय सिंह, भाजपा के जिला महामंत्री डॉ मृत्युंजय सिंह, मंत्री सतीश कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि निरंजन कुमार सिंह, सुरेंद्र सिंह, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेंद्र राम, उपाध्यक्ष सुधीर कुमार राय, रामदहिन सिंह, भाजपा विधायक पूर्व प्रत्याशी सुजीत भारती, रंजय भारती, रतन शर्मा, पवन कुमार सिंह, नगीन कुमार सिंह, शंकर सिंह, रामलखन चंदवशी, अंजू सिंह, सत्येंद्र गिरी समेत अन्य उपस्थित थे।

## स्ट्रांग रूम में रखा गया पोस्ट पोल ईवीएम

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** चतरा लोकसभा आम चुनाव 2024 शांतिपूर्ण संपन्न होने के पश्चात, मतदान समाप्ति के उपरांत 20 मई 2024 के संध्या से चतरा कॉलेज, चतरा में पोस्ट पोल ईवीएम प्राप्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। एआरओ चतरा एवं सिमरिया की मौजूदगी में बीते सोमवार संध्या से चतरा कॉलेज चतरा में पोस्ट पोल ईवीएम रिसीव किया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा पूरी प्रक्रिया का निरीक्षण किया जा रहा है। चतरा कॉलेज, चतरा में पोस्ट पोल ईवीएम के लिए स्ट्रांग रूम बनाया गया है, जहां मतदान के उपरांत पोस्ट पोल ईवीएम को सुरक्षित रखा जा रहा है। यह स्ट्रांग रूम भारत निर्वाचन आयोग के तय दिशा-निर्देश के अनुसार बनाया गया है। श्रस्ट्रांग रूम में रखे गए पोस्ट पोल ईवीएम को विधानसभावार रखा गया है और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सील किया जा रहा है।

# निर्दोष हैं हेमंत सोरेन... मोदी की गुंडागर्दी का जवाब तीर धनुष पर बटन दबा कर दें झारखंडवासी : केजरीवाल

## गोपाल मैदान में समीर महंती के समर्थन में इंडिया गठबंधन की विशाल जनसभा संपन्न

विशेष संवाददाता

**जमशेदपुर।** हाल में ही 21 दिनों के लिए जमानत पर तिहाड़ जेल से छूटे दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल आज पूर्व सीएम हेमंत सोरेन और झारखंड का कर्ज उतारने जमशेदपुर पहुंचे। कोरोना महामारी के समय जब दिल्ली के अस्पतालों में ऑक्सीजन की कमी हो गई तो उनके एक कॉल पर तत्कालीन सीएम हेमंत सोरेन ने जमशेदपुर के टाटा स्टील से ऑक्सीजन दिल्ली भेजवाने का प्रबंधन किया जिससे हजारों कोरोना संक्रमितों की जान बचाने में मदद मिली। जमशेदपुर में केजरीवाल ने गोपाल मैदान में इंडिया गठबंधन समर्थित झामुमो प्रत्याशी समीर महंती के पक्ष में झारखंड के सीएम चंपई सोरेन, कल्पना सोरेन की उपस्थिति में चुनावी सभा को संबोधित किया। केजरीवाल के साथ उनकी धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह भी थे।

खचाखच भरी सभा को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि मैं 1989 से 1992 तक टाटा स्टील में काम किया हूं और इस दौरान जी टी हॉस्टल, कदमा से लेकर सुपरवाइजर फ्लैट साकची तक रहा हूं। मेरा जमशेदपुर से पुराना नाता है,मोदी वाला झूठा नाता नहीं। उन्होंने कहा कि मैं जेल से छूटने के बाद सीधे आप लोगों के बीच आया हूं। सुप्रीम कोर्ट ने 21 दिन का बेल दिया कि जाओ चुनाव प्रचार करो। मोदी जी ने पूरी ताकत लगा दी कि केजरीवाल को बेल नहीं मिलनी चाहिए किन्तु मेरे ऊपर बजरंग बली का आशीर्वाद है सो बेल मिल गई।

केजरीवाल ने कहा, मैं जानता हूं कि झारखंड की जनता हेमंत सोरेन जी से बहुत प्यार करती है। आप लोगों के दिल पर क्या गुजर रही है,मैं अच्छी तरह जानता हूं क्योंकि आपका नेता जेल में है। उन्हें राजनीतिक षड़यंत्र के तहत मोदी ने जेल में डाल दिया है। हेमंत मेरे भाई हैं,और कल्पना जी मेरी भाभी हैं जिन्होंने बहुत अच्छी तरह से चुनाव प्रचार की कमान संभाली है। झांसी की रानी बन के मोदी को चुनौती दे रही हैं। केजरीवाल ने खुद की गिरफ्तारी और हेमंत को जेल में डालने पर चुटकी लेते हुए कहा कि मोदी जी ने मुझे और हेमंत सोरेन को जेल में डाल कर सोचा था कि हमलोगों के जेल में जाने के बाद पार्टी बिखर जायेगी। फिर एमएलए खरीद कर सरकार गिरा दी जायेगी और भाजपा की सरकार बना दी जायेगी। लेकिन उल्टा हो गया। आप और झामुमो और मजबूत होकर उभरी हैं। अब पार्टी के लोग एक परिवार की तरह एकजुट होकर मोदी को हराने में पूरी ताकत से जुट गए हैं। मैं तो देख रहा हूं कि पूरे झारखंड में मोदी को हराने के लिए पूरी ऊर्जा कार्यकर्ता लगा चुके हैं। इस बार झारखंड की सभी सीटे इंडिया गठबंधन को आनी चाहिए।








### हेमंत सोरेन और झारखंड का अहसान हम भूल नहीं सकते

केजरीवाल ने कहा कि हम दिल्ली वाले हेमंत सोरेन जी और झारखंड की जनता के आभारी हैं क्योंकि कोरोना महामारी के समय जब दिल्ली में अस्पतालों में ऑक्सीजन की कमी हो गयी तो मेरे आग्रह पर झारखंड के तत्कालीन सीएम हेमंत सोरेन ने यहां के टाटा स्टील व अन्य उद्योगों से ऑक्सीजन लेकर दिल्ली को आपूर्ति सुनिश्चित की। इससे लाखों दिल्ली वासियों की जान बचाने में मदद मिली। हम दिल्ली के लोगों की तरफ से हेमंत जी और झारखंड के प्रति आभार व्यक्त करने आये हैं।




केजरीवाल ने सवाल किया कि मोदी सरकार ने हेमंत सोरेन को जेल में क्यों डाला? जेल में आदमी तब जाता है जब कोई अदालत जांच पूरी होने के बाद आदेश पारित करती है कि यह आदमी दोषी है तब जेल भेजा जाता है। हेमंत सोरेन के खिलाफ अदालत का एक भी दोष सिद्ध आदेश नहीं है। फिर भी हेमंत सोरेन को जेल में डाल रखा है। यह गुंडागर्दी है मोदी जी? देश में अब अदालत की नहीं मोदी की मर्जी चल रही है जिसे जब चाहा जेल में डाल दिया। आज हेमंत सोरेन को जेल में डाला है,कल चंपई सोरेन को जेल में डाल देंगे।

**हेमंत बाबू के कल्याणकारी कार्यों से घबराकर पीएम नरेंद्र मोदी ने उन्हें जेल में डाला : कल्पना**

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन ने उपस्थित जन समुदाय को पूरे उत्साह से संबोधित किया। वे जनसभा में भारी उपस्थिति देख गदगद थीं। उन्होंने कहा कि अपने चार साल के टर्म में हेमंत बाबू ने झारखंड की आम जनता और युवाओं के लिए जो कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा वह अभूतपूर्व है। उन्हें झुकाने और अपनी ओर करने के लिए मोदी सरकार दबाव देने लगी किन्तु हेमंत जी ने मोदी के साथ समझौता नहीं किया। डिगे नहीं। ऐसे में हेमंत सरकार की लोकप्रियता देख मोदी सरकार घबड़ा गई और साजिश के तहत चुनाव के ऐन मौके पर उन्हें जेल में डाल दिया ताकि वे चुनाव प्रचार नहीं कर सकें।

**तीसरे टर्म में मोदी आये तो ठेका प्रथा और आउटसोर्सिंग लागू करेंगे : चंपई**

जनसभा को झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने संबोधित करते हुए कहा कि पीएमए नरेंद्र मोदी झूठ बोलने वाले नेता हैं। बीते दिनों वे घाटशिला आये थे किन्तु बंद पड़ा एचसीएल कारखाना और उसकी खदानों को खुलवाने की चर्चा तक नहीं की। वो हेमंत बाबू की गिरफ्तारी की चर्चा करते हैं जबकि हकीकत है कि जिस जमीन घोटाले का आरोप लगा कर हेमंत बाबू को जेल में डाला गया है वह भूइंहरी जमीन है जो दूसरे के नाम पर ट्रांसफर हो ही नहीं सकता। सीएम ने जनता को आगाह किया कि अगर भाजपा तीसरे टर्म में आयी तो देश में एक भी पीएसयू नहीं बचेगा और सभी का निजीकरण कर दिया जायेगा। तब नौकरी में आरक्षण हमेशा के लिए खत्म हो जायेगा, आउटसोर्सिंग और ठेका प्रथा को भाजपा बढ़ावा देकर युवाओं का भविष्य अंधकारमय कर देगी।





**अबकी बार मोदी को 400 पार नहीं, करें तड़ीपार : संजय सिंह :** जनसभा को आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमारा देश हिन्दुस्तान संविधान से चलेगा न कि मोदी के फरमान से। इस लोकसभा चुनाव में भारत की जनता सत्ता में बदलवा का मन बना चुकी है, और हर चरण में भाजपा के खिलाफ जनादेश जा रहा है और मोदी एंड टीम अब अकबका गई है। मोदी जी ने एक ही विशेषता है कि वो गंजे को भी कंघी बेच सकते हैं।

दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी जी ने पूरे देश के आदिवासी समाज को ललकारा है, कि मैं तुम्हारे सबसे बड़े नेता को जेल में डाल दूंगा जो करना है,कर लो। आदिवासी समाज ने कोई चुड़ी नहीं पहन रखी है। हर आदिवासी को मोदी की चुनौती का जवाब देना चाहिए। 25 मई को आप लोग तीर-धनुष पर इतना बटन दताओं की उसकी पीं की आवाज मोदी के कानों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि राम मंदिर बना, उसका उद्घाटन में देश-विदेश से लोगों को आमंत्रित किया गया किन्तु देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को ही नहीं बुलाया गया क्योंकि वो आदिवासी हैं। यह भी आदिवासी का अपमान है। मोदी जी आपको राम मंदिर के उद्घाटन में नहीं बुलाते, आपके नेता को जेल में डाल देते हैं। इसलिए इस बार एक भी सीट भाजपा को नहीं मिलनी चाहिए।

**नहीं आ पाये भगवंत मान और तेजस्वी यादव :** जमशेदपुर में इंडिया गठबंधन की रैली में पंजाब के सीएम और आप के वरिष्ठ नेता भगवंत मान और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव भी आने वाले थे किन्तु वे नहीं आ पाये। केजरीवाल ने भगवंत मान के बारे में कहा कि उन्होंने आप सब को शुभकामना भेजी हैं। व्यस्तता के चलते नहीं आ पाये हैं वे 4 जून के बाद आप सब को शुक्रिया करने के लिए जमशेदपुर अवश्य आयेंगे।

**असली राम भक्त हम इंडिया गठबंधन वाले, मोदी एंड टीम नकली : बन्ना गुप्ता–** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि यह चुनाव गांधी जी के अनुयायियों और उनकी विचाराधारा पर चलने वाले लोगों और धर्म-जाति के नाम पर समाजको लड़ाने वाले भाजपा के बीच है। भाजपा वाले नकली रामभक्त हैं, असली राम भक्त तो हम इंडिया गठबंधन वाले हैं जो गांधी जी के राम राज पर भरोसा करते हैं।

---

स्पीड न्यूज

### श्रीलेदर्स ने मनायी अपने संस्थापक की पुण्यतिथि

**जमशेदपुर।** साकची बाजार स्थित श्रीलेदर्स साकची द्वारा श्रीलेदर्स के संस्थापक एवं स्वतंत्रता सेनानी पूज्यनीय स्व सुरेश चन्द्र डे के 34वें पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। उक्त अवसर पर स्व श्री डे द्वारा स्थापित मानवीय एवं व्यवसायिक मूल्यों का अक्षरशः पालन करने हेतु संकल्प लिया गया।

### बंगलूर सांसद तेजस्वी सूर्या आज लौहनगरी में

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने प्रेस रिलीज कर बताया कि दिनांक 22 में बुधवार को दोपहर 2 बजे बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में लोकसभा चुनाव को लेकर नमो युवा सम्मेलन कार्यक्रम में भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बेंगलुरु के सांसद तेजस्वी सूर्य झारखंड के युवा प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भवनाथपुर के विधायक भानु प्रताप शाही सांसद विद्युत वरण महतो भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री आजाद शत्रु जी नमो युवा चौपाल में शरीक होंगे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

---

## मतदान केंद्र के 100 मीटर के परिधि में नहीं ले जा सकेंगे निजी वाहन : डीसी

■ दलों के प्रतिनिधि, लोकसभा चुनाव के अभ्यर्थियों व इलेक्शन एजेंट के साथ की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले सार्वजनिक सभा और चुनाव प्रचार पर प्रतिबंध रहेगा। हालांकि 24 और 25 मई को टीवी, केबल चैनल, रेडियो, प्रिंट मीडिया आदि साधनों से चुनाव प्रचार के लिए एमसीएमसी से प्री-सर्टिफिकेशन अनिवार्य होगा... ये बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनन्य मित्तल ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं लोकसभा चुनाव के अभ्यर्थियों, इलेक्शन एजेंट के साथ समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में आहूत बैठक में कही। उन्होंने कहा कि सभी राजनैतिक दल, उम्मीदवार और निर्वाचन एजेंट शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से चुनाव सम्पन्न कराने के लिए तैनात अधिकारियों, कर्मचारियों का पूर्ण सहयोग करें। वोट डालने के लिए कोई भी मतदाता स्वयं अथवा अपने परिवार के सदस्यों के लिए अपने निजी वाहन को मतदान केन्द्र के 100 मीटर रेडियस तक ही ले जा सकेंगे। किसी भी राजनीतिक प्रतिनिधि द्वारा वोटरों को वाहन उपलब्ध नहीं कराया जाना है। मतदान केन्द्र के 100 मीटर के परिधि के अन्दर चुनाव प्रचार नहीं किया जा सकता है, न ही वोट मांगे जा सकते हैं।




बैठक में जानकारी देते उपायुक्त।

मतदाताओं के पहचान पर्चियां में कोई भी प्रतीक चिन्ह अथवा उम्मीदवार का नाम नहीं होगा। प्रत्येक मतदाता को वोट डालने के लिए अपनी पहचान के लिए आयोग द्वारा निर्धारित विकल्पों में से कोई भी एक विकल्प मतदेय स्थल पर लाना अनिवार्य है। जिन मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में होगा, केवल उन्हीं को अपना वोट डालने का हक होगा।

मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व बाहरी व्यक्ति 09-जमशेदपुर निर्वाचन क्षेत्र को छोड़ देंगे । उन्हें दिनांक-23.05.2024 को अपराह्न 05:00 बजे के पश्चात निर्वाचन क्षेत्र से बाहर चले जाना है। उक्त अवधि के बाद प्रचार करते हुए पाए जाने या मौजूद पाए जाने पर, सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति अपना वोट डालने के बाद निर्वाचन क्षेत्र में भ्रमण नहीं करेंगे।

## रसूनचोपा से तीरिंग बॉर्डर तक जर्जर सड़क के लिए राज्य सरकार दोषी : विद्युत महतो



पोटका में पूर्व विधायक मेनका सरदार के साथ जन संपर्क पर निकले विद्युतवरण महतो।

■ चुनाव के बाद नौ करोड़ की लागत से चार किमी सड़क बनेगी

खबर मन्त्र प्रतिनिधि

**पोटका।** प्रखंड के हाता तिरिंग( ओडिशा) राष्ट्रीय उच्च 220 के अंतर्गत रसूनचोपा से तिरिंग बार्डर तक लगभग चार किलोमीटर जर्जर सड़क के लिए राज्य सरकार दोषी है। राज्य सरकार वर्ष 2018 से अब तक सड़क निर्माण हेतु पहल करने में नाकाम रही। यह आरोप सांसद विद्युतवरण महतो ने मंगलवार को रसूनचोपा में प्रेसवार्ता कर लगाया। उन्होंने कहा कि सुनियोजित तरीके से भोले-भाले ग्रामीणों को बरगला कर बीते दिन सड़क पर प्रदर्शन कराया गया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय उच्च पथ का यह सड़क वर्ष 2018 में स्वीकृत होकर संवेदक के के बिल्डर द्वारा निर्माण शुरू कराया गया। रसूनचोपा से तिरिंग तक सड़क चौड़ीकरण के लिए भूमि अधिग्रहण करने में राज्य सरकार साढ़े चार वर्ष तक नाकाम रही। फलस्वरूप संवेदक ने सड़क के शेष चार किलोमीटर की राशि को वापस कर दिया। केंद्र सरकार द्वारा उच्च पथ निर्माण हेतु भेजे गए राशि का 9 प्रतिशत राज्य सरकार अपने पास जमा रखती है। इसमें भूमि अधिग्रहण भी शामिल है।

## जनता के आशीर्वाद से बिद्युत महतो लगायेंगे जीत की हैट्रिक: धरमलाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। अब तक भाजपा अपने कार्यों और नीति से जनता की अपेक्षाओं पर खरी उतरी है और अपने कई वादों को पूर्ण किया है। कांग्रेस ने आधी सदी से अधिक समय तक गरीबी हटाओ का नारा दिया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने भारत को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया। जिसने देश के 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। नरेंद्र मोदी के प्रति जनता की आस्था पिछले दस वर्षों में गहरी हुई है और आज देश को नरेंद्र मोदी की जरूरत है। उक्त बातें भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बिल्हा विधानसभा के वरिष्ठ विधायक धरमलाल कौशिक ने कही। वे मंगलवार को साकची स्थित भाजपा के लोकसभा चुनाव प्रधान कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते धरमलाल कौशिक।

### वरिष्ठ नागरिक को पेंशन में कोई टैक्स नहीं लगना चाहिए

**जमशेदपुर।** देश सुरक्षित हाथों में रहे, देश के साथ यहाँ की जनता का सर्वांगीण एवं चहुंमुखी विकास हो, जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र में शिक्षा स्तर बेहतर करने के लिए उच्च स्तरीय शिक्षा व्यवस्था बहाल हो ऐसे क्षेत्रों में काम करने वाले सांसद उम्मीदवार के पक्ष में मताधिकार का प्रयोग किया जाना चाहिए. वरिष्ठ नागरिक सह मॉर्निंग वॉकर्स ग्रुप के सदस्यों में सेल दास एवं श्रीकांत देव ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक के पेंशन में किसी भी तरह का टैक्स नहीं लगना चाहिए एवं फिक्स डिपॉजिट में जनरल कैटेगरी में ही वरिष्ठ नागरिकों को भी रखा गया है।

## कल्पना ने कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी के पक्ष में की सभा



यशस्विनी के साथ एकता दिखाती कल्पना सोरेन, विधायक सबिता महतो, पार्षद पिंकी लायेक व अन्य।

खबर मन्त्र प्रतिनिधि

**चांडिल।** रांची लोकसभा क्षेत्र से महागठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के पक्ष में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार पर जमकर हमला किया। आदिवासी मुख्यमंत्री उनसे आंखें मिलाकर झारखंड के विकास के लिए काम किया। हेमंत सोरेन ने कोरोना काल में बाहर में फंसे मजदुरो को हेलीकॉप्टर से लाकर उनको अपने परिजनों से मिलाने का काम किया। हेमंत सोरेन ने माताओं के लिए सर्वजन पेंशन की उम्र 60 वर्ष से घटाकर 50 वर्ष करने का काम किया है। केन्द्र के भाजपा सरकार ने झारखंड के पैसे को भाजपा शासित राज्यों को देने का काम किया है। झारखंड के गरिब जनता की केन्द्र सरकार को कोई चिंता नहीं है। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार ने झारखंड वासियों को अबुआ आवास एवं 20 लाख हरा राशनकार्ड देने का काम किया है। यह बातें चांडिल के गांगुडीह में आयोजित महागठबंधन के विशाल चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कल्पना सोरेन ने कही।

## देश की समृद्धि व विकास को बढ़ाने के लिए मोदी सरकार जरूरी है : बिद्युतबरण महतो



जनसंपर्क करते भाजपा प्रत्याशी सह वर्तमान सांसद विद्युतवरण महतो।

■ भाजपा प्रत्याशी ने पोटका, कोवाली, आसनबनी, सुंदरनगर, घाघीडीह एवं बागबेड़ा में किया जन संपर्क


खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर सांसद सह भाजपा प्रत्याशी बिद्युत बरण महतो का जमशेदपुर लोकसभा अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में तूफानी जनसंपर्क लगातार जारी है। मंगलवार को सांसद बिद्युत महतो ने पोटका विधानसभा अंतर्गत कई मंडलों में सघन दौरा कर लोगों से आशीर्वाद और समर्थन मांगा।

जमशेदपुर के सांसद बिद्युतवरण महतो ने पोटका, आसनबनी, कोवाली, सुंदरनगर, घाघीडीह एवं बागबेड़ा के कई क्षेत्रों में मंडल अध्यक्ष एवं भाजपा कार्यकताओं के संग जनसंपर्क अभियान चलाकर आशीर्वाद और समर्थन मांगा। इस दौरान सांसद बिद्युत महतो, पूर्व विधायक मेनका सरदार समेत कार्यकताओं ने क्षेत्र के बुजुर्ग, युवा, महिलाओं, छात्राओं, दुकानदारों, मजदूरों के साथ समाज के अन्य वर्गों से मुलाकात कर भाजपा के पक्ष में समर्थन देने एवं भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। इस दौरान कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर रहा।

## स्पीड न्यूज

### पलामू-कामनापूर्ति शिवशक्ति धाम का सातवां स्थापना दिवस मनाया गया



**मेदिनीनगर।** रेड़मा पांकी रोड स्थित कामनापूर्ति शिव शक्ति धाम मंदिर का सातवां स्थापना दिवस धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मना। मुख्य यजमान पंडित राजमुनी तिवारी परिवार के साथ पूजा किये। समिति के अध्यक्ष ललन तिवारी एवं पूरी मंदिर समिति की टीम इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। समिति अध्यक्ष ने बताया कि सर्वप्रथम रुद्राभिषेक के साथ भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर उनसे शहर वासियों एवं समस्त संसार के कल्याण की प्रार्थना की गयी। उसके बाद भंडारा सह प्रसाद वितरण कार्यक्रम किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं में प्रसाद प्राप्त करने का उत्साह दिखा। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष, मुकेश तिवारी, अजय शुक्ला, बीजू मिश्रा, सुनील तिवारी, रविशंकर दुबे, रघुनंदन प्रसाद, रघुनाथ गुप्ता, कृष्णा शुक्ला, विरन तिवारी, पिंकू तिवारी, आशुतोष तिवारी, अश्विनी तिवारी व कई श्रद्धालु मौजूद थे।

### इंडी गठबंधन प्रत्याशी अनुपमा की जीत सुनिश्चित है : अभिषेक सिंह



**मेदिनीनगर।** झामुमो नेता अभिषेक सिंह धनबाद के मुनीडीह में हुई जनसभा में शामिल हुए। साथ ही धनबाद के विभिन्न इलाकों में जनसंपर्क कर गठबंधन प्रत्याशी अनुपमा सिंह के लिए समर्थन भी मांगा। अभिषेक सिंह ने जनसंपर्क के दौरान लोगों से अनुपमा सिंह के पक्ष में लोगों से मतदान की अपील की। श्री सिंह ने कहा कि जनसंपर्क के दौरान अनुपमा को जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। इंडिया गठबंधन की जीत हर हाल में होगी। लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अनुपमा सिंह की जीत सुनिश्चित है।

### तस्करी, यौन शोषण रोकने और नशा उन्मूलन पर दिया गया जोर



**पाटन पलामू।** प्रखंड सभा कक्ष में जिला विधिक सेवा प्राधिकार पलामू ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली व झारांड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वावधान में जागरूकता शिविर लगाया। मौके पर तस्करी, यौन शोषण को रोकने व नशा उन्मूलन पर जोर दिया गया। साथ ही लोगों को कानूनी जानकारी दी। पाटन बीडीओ अमित कुमार झा ने अध्यक्षता करते हुए लोगों को समस्या जानकर उसके निदान के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार से समाधान कराने की बात कही। पीएलभी रविंद्र सिंह ने लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यों की जानकारी, सुलभ न्याय दिलाने व लोगों के हक व अधिकार के बारे में बताये। पीएलभी ने कहा कि लोग अपनी समस्या संबंधित आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकार में दें उनकी समस्या का निदान होगा। उन्हें उचित हक व अधिकार दिलाया जायेगा। मौके पर पंचायत सचिव अमीन हसन अंसारी, पुरूषोत्तम कुमार, नंदलाल प्रसाद, जनसेवक मनोज कुमार, उमेश कुमार मिश्रा, अभय सिंह, धनंजय, पूजा, पंचायत प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

### छतरपुर में नाइट क्रिकेट मैच आयोजित



**छतरपुर पलामू।** छतरपुर स्डेडियम में क्रिकेट क्लब ने नाइट क्रिकेट सीपीएल सीजन 14 का आयोजन किया है। मौके पर मुख्य अतिथि प्रशांत किशोर बंकू, विशिष्ट अतिथि विश्वजीत महतो, थाना प्रभारी राजेश रंजन, महिला थाना प्रभारी मुन्नी कुमारी, सुमन गुप्ता, गुलाबचंद अग्रवाल कॉलेज के प्रिंसिपल जितेंद्र कुमार, समाज सेवी मुना चंद्रवंशी, बजाज शो रूम के प्रोपराइटर रोहित सिंह, पप्पू सिंह ने दीप प्रज्वलित कर मैच का शुरुआत की। मौक पर स्व बुधुन सिंह के लिए दो मिनट का मौन रखा। मुख्य अतिथि ने कहा कि छतरपुर में ऐसे आयोजन से क्षेत्र के युवकों में उत्साह के साथ आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने आयोजन समिति के अध्यक्ष के साथ पूरी टीम को धन्यवाद दिया। मौके पर सीपीएल सीजन 14 के आयोजन समिति के अध्यक्ष सोलडी सिंह, सचिव रितेश चंद्रा, संरक्षक सिंटू सिंह, अमित सिंह, सोनू सिंह, राहुल चंद्रा, रूपेश सिंह, प्रदीप सिंह क्रिकेट क्लब के सभी पदाधिकारी मौजूद थे। मैच का फाइनल 27 को होगा।

### भूमि विवाद में मारपीट, चार घायल

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के गोठा गांव में सोमवार की शाम जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में बीच हुए मारपीट में महिला सहित चार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में चंदीप यादव उम्र 45 वर्ष, नागवेशीय देवी उम्र 35 वर्ष, निर्मला देवी उम्र 30 वर्ष, सरिता देवी उम्र 30 वर्ष का नाम शामिल है। मारपीट की घटना के बाद परिजनों के द्वारा सभी घायलों को इलाज के लिए छतरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सकों ने चारों व्यक्ति की गंभीर स्थिति को देख सभी को बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी चंदिप यादव और नागवेसिया देवी की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जानकारी मिलने पर छतरपुर थाना पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है।

### मनातू पहुंची चलंत लोक अदालत ग्रामीणों ने रखी समस्याएं

**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर मंगलवार को नक्सल प्रभावित मनातू में चलन्त लोक अदालत सह न्याय रथ पहुंचा। इसके तहत लोगों को कानूनी जानकारी के अलावे जिला विधिक सेवा प्राधिकार से प्रदत्त सुबिधा के बारे में जानकारी दी गयी। वही डालसा द्वारा उपलब्ध पंपलेट, कानूनी पुस्तक आदि का वितरण किया गया। मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के असिस्टेंट बीर विक्रम वक्स राय ने कहा कि चलन्त लोक अदालत के माध्यम से सदुरवर्ती क्षेत्रों में जाकर लोगों को कानून के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही सरकार द्वारा कार्यान्वित योजनाओं की जानकारी दी जा रही हैं। ताकि लोग जागरूक होकर अपना हक अधिकार प्राप्त कर सकें।

# स्व लाल बाबू के नाम होगा उनके वार्ड का कोई प्रमुख चौक : अरुणा शंकर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर पूर्व वार्ड पार्षद स्वर्गीय लाल बाबू के आवास पर जाकर उनकी पत्नी और बच्चों से मिली। मौके पर उन्होंने मृतक के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट किया। उन्होंने कहा कि लाल बाबू के साथ काम करने का मुझे अवसर मिला था। वह हमेशा मुझसे मिलकर अपने वार्ड के विकास की बात किया करते थे। उनका सपना था उनके वार्ड का चहुंमुखी विकास हो। पूर्व वार्ड पार्षद स्व लाल बाबू मेरे छोटे भाई के समान थे। उनकी याद और जनहित के कार्य हमेशा हम सबों को उनकी याद करायेगी। इधर, मेंदिनीनगर नगर निगम के प्रथम मेयर अरूणा शंकर को इस कार्य के लिए अखिल झारखण्ड चंद्रवंशी क्षत्रिय महा सभा व आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सतीश कुमार ने इस शोकपूर्ण समय में पहल के लिए बधाई दी है।



मौके पर प्रथम महापौर ने कहा कि उनकी याद में उनके वार्ड का किसी प्रमुख चौक का नाम स्वर्गीय लाल बाबू स्मृति चौक उनके ब्रह्मभोज के दिन उनके वार्ड की जनता और सभी पार्षद गण के साथ मिलकर तय करते हुए नारियल फोड़कर नामकरण करेंगे, जिसे अगले बोर्ड में नोटिफाई करा दिया जायेगा। यही मेरी उनके वार्ड की जनता और निगम के पार्षदों की उनकी याद को बरकरार रखने के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# मोदी ही देश के भविष्य : रामचंद्र चंद्रवंशी

- पूर्व मंत्री सह विश्रामपुर विधायक ने रांची लोक सभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में झोंकी ताकत

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**विश्रामपुर (पलामू)।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने रांची लोक सभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष मे अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। उन्होंने दोनो लोकसभा क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान में प्रचार प्रसार किया।.लोगों से कमल फूल छाप पर बटन दबाने की अपील की। इस दौरान उन्होंने कई प्रादेशिक नेताओं के साथ जनसभा को भी संबोधित किया।

भाजपा के पक्ष में मतदान करने हेतु प्रेरित किया। श्री चंद्रवंशी ने लोगो को मोदी सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हुए मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताया। उन्होंने कहा कि मोदी देश का भविष्य है। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि रांची लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी की जीत तय है। लोग मोदी को व्यक्ति नहीं बल्कि एक शक्ति के रूप में देख रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश विकास की ऊंचाइयों को छू रहा है। मौके पर प्रेम बर्मा, रविंद्र बर्मा, बजरंग बर्मा सहित कई भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

# देश के युवाओं के प्रेरणाश्रोत थे राजीव गांधी : बिट्टू पाठक

- प्रार्थना सभा में सबने कहा कि पूरे देशवासियों के दिल में धड़कते और बसते हैं स्वर्गीय राजीव गांधी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में भारत रत्न देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनायी गयी। सर्वप्रथम कांग्रेस जनों ने उनके चित्र पर माला फूल अर्पित करके श्रद्धा सुमन अर्पित की एवं कांग्रेस जनों द्वारा उनके पुण्यतिथि पर एक प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राजीव गांधी 21वीं सदी के भारत के निर्माता थे। उन्होंने कई उल्लेखनीय कार्य किये जिसका लाभ देशवासियों को मिल रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी दूरसंचार के क्षेत्र में क्रांति लाने, 18 वर्ष के युवाओं को मत देने का अधिकार देकर युवाओं के हृदय सम्राट बन गये। गांव को सशक्त बनाने को पंचायती राज व्यवस्था लागू किया। शिक्षा का आधुनिकीकरण किया। भारत को कंप्यूटर युग में प्रवेश कराया।



**राजीव गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण करते कांग्रेसी।**

**खास बातें :** राजीव गांधी अपने प्रधानमंत्री काल में कई बड़ी योजना लागू किये थे। राजीव को झारखंड की जनता हमेशा याद रखेगी। राजीव के बिना यह देश की कल्पना अधूरा है। अगर आधुनिकीकरण हुआ है इसका देन स्व राजीव गांधी का है। पूरे देशवासियों के दिल में धड़कते हैं और बसते हैं राजीव गांधी। मौके पर शमीम अहमद राईन, ईश्वरी सिंह, मिथिलेश सिंह, जितेंद्र कमलापुरी, गिरजा राम, राजेंद्र अग्रवाल, इंदु भगत, अजय साहू, नसीम खान, रामानंद पाठक, अनिल सिंह, मुकेश सिंह, अशोक पासवान, उमेश यादव, अखिलेश मांझी, विभूति नारायण पाठक, मनोज चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

## आपसी रंजिश में टीएसपीसी के दस्ता ने की मारपीट

# चुनाव में मतदान नहीं करने का फरमान गलत है : एसपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नौडिहा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम सलैया खुर्द में सोमवार की रात प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के दस्ता ने एक ही परिवार के लोगों के साथ मारपीट की है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने कहा कि नक्सली संगठन टीएसपीसी दस्ते का नगीना, गौतम, जितेंद्र सिंह व अन्य के द्वारा मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि जितेंद्र सिंह उसी गांव का रहनेवाला है। जिसका पीड़ित परिवार के साथ पुराना पारिवारिक रंजिश था, जिस कारण बदला लेने की भावना से जितेंद्र सिंह ने टीएसपीसी के दस्ता के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर 20 मई की रात्रि को मारपीट की घटना को अंजाम दिया है।



उन्होंने कहा कि दस्ते के लोग पीड़ित परिवार के घर रात्रि में पहुंचकर दरवाजा खोलवाकर मारपीट किया गया। पिता की आवाज सुनकर उसका बेटा आया तो उसे भी पीटा। इसके साथ ही अन्य पुरूष सदस्य एवं गोतिया परिवार के लोगों को मारपीट किया गया। इसके बाद घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छतरपुर में कराकर छोड़ दिया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में 17 सीएल एक्ट के तहत मुकदमा नौडिहा बाजार थाना में दर्ज किया गया है। एसपी ने कहा कि घटना की सूचना पाकर पुलिस उस एरिया में सर्च अभियान चलाया है। नक्सली संगठन द्वारा मतदान नहीं करने का फरमान जारी नहीं किया गया है बल्कि यह घटना अपसी रंजिश का है। उन्होंने कहा कि ग्राम सलैया खुर्द के बूथ संख्या 279 में 13 मई को शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराया गया है। उन्होंने कहा कि यदि नक्सली मतदान नहीं करने का फरमान जारी करता तो पूरे गांव के लोगों को निशाना पर लेता सिर्फ एक ही परिवार को निशाना पर क्यों लिया गया। एसपी ने कहा कि इस क्षेत्र में माओवादियों का कोई भी दस्ता भ्रमणशील नहीं है। ना ही किसी के द्वारा वोट बहिष्कार का फरमान जारी किया गया है।

### चोरी गयी लूना बरामद

**पाटन पलामू।** पाटन थाना कांड संख्या 60/24 दिनांक 18/05/24, धारा 379 आइपीसी कांड में चोरी गयी लूना को पाटन पुलिस ने बरामद कर लिया है। अनुसंधान में पता चला कि कांड के वादी बाइक चोरी का झूठा केस किये हैं जबकि बाइक अपने साला को गिरवी रखी थी। उसे झूठा केस में फंसाने को केस किया गया है। लूना जब्त कर 182/211 के तहत कार्रवाई जारी है।

### अज्ञात व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव बरामद

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के सरजा पंचायत के हिसरा पोखराहा गांव स्थित वरूनवा आहर से मंगलवार को पुलिस ने एक अज्ञात क्षत-विक्षत शव बरामद किया है। गांव के लोग शौच के लिए सुबह में आहर की ओर गये थे। इसी दौरान शव पानी में तैरते देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि शव चार पांच दिन पुराना है और क्षत-विक्षत अवस्था में बरामद कर पुलिस ने राजा मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। संभवत: चिकित्सकों की टीम शव को जांच करने के बाद रांची स्थित राजेंद्र मेडिकल आयुर्विज्ञान संस्थान भेजा जायेगा।

### किशोर ने किया आत्महत्या का प्रयास

**विश्रामपुर पलामू।** थाना क्षेत्र के गौरा गांव निवासी कमलेश रजवार के पुत्र नंदलाल कुमार (12 वर्ष) ने सोमवार की शाम जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों ने बताया कि कमलेश सोमवार की शाम ट्यूशन पढ़ने नहीं जा रहा था। परिजन उसे जबरदस्ती ट्यूशन भेज रहे थे। इसी बीच गुस्से में आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने उसकी गंभीर हालत को देख विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति देख मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### देवर ने हथौड़ी से मारकर भाभी को किया घायल



**पाटन पलामू।** थाना क्षेत्र के उताकी गांव निवासी सुनील कुमार सिंह की पत्नी नीलम देवी को देवर छोटू कुमार ने बीती रात किसी बात को लेकर सिर में हथौड़ी से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद परिजनों के द्वारा नीलम देवी को इलाज के लिए पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद नीलम को बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। सदर अस्पताल में इलाज के बाद नीलम खतरे से बाहर है। इलाज करवाने के बाद नीलम सोमवार की सुबह मेदिनीनगर महिला थाना अपने देवर पर मारपीट से संबंधित मामला दर्ज करवाने पहुंची है। महिला ने बताया कि हमेशा उसका देवर छोटू सिंह हमेशा छोटी छोटी बात को लेकर हमें मारता पिटता रहता है।

# रबदा में घटिया पुल निर्माण का ग्रामीणों ने किया विरोध

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** नावा बाजार प्रखंड के ग्राम पंचायत रबदा में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत सड़क निर्माण का कार्य कराया जा रहा था। जो ग्राम रबदा से लेकर खामडीहा तक सड़क सुंदरीकरण किया जा रहा था। इसके तहत ढोड़राही महुआ के पास पुल निर्माण कार्य किया जा रहा था। यह पुल पतरिया, रबदा एवं ग्राम खमडीहा को जोड़नेवाला है। जिसका घटिया निर्माण कार्य किया जा रहा था। इसे देखकर ग्रामीण भड़क उठे और विरोध करते हुए काम पर रोक लगा दिया। इस कार्य को लेकर रबदा पंचायत के मुखिया सुमन देवी द्वारा संवेदनक को बार बार बेहतर निर्माण कार्य करने को कहा गया लेकिन संवेदक एवं आरईओ व आरडब्लूडी के मिलीभगत से यह कार्य कराया जा रहा है।

# चुनाव खत्म, हार-जीत की चर्चा शुरू

**अवध किशोर**

- अपने-अपने उम्मीदवारों को गुणा-गणित में जिताने में लगे लोग, होटल चाय की दुकान पर दिनभर मजमा



**नीलांबर पीतांबरपुर, पलामू।** चतरा लोकसभा चुनाव समाप्ति के बाद अब लोगों को मतगणना का इंतजार है। प्रखंड के लोगों की अपने-अपने प्रत्याशियों को जिताने को लेकर चर्चाएं जोरों पर हैं। लोगों की प्रतिक्रियाएं यहां तक देखने को मिली कि वे अपने प्रत्याशी को गुणा-गणित में जितवाने में आक्रोशित भी होते दिखे। वहीं जिले भर में मतगणना तक अपनी राय जारी रहेगी। चाय दुकानों के साथ ही घर के बाहर प्रत्याशियों के समर्थक जहां अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। वहीं आम आदमी भी इसी बात पर बहस व दावे करते दिख रहे हैं। हालांकि प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद भले ही हो गया हो, लेकिन गांवों कस्बे और आसपास के क्षेत्रों में दूसरे दिन भी चुनावी हलचल और समर्थकों का उत्साह दिखा। कई चौक-चौराहों पर 4 जून तक अब चुनावी चर्चाओं का बाजार गर्म रहेगा। यह बात अलग है कि अबतक लोग किस प्रत्याशी को कितने वोट मिलेंगे। किसके साथ कौन बिरादरी जुड़ेगी की चर्चा करते रहे हैं।

# महिला के थैला से पैसे की चोरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** भारतीय स्टेट बैंक से तीस हजार रुपये की निकासी कर मुख्य बाजार में खरीदारी करने पहुंची महिला के थैले से चोरों ने पूरे पैसे की चोरी कर ली। इस मामले में सीसीटीवी कैमरा खंगालने के बाद चोरी कर भाग रहे नाबालिग का चेहरा कैद हो गया है। पीड़ित महिला हैदर नगर थाना क्षेत्र के बिलासपुर गांव के टोला सरहु के मेतारी देवी पति अर्जुन राम है। बैंक से पैसे निकासी पर दोनों पति पत्नी जपला मुख्य बाजार स्थित गांधी चौक के समीप समान की खरीदारी करने पहुंचे थे। थैला से पैसे गायब होने के बाद पति पत्नी की हालत खराब हो गयी। स्थानीय लोगों ने दोनों को ढाढ़स बंधाते हुए हुसैनाबाद थाना को सूचना देने की बात कही। स्थानीय व्यवसायी ने सीसीटीवी कैमरा का फुटेज खंगाला तो उसमें एक नाबालिग दंपत्ति के थैले से पैसे निकासी करते दिख रहा है। इसी के आधार पर दोनों ने थाना को आवेदन दिया है।

### भाजपा लठेया महामंत्री के निधन पर शोक

**मेदिनीनगर।** भाजपा लाठ्या मंडल के महामंत्री सुदामा चंद्रवंशी का अचानक निधन हो गया। उनके निधन पर छतरपुर पाटन विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार सुमित कई भाजपा कार्यकताओं ने शोक व्यक्त किया है। विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि सुदामा चंद्रवंशी भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता थे। उनका निधन भाजपा परिवार और उनके लिए अपूरणीय क्षति है। पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि सुदामा चंद्रवंशी निजी तौर पर कई वर्षों हमारे परिवार से वर्षो से जुड़े हुए थे।

# झामुमो के जिला कार्यालय में मनी दुर्गा सोरेन की पुण्यतिथि



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झामुमो ने जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा की अध्यक्षता में दुर्गा सोरेन की 15वीं पुण्यतिथि मनायी। जिलाध्यक्ष ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सभी लोगों ने श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष ने बताया कि झारखंड को अलग करने में दुर्गा ने अग्रणी भूमिका निभायी थी। युवाओं के बीच वे लोकप्रिय थे क्योंकि राज्य का हर युवा उनकी छवि से प्रेरित था। कम उम्र में ही उन्होंने अपने पिता शिबू सोरेन के साथ एक आंदोलनकारी की भूमिका निभाकर झारखंड राज्य को अलग करवाया।

# पलामू को वर्ष 2030 तक बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए नया रोडमैप तैयार

- दिल्ली में आयोजित देश स्तरीय कार्यशाला में पलामू की अग्रगति संस्था ने लिया भाग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला को 2030 तक बाल विवाह का खात्मे के लिए रोडमैप तैयार किया गया है। रोडमैप तैयार करने के लिए बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के करीब दो सौ से भी अधिक सहयोगी संगठन देश की राजधानी नई दिल्ली में जमा हुए। जिसमें सक्रिय समाजिक संस्था अग्रगति ने पलामू जिला से भाग लिया। यहां बारी-बारी से अपने-अपने जिला में बाल विवाह की स्थिति को साझा किया गया। कार्यशाला में मिले विचारों से उत्साहित पलामू में काम कर रहे अग्रगति आश्वस्त है कि वह जिले को 2030 तक बाल विवाह मुक्त बना देगा। उक्त बातें अग्रगति के परियोजना पदाधिकारी किरण शंकर दत्त ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मंगलवार को कही। उन्होंने आगे कहा कि हमारे लिए यह गर्व की बात है कि बाल अधिकारों के लिए काम कर रहे हमारे जैसे तमाम संगठन बाल विवाह के खात्मे के साझा लक्ष्य के लिए साझा प्रयास कर रहे हैं। इस कार्यशाला में हमने इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए नए और लक्ष्य केंद्रित करना सीखा। इस नये रोडमैप के साथ हम जमीनी स्तर पर नये विचारों पर अमल में सक्षम होंगे एवं राज्य और अपने जिले में बाल विवाह के खिलाफ लड़ाई में उल्लेखनीय प्रगति करेंगे।




**बाल विवाहमुक्त बनाने की रणनीति बनाते लोग।**

**खास बातें :** पलामू जिले में पंचायतों, जिला परिषदों और पंचों के साथ मिलकर काम करते रहेंगे। जमीनी स्तर पर जन जागरूकता अभियानों और कानूनी हस्तक्षेपों के माध्यम से हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि लोगों में नैतिक जवाबदेही का भाव पैदा करने के अलावा उन्हें इस बाबत जागरूक किया जा सके कि बाल विवाह अपराध है। उन्हें इस गैरकानूनी काम के नतीजे भुगतने पड़ सकते हैं। इस राष्ट्रीय कार्यशाला में चले मंथन के बाद 2024-25 के लिए अभियान के रोडमैप पर सहमति बनी जिसमें तय किया गया कि बच्चों के अधिकारों के संरक्षण में कानूनी दखल सबसे प्रभावी औजार है।

# सिद्धनाथ बीएड कॉलेज में हुआ दो दिवसीय सेमिनार आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** जपला छतरपुर मुख्य पथ के संढा स्थित सिद्धनाथ बीएड कॉलेज, परिसर में दो दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया। सेमीनार में नई शिक्षा नीति 2020 की संभावनाएं एवं चुनौतियों का सफलता पूर्वक समापन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिन सेमिनार के रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉ सुनीता गुप्ता, प्राचार्या दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन गढ़वा, डॉ आभा गोस्वामी प्राचार्या सनातन बीएड कॉलेज, रेहला पलामू तथा सिद्धनाथ बीएड कॉलेज के निदेशक संजय सिंह उर्फ लड्डू ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर मार्त्यापण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में डॉ सुनीता गुप्ता एवं डॉ आभा गोस्वामी ने नई शिक्षा नीति 2020 विषय पर अपने विचार व्यक्त किये तथा प्रशुओं के साथ संवाद स्थापित कर उनके प्रश्नों का उत्तर दिया। संजय ने सेमिनार के आयोजन पर बधाई व शुभकामनाएं दी। कहा कि उच्च शिक्षा के लिए सेमिनार का आयोजन कर विद्यार्थी को टैलेंट निखारना हम सभी का दायित्व बनता है। जिससे विद्यार्थी को नई राह दिखाई देता है। दूसरे दिन रिसोर्स पर्सन डॉ आशुतोष मिश्रा दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन के वरिष्ठ प्रोफेसर तथा अनुप यादव प्रोफेसर पं जगनारायण त्रिपाठी बीएड कॉलेज मेदिनीनगर ने नई शिक्षा नीति 2020 के प्रमुख चुनौतियों संभावनाओं पर अपना-अपना बहुमूल्य विचार प्रकट किये।



**सेमिनार में प्रतिभागियों के साथ अतिथि व अन्य।**

# लालू-राबड़ी के जंगलराज में प्रति व्यक्ति आय 33% गिरी थी: निर्मला सीतारमण

## फर्स्ट टाइम वोटर को बिहार में जंगलराज का नुकसान बताने की जरूरत

एजेंसी

**पटना।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि लालू-राबड़ी के जंगलराज में प्रति व्यक्ति आय 33 प्रतिशत गिर गई थी। जंगलराज के नुकसान से बाहर लाने के लिए कितनी मेहनत करनी पड़ी है, यह पहली बार बिहार की जनता को बताना जरूरी है। सम्मान चाहिए, विकास नहीं की बात बोलने वालों के समय में सकल घरेलू उत्पाद ओडिशा से कम था। केंद्रीय वित्त मंत्री मंगलवार को पटना के भाजपा कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित कर रहीं थी। उन्होंने कहा कि बिहार में फर्स्ट टाइम वोटर को यहां के जंगलराज से हुए नुकसान को बताने की जरूरत है। साथ ही कहा कि लालू-राबड़ी के शासनकाल में जंगलराज के कारण बिहार में प्रति व्यक्ति आय 14,209 रुपये हो गई थी, जो फिलहाल 37,000 रुपये है। सीतारमण ने कहा कि जंगलराज मिटने के बाद पांच प्रतिशत का ग्रोथ मेंटेन करने के लिए परिश्रम करना पड़ा। राज्य को विशेष राज्य का दर्जा अब तक नहीं मिलने के सवाल पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि विशेष दर्जा के लिए केंद्रीय वित्त आयोग की रिपोर्ट में रिकमेंडेशन आना चाहिए, तभी इसके बारे में आगे विमर्श किया जा सकता है। केंद्रीय वित्त आयोग रिपोर्ट में टैक्स को कम करने का रिकमेंडेशन आया था, जिसके बाद तीन अलग-अलग स्लैब में केंद्रीय करों में कमी की गई है। बिहार को आर्थिक सहायता और विशेष सहायता पर निर्मला सीतारमण ने कहा कि 2015 में एक पैकेज बिहार के लिए घोषणा की गई थी और 1.25 लाख करोड़ का पैकेज दिया गया था। यह पैकेज सभी क्षेत्रों के लिए दिया गया था।



## सर्पदंश से एक की मौत, पुलिस को पोस्टमार्टम के लिए करनी पड़ी मशक्कत

**गढ़वा।** जिले के चिनियां थाना क्षेत्र के गुरु सिंधु चौक निवासी शिवनाथ साव के पुत्र अनिरुद्ध प्रसाद साव की मौत मंगलवार को सांप काटने से हो गई। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि अनिरुद्ध सोमवार की रात्रि बाहर शौच करने के लिए निकला हुआ था। इसी दौरान सांप ने उसके पैर में काट लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों के द्वारा हायर सेंटर ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन उसे मेदिनीनगर अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने मृत कर घोषित कर दिया। इसके बाद भी परिजन संतुष्टि नहीं मिलने के बाद उसे तुम्हेंगड़ा अस्पताल ले गए। वहां भी चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन अंधविश्वास के चक्कर में उसे झाड़ फुक करने के लिए ले गए। वहां भी उसकी स्थिति में कोई सुधार नहीं होने पर उसे पुनः गढ़वा सदर अस्पताल लाया जहां उसे फिर से चिकित्सकों द्वारा जांच कराया गया। इस दौरान मृतक के पुत्री सदर अस्पताल पहुंचकर घंटो तक अपने पिता को अंधविश्वास के चक्कर में ओम बागेश्वराय नमः के जाप करती रही उसे विश्वास था कि वह अपने पिता को बागेश्वर धाम के मंत्र से जीवित कर लेगी। पुलिस ने गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचकर शव को अंत्यपरीक्षण के लिए ले जाने का प्रयास किया, बड़ी मकसद के बाद पुलिस ने शव को लेकर अंत्य परीक्षण कराया।

# सीएसपी संचालक पर 14 हजार निकालने का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड के शिवपुर गांव निवासी कन्हाई प्रसाद गुप्ता ने अपने ही गांव के एक सीएसपी संचालक पर 14 हजार रुपया गलत तरीके से निकालने का आरोप लगाते हुए कांडी थाना में आवेदन दिया है। थाना को दिए आवेदन में पीड़ित ने कहा है कि शिवपुर गांव निवासी सीएसपी संचालक बबलू पाण्डेय द्वारा मेरे स्टेट बैंक के खाता संख्या 11794895797 से 14 हजार की निकासी किया गया है, जिसकी जानकारी मुझे नहीं हुआ। उक्त बैंक खाता मेरा व मेरी पत्नी कौशल्या देवी के नाम से संयुक्त खाता है। जब मैं लेबर कार्ड का पैसा चेक कराने गया तो उक्त निकासी की जानकारी हुआ। 3 दिसंबर 2023 को 14 हजार का अवैध निकासी किया गया है। जब उक्त निकासी के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि आप अपने से निकासी किए हैं मेरे रजिस्टर में आपका हस्ताक्षर है। पीड़ित ने कहा कि मैं अभी तक दो बार ही एक बार 5 हजार और दूसरा बार 2 हजार ही निकासी किया हूं। जबकि मुझसे रजिस्टर में तीन बार हस्ताक्षर करा लिया गया है। उन्होंने कहा कि चलो क्या हुआ मैं यही पर पैसा निकासी व चेक कराता हूं तो हस्ताक्षर करने से क्या होगा। बैंक खाता का डिटेल निकलवाने पर 20 मार्च 2023 से 25 जुलाई 2023 तक ही दिए हैं। उक्त आरोप के बारे में सीएसपी संचालक ने बताया कि कन्हाई गुप्ता के द्वारा मेरे ऊपर लगाया गया आरोप निराधार व गलत हैं। मैं 2013 से सीएसपी का संचालन कर रहा हूं आज तक इस तरह का कोई आरोप नहीं है। वह मेरे सेंटर पर अभी तक मात्र तीन बार ही निकासी किए हैं। 2 अक्टूबर 2023 को 5 हजार, 3 दिसंबर 2023 को 14 हजार और 18 जनवरी 2024 को 2000 हजार का निकासी किया गया है। जिसका सारा दस्तावेज मेरे पास सुरक्षित है। मैं अपना सारा दस्तावेज कांडी थाना में भी गुरुवार को प्रस्तुत कर चुका हूं। इस विषय में थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने बताया कि आवेदन मिला है पुलिस अपने स्तर से जांच पड़ताल कर रही है। जल्द ही मामला स्पष्ट हो जाएगा।

## संकट मोचन मंदिर के समीप भंडारा का आयोजन



उपस्थित संस्था के सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** सोशल वर्कर संस्था के तत्वावधान में मंगलवार को शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन मंदिर के समीप भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा में 200 जरूरतमंदों के बीच प्रसाद स्वरूप पूड़ी, सब्जी व बुन्दिया का वितरण किया गया। इस दौरान अदिति कश्यप व आकाश कांस्यकार ने अपने जन्मदिन पर संस्था के सप्ताहिक भंडारा में सहयोग किया। मौके पर संस्था के संचालक आकाश केशरी ने कहा कि शहर के लोग फूड फॉर हंगर प्रोजेक्ट को अनवरत जारी रखने में सहयोग दे रहे हैं। शहर की महिलाये एवं बहने भी संस्था से जुड़कर अनेको समाजिक कार्य कर रही हैं। चाहे रक्तदान हो या वस्त्र वितरण, सभी कार्यो में महिलाओं और बहनो का अहम भूमिका रह रहा है। मौके पर कैलाश कश्यप, शुभम केशरी, अनमोल कश्यप, उमंग सोनी, राज कश्यप, लक्की मधेसिया, मनीष गुप्ता, ब्रजेश उपाध्याय, अंशु कांस्यकार आदि उपस्थित थे।

# दिन दहाड़े मोटरसाइकिल की चोरी

### भीड़ भाड़ के बीच चोरों ने दिया घटना को अंजाम

खबर मन्त्र संवाददाता


मोटरसाइकिल लेकर भागता चोर

**गढ़वा।** शहर में इन दिनों मोटरसाइकिल चोरी की घटना बढ़ गई है। चोर दिनदहाड़े भीड़-भाड़ के बीच से मोटरसाइकिल चोरी कर भाग रहे हैं। शहर के रांकी मोहल्ला, बीपी प्लाजा के सामने वाली गली से चोरों ने कृष्ण प्रसाद कश्यप के पुत्र दीपक कुमार कश्यप का घर के सामने खड़ी मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। सामने दुकान खुला रहने एवं वहां भीड़ होने के बावजूद चोर बेखौफ होकर मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गए इस घटना की प्राथमिकी गढ़वा थाना में दर्ज कर दी गई है। प्राथमिकी के लिए दिए आवेदन में दीपक कश्यप ने बताया है कि दोपहर करीब 3:00 बजे वह अपना मोटरसाइकिल सुपर स्प्लेंडर जेएच 14 एफ 9353 शहर के मेन रोड स्थित बीपी प्लाजा के सामने वाली गली में अपने दुकान सह मकान के सामने खड़ी कर वह सोने चला गया। जब संध्या 4:00 बजे बाहर निकाल तो मोटरसाइकिल गायब पाया। आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि दो युवक मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। इसकी सूचना गढ़वा थाना में दे दी गई है।

# छपरा में चुनावी रंजिश में एक की मौत के बाद दो दिनों के लिए इंटरनेट बैन

एजेंसी

**पटना।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के मतदान के दौरान छपरा में सोमवार को भिखारी चौक स्थित बूथ पर उपजे तनाव ने हिंसक रूप ले लिया है। मंगलवार सुबह बीते शाम हुए चुनावी तकरार को लेकर भाजपा और राजद के कार्यकर्ता के बीच हिंसक झड़प हो गयी। झड़प के बीच दोनों ओर से गोलीबारी भी की गयी, जिसमें एक की मौत हो गई जबकि दो अन्य कार्यकता गंभीर रूप से घायल हैं, जिनको इलाज के लिए पटना पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एहतियात के तौर पर जिले में दो दिनों के लिए इंटरनेट सेवाएं ठप्प कर दी गई हैं। छपरा में हुई चुनावी हिंसा के बाद भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पूरा इलाका पुलिस छाबनी में तबदील हो गयी है। पुलिस ने झड़प के दौरान हुई राजद कार्यकर्ता के हत्या के मामले में भाजपा नेता रमाकांत सिंह सोलंकी और उसके भतीजे रामप्रताप सिंह को हिरासत में भी लिया है। घटनास्थल पर सारण के आयुक्त एम श्रवण और पुलिस उप महानिरीक्षक विकास वैभव सहित जिलाधिकारी अमन समीर और पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव मंगला ने स्वयं दौरा किया और तैनात जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



## इंडिया गठबंधन की लहर है, हम तीन सौ से ज्यादा सीटें जीतने जा रहे हैं: तेजस्वी

**बेतिया।** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम व प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार को वाल्मीकीनगर लोकसभा क्षेत्र के मैनाटाड़ में कहा कि पूरे देश में इंडिया गठबंधन की लहर है। हम तीन सौ से ज्यादा सीटें जीतने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनी तो एक करोड़ नौकरियां दी जायेंगी और गरीब बहनों के खाते में एक लाख की राशि दी जायेगी। वे मैनाटाड़ में उम्मीदवार दीपक यादव के पक्ष में चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 10 साल में प्रधानमंत्री ने जनता को गुमराह किया है। भाजपा के शासन में लोकतंत्र खतरे में है। महंगाई, बेरोजगारी से जनता परेशान है। इसके खिलाफ एकजुट होने की जरूरत है। तेजस्वी ने कहा कि यह चुनाव संविधान और लोकतंत्र बचाने का है। उन्होंने कहा कि हमने 190 से अधिक सभाएं की हैं और हमारा एक हेलीकॉप्टर भाजपा व जदयू नेताओं के 20 हेलीकॉप्टर पर भारी है। उन्होंने कहा कि हम मुद्दों की बात करते हैं, जबकि पीएम मोदी बांटने और नफरत की राजनीति करते हैं। तेजस्वी ने कहा कि एनडीए सरकार में न कारखाना खुले, न नौकरी मिली, न महंगाई कम हुई और न गरीबी खत्म हुई। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर 15 अगस्त को बेरोजगारी से आजादी दिलाएंगे और पूरे देश में एक करोड़ नौकरी देंगे। अग्निवीर योजना खत्म कर नियमित नियुक्ति करेंगे।

# बिहार की 40 सीटें एनडीए जीत रही है : सम्राट चौधरी

एजेंसी



**बेतिया।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने मंगलवार को कहा है लोकसभा चुनाव में भाजपा को जनता का भरपूर प्यार मिल रहा है। पांच चरण का चुनाव बीतने के बाद साफ हो गया है कि इस बार बिहार की सभी 40 सीट एनडीए जीत रही है। विगत लोकसभा चुनाव में बिहार में 40 में से 39 सीट एनडीए जीती थी। एक सीट नहीं मिलने की कसक रह गई थी, लेकिन इस बार यह कसक दूर हो जाएगी। वे मंगलवार को बेतिया के नजदीक एक निजी विद्यालय में मीडिया कर्मियों को संबोधित कर रहे थे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के बजट में से 95 प्रतिशत राशि विकास के काम में खर्च किया जा चुका है। बिहार और चंपारण के विकास व समृद्धि के लिए काम हो रहा है। सिलीगुड़ी-गोरखपुर एक्सप्रेसवे, बेतिया-पटना फोरलेन सड़क समेत अन्य सड़कें और विकासात्मक कार्य पूरा होते ही चंपारण समृद्धि के पथ पर तेजी से अग्रसर होगा। उन्होंने लोगों से पश्चिम चंपारण लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी डॉ. संजय जायसवाल, वाल्मीकि नगर के प्रत्याशी सुनील कुमार, मोतिहारी के प्रत्याशी राधा मोहन सिंह व शिवहर के प्रत्याशी लवली आनंद को भारी मार्जिन से जिताने की अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक मजबूत सरकार बनाईए। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष रूपक श्रीवास्तव, आनंद सिंह, संजय पांडेय, धनरंजन कुशवाहा, रवि सिंह,पंकज कुमार उर्फ लोहा पाण्डेय आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**गढ़वा।** गढ़वा - विंधमगंज मार्ग पर मुडीसेमर के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक बच्चा सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों में नगर ऊंटरी थाना क्षेत्र के जमुआ गांव निवासी स्व. कुलदीप राम का पुत्र शिव कुमार राम उसकी पत्नी बबीता देवी एवं उसका पुत्र अंकुश कुमार 5 वर्ष के नाम शामिल है। सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि शिव अपनी पत्नी तथा पुत्र को लेकर अपने मोटरसाइकिल से ससुराल मुडीसेमर जा रहा था। इसी क्रम में ब्रेकर पर उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना के बाद परिजनों ने उसे अनुमंडलीय अस्पताल नगर ऊंटारी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों ने गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### ओवर ब्रिज निर्माण कार्य में कार्य कर रहा मजदूर घायल

**गढ़वा।** गढ़वा-मेराल मुख्य मार्ग पर मेराल स्टैंड के पास बनाए जा रहे ओवर ब्रिज पर निर्माण कार्य करने के दौरान एक मजदूर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल मेराल थाना क्षेत्र के तेनार गांव निवासी सरजू प्रजापति का पुत्र उपेंद्र प्रजापति 42 वर्ष है। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया गया के उपेंद्र ओवर ब्रिज निर्माण कार्य में पिलर नंबर 56 के ऊपर चढ़कर काम कर रहा था। इस दौरान पिलर से नीचे गिरकर घायल हो गया। घटना के बाद अन्य काम कर रहे मजदूरों के द्वारा तत्काल उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सको ने उसकी गंभीर अवस्था को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया।

### आपसी विवाद में भाई ने भाई को किया घायल

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोरबे के टोला चिरकुटही निवासी 38 वर्षीय श्यामलाल उरांव को पारिवारिक विवाद में अपने ही भाई धरमू उरांव ने पीट कर घायल कर दिया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि आपसी विवाद में मारपीट हुई थी। जिसे श्यामला उरांव के द्वारा अपने भाई धर्मू उरांव के ऊपर मामला दर्ज कराया गया है, मामला दर्ज कर करते हुए पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस धर्मू उरांव को पूछताछ के लिए थाना लाई गई है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार घरेलू आपसी विवाद बताया जा रहा है।

### विद्युत आपूर्ति प्रमंडल का सूचना जारी

**मझिआंव।** विद्युत आपूर्ति प्रमंडल एक के अंतर्गत वरीय प्रबंधक महेश्वर कुमार के द्वारा महत्वपूर्ण सूचना पत्र प्रेषित किया गया है। जिसमें उल्लेख किया गया है कि गढ़वा फर्स्ट के अंतर्गत विद्युत उपभोक्ताओं के सिंगल फेज वाले खराब मीटर को मेसर्स बेनटेक कंपनी के द्वारा नए मीटर से बदला जा रहा है। उन्होंने यह भी लिखा है कि खराब मीटर की बदली निशुल्क की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार उन्होंने मौखिक रूप से संबंधित कनीय अभियंता को कहा है कि खराब मीटर बदलने में अगर पैसे लेने की कंप्लेंट आने पर तुरंत जांच कर दोषी के ऊपर एफआईआर दर्ज करेंगे। साथी कहा है कि सभी लाइनमैन ध्यान दें अपने-अपने एरिया के जले हुए ट्रांसफार्मर जो भी अभी तक बदल नहीं गया है। वो ट्रांसफर कैपेसिटी के साथ पूरा पता के साथ लिस्ट तैयार कर वरीय पदाधिकारी को भेजेंगे। इधर इस संबंध में मझिआंव नगर पंचायत व प्रखंड क्षेत्र एवं कांडी,बरडीहा प्रखंड क्षेत्र के विद्युत कनीय अभियंता कमल कुमार गुप्ता ने कहा कि कंपनी के द्वारा निशुल्क मीटर लगाया जाएगा। जिसको लेकर वरीय पदाधिकारी के द्वारा महत्वपूर्ण सूचना पत्र जारी किया गया है।

## खबर एक नजर में

### सासाराम में आंधी-तूफान से तीन की मौत

**पटना।** बिहार के सासाराम जिले में मंगलवार को तेज आंधी-तूफान ने करगहर थाना क्षेत्र के नीमडिहरा गांव में दो लोगों की जान ले ली। इसके अलावा शहर के फजलगंज में भी आंधी के दौरान छत का छज्जा गिरने से एक वृद्ध की मौत हो गयी। जिले में सुबह से ही तेज आंधी शुरू हो गई और लोग जान बचाने के लिए घरों में छिप गये। इस दौरान कई झोपड़ीनुमा मकानों को भारी क्षति पहुंची। शहर के फजलगंज में तेज आंधी के दौरान दूध के इंतजार में बैठे वृद्ध की छत का छज्जा गिरने से मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक की पहचान राज कुमार लाल श्रीवास्तव के रूप में की गई है। मृतक के परिजनों के अनुसार राज कुमार प्रत्येक दिन पड़ोस के ही एक पहलवान पंडित के घर दूध लाने के लिए जाया करते थे। पांच बजे दूध लाने के लिए निकले। जैसे ही दूध वाले पंडित के घर पहुंचे तेज आंधी चली। इस दौरान पंडित के घर का छज्जा टूट कर गिर गया। छज्जा का एक ईट उनके सिर पर गिर गया। इससे वह जमीन पर गिर पड़े और उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। इस संबंध में नगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि मामले में यूडी केस दर्ज कर लिया गया है। शव का पोस्टमार्टम कराकर उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। करगहर थाना क्षेत्र के नीमडीहरा गांव में 25 वर्षीय मंजय कुमार की मौत हो गयी। ग्रामीणों के अनुसार मंजय कुमार छत पर सोये हुए था। सुबह तूफान आने पर वह छत से उठकर भागने लगा। हड़बड़ाहट में वह छत से नीचे गिर गया। छत पर रेलिंग न होने के कारण यह हादसा हुआ। सड़क के नीचे नाली के पास उसके सिर में गंभीर चोट लगी।

## पेज एक का शेष

### आदिवासियों से नफरत...

**मोदी पर उलटा पड़ा दावं :** केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली से लेकर झारखंड तक यह पीएम मोदी का यह दावं उल्टा पड़ गया। आप और झामुमो जैसी पार्टियों अपने नेतृत्व के जेल जाने के बाद पहले से ज्यादा संगठित और मजबूत हुई हैं। इस चुनाव पूरी ताकत से मोदी सरकार के खिलाफ जनता को वोट देने के लिए प्रेरित कर रही है।

**आदिवासियों को ललकारा है :** केजरीवाल ने कहा, आदिवासी समाज से आने वाला एकमात्र सीए हेमंत सोरेन को मोदी ने बिना अदालती आदेश के जेल में बंद कर रखा है। यह आदिवासी समाज को ललकारने जैसा है। मोदी को इसका देश का आदिवासी समाज अवश्य देगा। उन्होंने कहा कि कल्पना सोरेन ने झांसी की रानी बनके जिस तरह झारखंड में चुनाव प्रचार की कमान संभाली है वह काबिले तारीफ है। केजरीवाल ने उपस्थित जन समूह से नारा लगवाया....25 मई..भाजपा गई, 25 मई..भाजपा गई.... 25 मई..भाजपा गयी।

### 20 लाख करोड़...

**मोदी की गारंटी, बच्चों और बिहार का भविष्य बनाउंगा :** मोदी ने गारंटी देते हुए कहा कि आपके लिए दिन-रात मेहनत करुंगा। पहले से भी ज्यादा मेहनत करूंगा। मुझे आपके और आपके बच्चों के भविष्य के लिए विकसित बिहार बनाना है। विकसित भारत बनाना है। पीएम ने कहा कि जो लोग चांदी का चम्मच लेकर पैदा होते हैं उन्हें पता नहीं कि गरीबी क्या होती है। मैंने सुना है कि यहां कोई घूम-घूमकर कह रहा है कि चार जून के बाद मोदी को बेड रेस्ट होगा। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि मोदी तो क्या देश के किसी भी नागरिक के जीवन में बेड रेस्ट की नौबत नहीं आनी चाहिए। जंगलराज के वारिस से और अपेक्षा भी क्या की जा सकती है। जैसे-जैसे चार जून पास आ रहा है, मोदी के लिए गालियां और बद्दुआओं की संख्या बढ़ती ही जा रही है। उन्हें यह बरदाश्त नहीं हो रहा है कि जनता मोदी को फिर अगले पांच साल का आशीर्वाद दे रही है।

**जंगलराजवालों की आंखों में मोदी खटकता है :** पीएम ने कहा कि जिन्होंने बिहार को जंगलराज दिया। नौजवानों को पलायन दिया। परिवारों को गरीबी दी। बिहार के लोगों को मारा-तड़पाया। माताओं-बहनों का जीवन बर्बाद किया। जो लोग आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे हैं, जिन्हें अदालत ने घोटाले का दोषी साबित किया है, इन लोगों की आंखों में मोदी चौबीस घंटे खटकता है। उन्होंने कहा, लेकिन इनकी लाख कोशिशों के बाद भी मैं आपकी सेवा में डटा रहूंगा।

**आप सब ही मेरे वारिस हैं :** पीएम ने कहा कि गरीब से गरीब मां-बाप भी हमेशा चाहता है कि जाने के बाद बच्चों को विरासत में कुछ देकर कर जायें। मोदी एक ऐसा इंसान है जिसकी अपनी कोई विरासत नहीं है। मेरे लिए तो आप ही मेरी विरासत हैं। आप ही मेरे वारिस हैं। मेरा और कोई वारिस नहीं है। इसलिए मुझे आपका और आपके बच्चों का उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए अपने आप को खपा देना है। इसलिए आपके गांव आपका आशीर्वाद मांगने आया हूं। आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए केंद्र में फिर एक बार मजबूत सरकार चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में आने के पहले दिन ही बापू को पूरी तरह छोड़ दिया। उन्होंने अपना सारा ध्यान सिर्फ और सिर्फ एक परिवार को आगे बढ़ाने पर लगाया।

**कांग्रेस-राजद ने सिर्फ ठगा :** पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस और राजद ने आपको सिर्फ ठगने का काम किया। 60 वर्षों में इन लोगों ने अपने लिए बड़े-बड़े महल बनाये। आपके पास पेट भरने को अन्न नहीं था, लेकिन इन लोगों की तिजोरियां और अलमारी नोटों की गड्डियों से भरती रही। आपके बच्चों के पास पढ़ने के लिए स्कूल नहीं था, लेकिन इनके बच्चे विदेशों में जाकर पढ़ते रहे। गरीब परेशानी और मुश्किल में था, लेकिन इन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता था। वहीं मोदी ने 10 साल में बहुत सारा समय पिछली सरकारों के गड्ढे भरने में निकला। अब उससे ज्यादा काम अगले 5 वर्षों में होगा। ये मोदी की गारंटी है।

### भ्रष्टाचार व परिवार...

उन्होंने जनता से अपील की कि अगर किसी को ढुल्लू महतो से नाराजगी भी है तो देश में मोदी सरकार के लिए मतदान करें, हमें देश बनाना है, मोदी को पीएम बनाना है। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज पहली बार उन्होंने ढुल्लू महतो को बोलते सुना है। उन्होंने जनता से पार्टी प्रत्याशी श्री महतो को वोट देकर विजयी बनाने की अपील की।

**परिवारवादी जुटते हैं, फिर विखर जाते हैं :** श्री सिंह ने कहा, वे झामुमो और कांग्रेस के बंधुओं को कहना चाहता हैं कि राजनीति सिर्फ अपने लिए नहीं करनी चाहिए। राजनीति देश और समाज के निर्माण के लिए राजनीति की जानी चाहिए। यह परिवारवादी दल कभी एकसाथ आ कर मोदी के खिलाफ परिवार बनाते हैं और फिर टूट जाते हैं। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि जो हमारे देश के विरोधी हैं क्या उनकी तारीफ की जानी चाहिए। पाकिस्तान का मंत्री राहुल गांधी की तारीफ कर रहा है। वैसे में क्या इन लोगों की सरकार देश में बननी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा भारत को सशक्त बनाना चाहती है, विश्व शक्ति बनना चाहती हैं, विश्व का कल्याण करना चाहती है। वहीं विपक्षी दल क्या चाहते हैं, जनता देख रही है।

**जोरदार स्वागत :** इस चुनावी मंच से बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार को लेकर जमकर प्रहार किया। वहीं भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने कहा, 15 वर्षों तक बाघमारा को विकास के रास्ते तक ले जाने का काम किया है। धनबाद में भी विकास करने का काम करने का आश्वासन में जनता को देना चाहता हूं। इससे पूर्व बोकारो के सेक्टर 2सी दुर्गा पूजा मैदान पहुंचने पर उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हेमंत की अंतरिम ...

मंगलवार को सुनवाई के बाद शीर्ष कोर्ट ने बुधवार को इस मामले की फिर से सुनवाई की बात कही। पीठ ने मंगलवार को सवालों की झड़ी लगाते हुए कहा कि चूंकि जमानत से इनकार करने वाले आदेश में कहा गया है कि सोरेन के खिलाफ प्रथम दृष्टया मामला बनता है, इसलिए सवाल यह है कि क्या शीर्ष अदालत गिरफ्तारी की वैधता की जांच कर सकती है। ईडी के पास इस मामले में योग्यता के आधार पर एक अच्छा मामला है, लेकिन बाद के घटनाक्रमों को देखते हुए इसे एक अलग नजरिए से देखना होगा।

स्पीड न्यूज

## विक्की-कैटरीना कैफ जल्द देंगे खुशखबरी



**मुंबई।** बॉलीवुड जोड़ी विक्की कौशल और कैटरीना कैफ इन दिनों लंदन में अपनी छुट्टियों का आनंद ले रहे हैं। लंदन में इस कपल का एक वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में फैंस को शक है कि कैटरीना प्रेग्नेंट हैं। इस वीडियो में विक्की और कैटरीना लंदन में हाथ में हाथ डाले घूमते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में कैटरीना अलग ही अंदाज में चलती नजर आ रही हैं और फैंस कयास लगाने लगे हैं कि ऐसा इसलिए है, क्योंकि वह प्रेग्नेंट हैं।

## कोलकाता में बांग्लादेश के एक सांसद लापता

**कोलकाता ।** बांग्लादेश से इलाज कराने के लिए कोलकाता आए एक सांसद लापता हो गए हैं। कोलकाता में बांग्लादेश उप उच्चायोग के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार 12 मई को इलाज के लिए कोलकाता पहुंचने के बाद 13 मई से लापता हैं। मंगलवार को बांग्लादेश उच्चायोग की ओर से बताया गया है कि बांग्लादेश की सत्तारूढ़ अवामी लीग के सदस्य अनार, बारानगर में एक दोस्त के घर पर रह रहे थे। 13 मई को वह किसी से मिलने के लिए निकले जिसके बाद से लापता हैं।

## 'आप' के पूर्व विधायक बराड़ भाजपा में शामिल

**नयी दिल्ली।** पंजाब में लोकसभा चुनाव की वोटिंग से पहले आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। जालंधर कैंट विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक जगबीर सिंह बराड़ मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गए। पार्टी के केंद्रीय मुख्यालय में पार्टी महासचिव तरुण चुघ की मौजूदगी में बराड़ ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। बराड़ ने शिरोमणि अकाली दल छोड़कर उप चुनाव के दौरान आप की सदस्यता ली थी, लेकिन पार्टी में ज्यादा अहमियत नहीं मिलने पर वो नाराज चल रहे थे। राज्य में अकाली दल की सरकार के दौरान बराड़ जालंधर कैंट क्षेत्र से विधायक थे।

## क्योटो से चुनाव हार रहे हैं प्रधान सांसद : अखिलेश

**भदोही।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सीधा हमला करते हुये सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि देश के प्रधान सांसद इस बार क्योटो (वाराणसी) से चुनाव हार कर रहे हैं। राजपुरा मैदान में तृणमूल कांग्रेस प्रत्याशी ललितेशपति त्रिपाठी के पक्ष में सभा को संबोधित करते हुये यादव ने मंगलवार को कहा कि कभी काशी को क्योटो बनाने का सपना दिखाने वाले देश के प्रधान सांसद अब की बार क्योटो से भी चुनाव हारने जा रहे हैं। देशवासियों के लिए यह सबसे बड़ी ब्रेकिंग न्यूज है।

## सिसोदिया की जमानत हाईकोर्ट से फिर खारिज

**नयी दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धन शोधन के मामलों में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आप के नेता मनीष सिसोदिया की जमानत की आर्जी मंगलवार को नामंजूर कर दी। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने मनी लॉन्ड्रिंग और भ्रष्टाचार के मामलों में सिसोदिया की ओर से दायर दूसरी जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि सिसोदिया भ्रष्टाचार के आरोप में सीबीआई की ओर से दायर मामले में जमानत की तिहरी कसौटी पूरी नहीं कर सके हैं।

# नारी शक्ति को बनायेंगे महाशक्ति : मोदी

एजेंसी

**वाराणसी।** इंडिया समूह पर नारी शक्ति की उपेक्षा और अपमान का आरोप लगाते हुये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि चार जून के बाद सरकार नारी शक्ति को महाशक्ति बनाकर रहेगी। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में नारीशक्ति संवाद को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि दस साल में पहली बार सरकार की नीतियों से लेकर निर्णय तक हमारी माताएं, बहनें, महिलाएं केंद्र में आई हैं। यह भारत की सक्सेज स्टोरी का बहुत बड़ा फैक्टर है। जब घर आपके बिना नहीं चलता तो देश आपके बिना कैसे चल जाता। 60 वर्ष तक सरकारों को यह बात समझ ही नहीं आई। सांसद ने कहा कि काशी में राजपाट बाबा विश्वनाथ का है, लेकिन व्यवस्था मां अन्नपूर्णा ही चलाती हैं। भोजपुरी भाषा में उन्होंने कहा कि इ पहली बार ह, जब हम काशी क नामांकन अपने माई के उपस्थिति के बिना कइले हईं। मां गंगा ही अब हमार माई हइन। मैंने इसलिए कहा था कि मां गंगा ने पहले मुझे काशी बुलाया था। अब मां गंगा ने मुझे गोद ले लिया है। इतनी सारी मातृशक्ति की मौजूदगी मुझे अभिभूत कर रही है। मैं पार्टी के प्रचार में कितना भी व्यस्त होता हूं, लेकिन बनारस को लेकर हमेशा निश्चिंत रहता हूं। मुझे कोई चिंता ही नहीं रहती, क्योंकि सब कुछ आप लोग भी संभालते हैं। इस गर्मी में अपने स्वास्थ्य का ध्यान जरूर रखिए। मेरा सुझाव है कि कितना भी काम कीजिए, लेकिन पानी साथ रखिए और खूब पीजिए। बिना खाए घर से कतई न निकलिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि सपा व कांग्रेस सरकारों ने महिलाओं की केवल उपेक्षा व असुरक्षा की। इंडी गठबंधन की मानसिकता ही महिला विरोधी है। यह लोग महिला आरक्षण का विरोध करते हैं। जहां इनकी सरकार आती है, महिलाओं का जीना दूभर हो जाता है। बनारस के लोग यूपी, बिहार में रहे जंगलराज से परिचित हैं। बहन-बेटियों का घर से निकलना मुश्किल था। सुरक्षा के डर से पढ़ाई छोड़कर बेटियों को घर बैठना

## प्रधानमंत्री बोले-बाबा विश्वनाथ में व्यवस्था चलाती हैं मां अन्नपूर्णा

- भोजपुरी में बोले मोदी -इ पहली बार ह, जब हम काशी क नामांकन अपने माई के उपस्थिति के बिना कइले हईं
- यूपी, बिहार में जंगलराज से परिचित हैं बनारस के लोग



पड़ता था और सपा वाले बेशर्मी से कहते थे कि लड़के हैं, इनसे गलती हो जाती है। सपा के लड़के जरा आज गलती करके दिखाएं। योगी जी की सरकार वो हाल करेगी, जो उन्होंने सोचा भी नहीं होगा। मोदी ने कहा कि पहली बार केंद्र में ऐसी सरकार आई है, जिसने महिलाओं के सम्मान की चिंता की है। उन्हें इज्जत घर दिए। लोग मजाक उड़ाते थे कि मोदी टॉइलट करता रहता है। हमने 11 करोड़ टॉइलट बनाए हैं। मेरी बहन-बेटियों को इसकी बहुत जरूरत थी। मोदी ने गरीब महिलाओं के लिए बिना एक रुपये खर्च किए खाते खुलवाए, ताकि उन्हें मिलने वाला पैसा सुरक्षित रह सके। चार करोड़ से अधिक घर बनाए, लेकिन उसकी रजिस्ट्री महिलाओं के नाम पर कराई, ताकि करोड़ों माताएं घर की मालकिन बनी हैं। यह सिर्फ योजना ही नहीं थी, इससे नारी शक्ति को नया आत्मविश्वास मिला। यही मेरा मिशन और सोच थी।

उन्होने ने तंज कसा कि कांग्रेस की सरकारों की पहचान एक गाने से खूब होती है.... महंगाई डायन खाय जात है। कांग्रेस आई, महंगाई लाई। कांग्रेस सरकार रही होती तो आपकी रसोई का बजट दो-तीन गुना बढ़ चुका है, लेकिन यह भाजपा और गरीब का बेटा मोदी है। मोदी लगातार प्रयास करता है कि आपके खर्चे कम हों और बचत ज्यादा हो।

मोदी ने मुफ्त राशन की योजना चलाई है, जिससे गरीब के घर का चूल्हा जलता रहे। इससे साल में हर परिवार के करीब 12 हजार रुपये बच रहे हैं। उज्ज्वला सिलेंडर में भी प्रति सिलेंडर 300 रुपये से अधिक की बचत हो रही है। बनारस के 40 हजार घरों में पाइप से रसोई गैस की सप्लाई होती है। बहुत जल्द 80 हजार घरों को पाइप से गैस मिलेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेता कहते हैं कि हिंदुओं की शक्ति का विनाश करके रहूंगा, लेकिन चार जून के बाद मोदी सरकार आपकी शक्ति को महाशक्ति बनाकर रहेगा। मैं आपके लिए लगातार काम कर रहा हूं। आपकी आशीर्वाद से नई ऊर्जा मिलती है। न थकता हूं, न रुकता हूं यही सपना लेकर चलता हूं कि 140 करोड़ देशवासियों की मुसीबतें जितनी कम कर सकूं, करता रहूं।

## भाजपा सरकार ने आधी आबादी को स्थान देकर बढ़ाया सम्मान : योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में केंद्र सरकार ने एजेंडे में प्रभावी ढंग से देश की आधी आबादी को स्थान देकर उनका सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि देश में जिन चार जातियों पर चर्चा की थी। उनमें गरीब, अन्नदाता, नौजवान और महिलाएं शामिल हैं। देश में वर्ष 2014 के बाद बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ से लेकर मातृ वंदन समेत अन्य अभियान चलाए गये हैं। इतना ही नहीं मोदी सरकार ने नई संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित करके आधी आबादी को देश की विधायिका में प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिया है।

**पाकिस्तान से है इतना प्यार तो वहीं जाकर भीख मांगो :** योगी ने विपक्ष पर तीखा हमला करते हुए उसे पाकिस्तान परस्त बताया और कहा कि यदि पाकिस्तान से इतना प्यार है तो वहीं जाकर कटोरा लेकर भीख मांगो। उन्होंने कहा कि जो आतंकवादियों पर से मुकदमे हटाते हैं, राम का विरोध करते हैं, रामभक्तों पर गोली चलवाते हैं उन्हें वोट देकर पाप का भागी कोई नहीं बनेगा। अगर पाकिस्तान से है इतना प्यार चले जाओ वहां और कटोरा लेकर भीख मांगो।

## मेदिनीपुर में मिथुन चक्रवर्ती के रोड शो पर हमला, बोतलें फेंकी

**कोलकाता।** मेदिनीपुर में मंगलवार को अभिनेता व भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती के रोड शो पर हुआ हमला। कार्यक्रम के दौरान तृणमूल कार्यकर्ताओं पर बोतलें फेंकने का आरोप लगा है। भाजपा का आरोप है कि घटना पुलिस के सामने हुई। मंगलवार सुबह मिथुन चक्रवर्ती भाजपा उम्मीदवार अग्निमित्रा पॉल के समर्थन में रोड शो कर रहे थे। यह रोड शो मेदिनीपुर कलक्ट्रेट जंक्शन से केरानिटोला तक किया जाना था। मार्ग पर शेखपुरा रोड के पास तृणमूल समर्थक पोस्टर-बैनर के साथ भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे।

तृणमूल का यह प्रदर्शन युवा नेता अबीर अग्रवाल के नेतृत्व में चल



रहा था। जैसे ही भाजपा का जुलूस वहां पहुंचा, दोनों पार्टियों के समर्थकों के बीच गाली-गलौज और नोकझोंक हो गई। देखते ही देखते तृणमूल समर्थकों ने भाजपा के जुलूस पर बोतलें फेंकनी शुरू कर दीं। माहौल को देखते हुए मिथुन चक्रवर्ती के रोड शो को रोक दिया गया। स्थिति संभालने के लिए पुलिस ने दोनों पक्षों को हटाया।



## दिल्ली में नड्डा समेत कई नेताओं ने किया रोड शो

**नयी दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को रामवीर सिंह बिधूड़ी के लिए पालम में रोड शो किया, उसके बाद उन्होंने चांदनी चौक लोकसभा सीट के प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल के लिए पीतमपुरा में रोड शो किया और लोगों से वोट देने की अपील की।

केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्वी दिल्ली के उम्मीदवार हर्ष मल्होत्रा के लिए सरिता विहार और उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के प्रत्याशी योगेन्द्र चांदोलिया के लिए रिठाला में रोड शो किया। केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कमलजीत सहरावत, मनोज तिवारी, बांसुरी स्वराज के लिए जनसभाएं की। गोवा के मुख्यमंत्री ने प्रमोद सांवत ने मंडोली चौक पर मनोज तिवारी के लिए प्रचार किया।

## पहाड़ खोदकर चूहा लाते हैं मोदी : खड़गे

**यमुनानगर।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केवल बड़ी-बड़ी बातें करना जानते हैं और पहाड़ खोदकर चूहा निकाल कर लाते हैं।

श्री खड़गे यहाँ अंबाला और कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्रों के इंडिया गठजोड़ समूह के प्रत्याशियों क्रमशः वरुण मुलाना और सुशील गुप्ता के पक्ष में जगाधरी अनाज मंडी में चुनावी सभा को संबोधित करते हुये कहा कि श्री मोदी पहाड़ खोदकर चूहा निकाल कर लाते हैं और बड़ी- बड़ी बातें करते है, जबकि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान के दो टुकड़े कर बंगलादेश बनाया था। उन्होंने आरोप लगाया कि श्री मोदी झूठों के सरदार हैं और उन्होंने सबका

**पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान के दो टुकड़े कर बंगलादेश बनाया था**



साथ लेकर सबका सत्यानाश किया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि उनकी लड़ाई मोदी से नहीं बल्कि उनकी और आरएसएस की विचारधारा से विरोध है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने बैंक खातों में 15 लाख रुपये आने, दो करोड़ नौकरियां देने और किसानों की आमदनी दोगुनी करने जैसे अनेक झूठ बोले हैं।

## ईरान के दिवंगत राष्ट्रपति रईसी के अंतिम दर्शन के लिए उमड़ा जनसैलाब

**पवित्र शहर मशहद में गुरुवार को किया जायेगा सुपुर्द-ए-खाक**

एजेंसी

तेहरान। ईरान के दिवंगत राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के अंतिम दर्शन के लिए मंगलवार को मुल्क के तबरेज शहर में जनसैलाब उमड़ पड़ा। उनके पार्थिव देह की एक झलक पाने के लिए लोग बेताब दिखे। उन्हें गुरुवार दोपहर पवित्र शहर मशहद में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। इस हादसे में रईसी समेत नौ लोग हताहत हुए हैं। इनमें ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीराब्दुल्लाहियन भी हैं। ईरान में सोमवार को पांच दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई। तबरेज शहर में आयोजित शोकसभा में हजारों लोग शामिल हुए। ईरान में शहीदों से संबंधित समारोहों और सेवाओं की जिम्मेदारी संभालने वाले संगठन ने मशहद में अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू कर दी



हैं। रईसी की पार्थिव देह तबरेज में सुबह 9:30 बजे शोहदा स्क्वायर से मोसल्ला के लिए रवाना हुई। पूरे रास्ते दोनों तरफ गम में डूबे लोग अपने नेता के अंतिम दर्शन के लिए खामोश खड़े रहे। बुधवार सुबह 7:30 बजे तेहरान में अंतिम प्रार्थना होगी। इसके बाद दफन जुलूस तेहरान विवि से आजादी स्क्वायर की ओर बढ़ेगा। अपराह्न में विदेशी गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में शहीदों के सम्मान में एक समारोह होगा। । गुरुवार को बिरजंद में सुबह 8:00 बजे से दक्षिण आखिरी विदाई समारोह होगा। दोपहर को पवित्र शहर मशहद में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी को सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा।

## राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए पोर्टल हुआ लांच

नई दिल्ली। शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा सचिव के. संजय मूर्ति और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के अध्यक्ष प्रोफेसर टीजी सीतारम ने मंगलवार को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार- 2024 के लिए पोर्टल लॉन्च किया। नामांकन की अंतिम तिथि 20 जून है। चयनित विजेताओं को शिक्षक दिवस पर सम्मानित किया जाएगा। संजय मूर्ति ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2024 का उद्देश्य देश में प्रतिष्ठित संकाय सदस्यों के असाधारण योगदान को पहचानना और उन्हें प्रोत्साहित करना है। ये पुरस्कार विशेष रूप से शिक्षण में उनके समर्पण और कड़ी मेहनत का सम्मान करते हैं जिसने न केवल उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया है बल्कि उनके छात्रों के जीवन को भी समृद्ध किया है। उन्होंने कहा कि देशभर में योग्य

**20 जून तक होगा नामांकन**

शिक्षकों को अधिकतम संख्या में नामांकन करना चाहिए। एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रोफेसर सीतारम ने कहा कि यह पुरस्कार उच्च शिक्षा में शिक्षण, सामुदायिक आउटरीच, संस्थागत सेवा, अनुसंधान और नवाचार में संकाय सदस्यों की अद्वितीय और अभूतपूर्व उपलब्धियों को स्वीकार करने का प्रयास है। यह पुरस्कार शिक्षकों को उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता की संस्कृति विकसित करने के लिए प्रेरित करेगा। नामांकित व्यक्तियों को उनके संस्थानों का नियमित संकाय सदस्य होना चाहिए और उनकी आयु 55 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। योग्य उम्मीदवार www.awards.gov.in पर ऑनलाइन पुरस्कार पोर्टल का उपयोग करके निर्धारित प्रारूप में अपना नामांकन जमा कर सकते हैं।

## भाजपा के लिए काम कर रही स्वाति मालीवाल : आप

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि उपराज्यपाल वीके सक्सेना के बयान से यह साबित हो गया है कि सांसद स्वाति मालीवाल भाजपा के लिए काम कर रही हैं। आप के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को कहा कि सक्सेना साहब, शायद आप भूल गए, देश के लिए मेडल जीतने वाली पहलवान बेटियां, इसी दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरने पर बैठी थीं। धूप और बरसात में भी बैठी थी। एफआईआर करवानी थी कि भाजपा के सांसद बृजभूषण ने बार-बार उनका शारीरिक शोषण किया था। तब आपके अधीन दिल्ली पुलिस ने एफआईआर तक दर्ज नहीं की थी। बताइए क्यों नहीं दर्ज की? एफआईआर भी सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुई थी। मगर धारा 354 के मुकदमे के बावजूद भाजपा सांसद एक दिन के लिए भी गिरफ़्तार नहीं हुआ। दिल्ली पुलिस आपके अधीन है। बताइए क्यों गिरफ़्तार नहीं किया? आप पूरे प्रकरण पर क्यों चुप रहे? आप उनसे मिलने क्यों नहीं गए? तब आपको दिल्ली और भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि की चिंता नहीं हुई? आपके अधीन पुलिस ने आधी रात को इन बेटियों को बेरहमी से पीटा। बताइए आपने क्या कार्रवाई की? उसी रात को सुश्री स्वाति मालीवाल को भी पुलिस ने सड़क पर घसीटा था। बताइए आपने क्या कार्रवाई की? थोड़ा गिरेबान में झांकिए।

आप का कहना है कि राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल पर एसीबी का एक भर्ती घोटाले का केस चल रहा है कि दिल्ली महिला आयोग में गलत तरीके से संविदा कर्मचारियों को भर्ती किया गया।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की उल्टी गिनती शुरू

**इस साल महिला सशक्तीकरण के लिए होगी थीम**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के 10वें संस्करण के उपलक्ष्य में जागरुकता के लिए मंगलवार, 21 मई को 30 दिनों की उल्टी गिनती शुरू की। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में इस बार के योग कार्यक्रम की थीम महिला सशक्तीकरण के लिए योग जारी किया गया। एआईआईए की निदेशक प्रोफेसर तनुजा नेसारी ने सभी से महिला सशक्तीकरण, मार्गदर्शन और हमारे मन एवं आत्मा को मजबूत करने के लिए इस योग दिवस को मनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि अगले 30 दिनों तक प्रत्येक दिन देश के कई क्षेत्रों में योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आयुर्वेद के जीवन जीने के

**30 दिनों तक रोज देश के कई क्षेत्रों में होंगे कार्यक्रम : नेसारी**

तरीके का पालन करके हम स्वस्थ्य जीवन जी सकते हैं। आयुर्वेद और योग एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। आयुर्वेद योग का भौतिक पहलू है और योग आयुर्वेद का आध्यात्मिक पहलू है। इसलिए योग का अभ्यास करना बेहद जरूरी है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बहन बीके शिवानी ने वर्तमान युग में एआईआईए की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि योग के अभ्यास से दिमाग शांत होता है। शांत चित से व्यक्ति को समाज के कल्याण के लिए सही निर्णय लेने में मदद मिलती है। सभी के समग्र विकास के लिए महिला सशक्तीकरण महत्वपूर्ण है। आयुष मंत्रालय की संयुक्त सचिव भावना




सक्सेना ने मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के छात्रों सहित विभिन्न प्रदर्शनों की सराहना की। इसमें योग फ्यूजन कार्यक्रम का जीवंत प्रदर्शन शामिल था। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह के हिस्से के रूप में एआईआईए ने चिकित्सीय योग पर एक पुस्तिका लॉन्च की। यह 5-दिवसीय सामान्य योग प्रोटोकॉल है, जिसे एआईआईए विद्वानों द्वारा दिल्ली के विभिन्न प्रतिष्ठित स्थानों में प्रदर्शित किया जाएगा। इसके साथ आईटीबीपी के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर योग प्रमोशन किया जाएगा।

## आंबेडकर का लिखा संविधान पत्थर की लकीर : मेनका गांधी

सुलतानपुर। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा लिखा गया देश संविधान को कोई बदल नहीं सकता क्योंकि वह पत्थर की लकीर है। संविधान और आरक्षण बदलने की बात कहकर विपक्षीय लोग जनता को गुमराह कर रहे हैं। जबकि सच्चाई यह है कि ना तो संविधान बदलेगा और ना ही भाजपा इसको बदलने पर कोई विचार ही करेगी। यह बातें लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार मेनका गांधी मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र की नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कही। गांधी ने कहा कि जब नई सरकार भाजपा की इस बार बनेगी तो उसमें आधे से ज्यादा सांसद पिछड़ी जाति के होंगे तो ऐसे में कौन पिछड़ी जाति के आरक्षण को समाप्त करेगा। जबकि मोदी सहित आने वाले ज्यादातर सांसद पिछड़ी जाति के होंगे।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !